बैशाख शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 13 मई 2024
वर्ष 2, अंक 262, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

प्लेऑफ के और करीब पहुंची सीएसके 2

संजय दत्त पर फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग पूरी 18

बदरीनाथ धाम के खुले कपाट

देहरादून। बदरीनाथ मंदिर के कपाट रविवार को शुभ मुहूर्त पर सुबह छह बजे पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खोल दिए गए। हजारों भक्त इस पावन पल के साक्षी बने। मुख्य पुजारी वीसी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने भगवान बद्रीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना कर सबके लिए मंगलकामना की।

लोकसभा चुनाव का चौथा चरण आज : इस चरण में प्रदेश की सभी सीटों पर वर्चस्व बनाए रखने को जूझेगी भाजपा

अखिलेश की प्रतिष्ठा और टेनी की छवि का इम्तहान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश की जिन 13 सीट पर सोमवार को मतदान है उनमें से सभी पर 2019 में भाजपा ने जीत हासिल की थी। इस चरण में कन्नौज सीट से उम्मीदवार मुख्य विपक्षी दल के नेता अखिलेश यादव की प्रतिष्ठा तो वहीं खीरी सीट पर केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी की छवि का इम्तहान होना है। पिछले चुनाव में कन्नौज सीट सपा से भाजपा ने छीन ली थी। खीरी में लखीमपुर कांड से विवादित हुए अजय टेनी को आगे कर भाजपा को भी अग्निपरीक्षा देनी होगी।

कई सीटों पर कांग्रेस-सपा गठबंधन के प्रत्याशी सत्तापक्ष के उम्मीदवारों को टक्कर दे रहे हैं। ऐसे में सभी सीटों को जीतना भाजपा के लिए चुनौती है।

कन्नौज, खीरी और उन्नाव में भाजपा के लिए चुनौती ज्यादा दिखती है। सपा 1998 से लगातार कन्नौज से जीत रही थी लेकिन, 2019 में भाजपा ने उसका विजय रथ रोक दिया था। भाजपा ने यहां फिर सुब्रत पाठक को ही सामने किया है, जिन्होंने पिछले चुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को पराजित किया था। इस बार पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव खुद चुनाव मैदान में हैं। लखीमपुर खीरी सीट पर भाजपा ने एक बार फिर अजय मिश्रा टेनी पर भरोसा जताया है। टेनी पिछले लोस चुनाव 2019 में जीतने के बाद केन्द्र सरकार में गृह राज्य मंत्री बने। 2020-21 हुए किसान आंदोलन के समय से सबसे विवादित चेहरों में शामिल रहे हैं। इस नजरिए से उनके लिए हैट्रिक लगाना एक बड़ी चुनौती है। सपा ने पूर्व विधायक उत्कर्ष वर्मा और बसपा ने अंशय कालरा को उतारकर अजय मिश्र की घेराबंदी की है।

उन्नाव से मौजूदा सांसद साक्षी महाराज को भाजपा ने फिर से प्रत्याशी बनाया है। उनके मुकाबले यहां कांग्रेस छोड़कर सपा में शामिल हुई अन्नू टंडन को सपा से प्रत्याशी बनाया गया है। अन्नू टंडन के साथ यहां इस बार कांग्रेस और सपा दोनों का जहां वोटबैंक है। वहीं, बसपा से अशोक पांडेय मैदान में हैं।

इन सीटों पर आज मतदान

चौथे चरण में सोमवार को जिन 13 सीटों पर मतदान है उनमें शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कानपुर, कन्नौज, अकबरपुर और बहराइच शामिल हैं। इन लोस सीट पर कुल 130 उम्मीदवार मैदान में है।

- भाजपा ने 2019 में उन सभी 13 सीटों पर जीत हासिल की थी जहां आज मतदान
- कन्नौज से सपा प्रमुख अखिलेश यादव और खीरी में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र मैदान में

एक नजर

झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को ईडी का समन

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री एवं कांग्रेस नेता आलमगीर आलम को धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए 14 मई को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने पिछले सप्ताह आलम के निजी सचिव संजीव लाल (52) और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम (42) को उनसे जुड़े एक फ्लैट से 32 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त करने के बाद गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने बताया कि 70 वर्षीय आलम को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए मंगलवार को रांची में ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। धन शोधन मामले की जांच राज्य ग्रामीण विकास विभाग में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार से संबंधित है। इस मामले में ईडी ने लगभग 36.75 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है।

मिर्जापुर से रमेश बिंद और रॉबर्ट्सगंज से छोटेलाल बने सपा उम्मीदवार

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश ने मिर्जापुर सीट पर भाजपा सांसद रमेश बिंद को सपा का उम्मीदवार बनाया है। रमेश बिंद भदोही से सांसद हैं। यहां रमेश बिंद के सामने एनडीए प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा रॉबर्ट्सगंज से छोटेलाल खरवार को सपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। छोटेलाल ने 15 दिन पहले ही सपा का दामन थामा है।

4 जून के बाद प्रदेश को माफिया मुक्त राज्य घोषित करेंगे : योगी

मुख्यमंत्री ने कहा-माफिया की संपत्ति जब्त कर गरीबों को करेंगे आवंटित

- माफिया की अवैध जमीनों पर बनाए जाएंगे स्कूल-अस्पताल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही चार जून के बाद हमारी सरकार प्रदेश को माफिया मुक्त राज्य घोषित करेगी। इसके लिए बकायदा एक कट-ऑफ तारीख दी जाएगी। मुख्यमंत्री के मुताबिक माफिया द्वारा अर्जित संपत्तियों को जब्त करके उसे गरीबों, अनाथों, महिला संरक्षण गृहों और दिव्यांगों के घरों के लिए आवंटित कर दिया जाएगा। यह बातें मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार रात एक निजी टीवी चैनल से साक्षात्कार के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माफिया की अवैध जमीनों पर अस्पताल और स्कूल बनाए जाएंगे। पहले चरण में माफिया को टारगेट किया जाएगा और दूसरे चरण में उनके गुर्गों की संपत्तियां भी जब्त की जाएंगी। इसके लिए हमारी कार्य योजना भी तैयार है। मुख्यमंत्री ने सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खां की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाने के आरोपों पर कहा कि ये उस महाभारत परिवार के एक और काका श्री हैं। जब द्रौपदी का चीरहरण हो रहा था, तो दुर्योधन और दुशासन के सामने हर कोई चुप था। जैसी करनी वैसी भरनी चाहे वह आजम खां हों या कोई माफिया सरगना।

अमेठी में लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी साथ में पार्टी प्रत्याशी स्मृति ईरानी। ● अमृत विचार

अमेठी में बोले योगी - कांग्रेस को वोट गया तो लगेगा गो हत्या का पाप

गौरीगंज (अमेठी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमेठी के गौरीगंज में भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए रविवार को कहा कि जनता साफ-साफ कह रही है जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे, देश में तीसरी बार फिर भाजपा की सरकार बनाएंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचते ही जनसमूह से जय श्रीराम और बुलडोजर बाबा जिंदाबाद का उद्घोष हुआ। अपने उद्बोधन में योगी ने कांग्रेस पर गो हत्यारों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। कहा कि ऐसे में अगर भूल से भी हमारा वोट कांग्रेस को गया तो हमें गो हत्या का पाप लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, जब हम 400 पार की बात करते हैं तो कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को चक्कर आने लगता है।

फिर वे गाएंगे, चल उड़ जा रे पंछी, ये देश हुआ बेगाना

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि 4 जून के बाद इनको पूछने वाला कोई नहीं होगा। ये गाएंगे, ''चल उड़ जा रे पंछी, ये देश हुआ बेगाना''। योगी ने कहा कि राहुल मुझसे लिखित में ले सकते हैं कि उनका गठबंधन उप्र. में सभी सीटें हार जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा राहुल गांधी का पुराना रिकार्ड रहा है कि जब भी उन पर कोई संकट आता है तो वह देश छोड़कर चले जाते हैं।

वे चाहेंगे कि मुसलमान लुंगी पहनें और दौड़ें

एक सवाल के जवाब में योगी ने कहा कि जो भी दंगा करेगा उस पर डंडा तो चलेगा ही। प्रदेश में दंगा करने वालों को सात पीढ़ी तक जुर्माना भरना होगा। वहीं, कुछ इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा गजवा-ए-हिंद के बारे में बोलने पर योगी ने कहा, कयामत के दिन तक गजवा-ए-हिंद नहीं होने वाला है। भारत, भारत ही रहेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग हमारे समाज का ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रहे हैं, वे कभी मुसलमानों के हितैषी नहीं हो सकते। वे हमेशा चाहेंगे कि मुसलमान लुंगी पहनें और दौड़ें।

चीन से वापस लेंगे जमीन और मुफ्त देंगे इलाज

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को 'केजरीवाल की गारंटी' की घोषणा करते हुए केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर भारतीय जमीन को चीनी कब्जे से 'मुक्त' कराने समेत 10 कार्य गिनाए और कहा कि इन्हें युद्ध स्तर पर किया जाएगा।

● 'आप' प्रमुख केजरीवाल ने की अपनी 10 गारंटी की घोषणा

रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल ने कहा कि लोगों को 'मोदी की गारंटी' और 'केजरीवाल की गारंटी' के बीच चुनाव करना पड़ेगा। 'आप' नेता ने कहा कि मैंने इसके बारे में अपने 'इंडिया' गठबंधन के साझेदारों से चर्चा नहीं की है। मैं इन गारंटी को पूरा करने के लिए अपने इंडिया गठबंधन के साझेदारों पर दबाव डालूंगा। 'केजरीवाल की गारंटी' पर उन्होंने कहा कि चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं तथा हर साल युवाओं के लिए दो करोड़ नौकरियां सृजित करना इसका हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराएंगे।

महिलाओं को धमका रहे टीमएसी के गुंडे

बैरकपुर/हुगली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस पर 'वोट बैंक' की राजनीति का आरोप लगाया और दावा किया कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के 'गुंडे' दोषियों को बचाने के लिए संदेशखालि की प्रताड़ित महिलाओं को धमकी दे रहे हैं। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आने के बाद पिछले कुछ समय से भाजपा और प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जोरों पर है। मोदी ने उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के शासन में राज्य में हिंदू दोयम दर्जे के नागरिक बन गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक मोदी है, कोई भी सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) को कोई रद नहीं कर सकता।

- प्रधानमंत्री बोले-संदेशखालि के दोषियों को बचा रही तृणमूल कांग्रेस
- चुनावी सभा में बोले-जब तक मोदी है सीएए को कोई रद नहीं कर सकता

संदेशखालि के बारे में झूठ बोल रहे प्रधानमंत्री

बारासात। प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर संदेशखालि के बारे में लगातार झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए रविवार को सवाल किया कि वह राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ छेड़छाड़ के आरोपों पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं।

एक और वीडियो : 70 महिलाओं को रुपये देने का दावा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की बहुचर्चित संदेशखालि घटना के संबंध में एक और कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें एक स्थानीय भाजपा नेता यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि महिलाओं को तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने के लिए दो-दो हजार रुपये दिए गए हैं। शाहजहां शेख पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने और ग्रामीणों की भूमि हड़पने का आरोप है। कथित वीडियो 45 मिनट से ज्यादा का है, जिसमें संदेशखालि मंडल अध्यक्ष गंगाधर कयाल जैसे दिखने वाले एक व्यक्ति ने प्रश्नकर्ता को यह बात कही।

जाति जनगणना के जरिये देश का एक्स-रे करेगी कांग्रेस : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी पार्टी जाति आधारित जनगणना के जरिये देश का 'एक्स-रे' करेगी। उन्होंने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उसे टेम्पो वाले अरबपतियों से मिले 'नोटों को गिन' रही है तब उनकी पार्टी समानता सुनिश्चित करने के लिए जाति आधारित जनगणना कराएगी।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रधानमंत्री मोदी की उन टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे जिनमें कहा गया है कि कांग्रेस को अडाणी और अंबानी से टेम्पो में भरकर नकदी प्राप्त हो रही है। गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वे पिछले 10 सालों से 'टेम्पो वाले अरबपतियों' से मिले 'नोट गिन' रहे हैं। हम 'जाति आधारित जनगणना' के माध्यम से देश का 'एक्स-रे' करेंगे और हर वर्ग के लिए समान हिस्सेदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने पार्टी का एक विज्ञापन भी साझा किया जो जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर सरकार पर हमला करता है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री से सामाजिक-आर्थिक जनगणना पर अपने विचार साझा करने के लिए भी कहा है। पार्टी ने घोषणापत्र में जाति आधारित जनगणना का वादा किया है।

● कांग्रेस नेता ने अरबपतियों वाले बयान पर मोदी को घेरा

मोदी सीबीआई और ईडी से करा लें जांच

राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस बात की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने का आदेश देना चाहिए कि क्या अडाणी और अंबानी ने उन्हें काला धन भेजा था?

आज का मुकाबला

गुजरात टाइटंस

बनाम

कोलकाता नाइटराइडर्स

शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	13	20
हर्षल पटेल (पंजाब)	12	20
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	12	18

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	12	634
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	13	583
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	11	533

अदिति ने 71 का कार्ड खेला, 39वें स्थान पर

क्लिफ्टन (अमेरिका)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर पर कोग्निजांट फाउंडर्स कप के तीसरे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 39वें स्थान पर बनी हुई हैं। अदिति ने तीसरे दौर में पांच बर्डी लगायी जबकि चार बोगी कर बैठीं। इससे पहले उन्होंने दो दौर में 75 और 76 के कार्ड खेले थे। इससे 54 होल में उनका कुल एक अंडर 215 का है।

प्लेऑफ के और करीब पहुंची सीएसके

राजस्थान को पांच विकेट से हराया, ऋतुराज ने खेली 42 रन की नाबाद पारी

चेन्नई, एजेंसी

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद (42) रनों की धैर्यपूर्ण पारी और सिमरजीत सिंह और तुषार देशपांड की शानदार गेंदबाजी की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 61वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ ही चेन्नई की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में आर अश्विन ने अपनी ही गेंद पर कैच पकड़कर रचिन रविंद्र 18 गेंदों में (27) को आउटकर राजस्थान को पहली सफलता दिलाई। आठवें ओवर में यजुवेंद्र चहल ने डैरिल मिचेल 13 गेंदों में (22) रन को पगबाधा कर आउट किया। मोईन अली (10), शिवम दुबे (18) बनाकर आउट हुये। 16वें ओवर में रवींद्र जडेजा (5) को क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने पर आउट करार दिया गया। ऋतुराज गायकवाड़ कप्तानी पारी खेलते हुए 41 गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाते हुए नाबाद (42) रन बनाये। समीर रिजवी आठ गेंदों में 15 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। राजस्थान की ओर से रवि अश्विन ने दो विकेट लिये। नांद्रे बर्गर और युजवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले रियान पराग नाबाद (47) और ध्रुव जुरेल (28) रनों के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 142 रनों का लक्ष्य दिया था। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यशस्वी जयसवाल और जॉस बटलर की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। सातवें ओवर में सिमरजीत सिंह ने ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों यशस्वी जयसवाल को कैच आउट कराकर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। जयसवाल ने 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 24 रन बनाये। इसके बाद नौवें ओवर में सिमरजीत सिंह ने जॉस बटलर को भी पवेलियन भेज दिया। बटलर ने 25 गेंदों में 21 रन बनाये। कप्तान संजू सैमसन (15) और ध्रुव जुरेल (28) रन बनाकर आउट हुये। जुरेल ने अपनी पारी में एक चौका और दो छक्के लगाये। रियान पराग ने 35 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद सर्वाधिक (47) रनों की पारी खेली। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 141 रनों का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई की ओर से सिमरजीत सिंह ने तीन विकेट लिये। तुषार देशपांडे को दो विकेट मिले।

पारी के दौरान कप्तान ऋतुराज और डिरेल मिचेल। ● एजेंसी

ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड से आउट हुए जडेजा

आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई के मैच में चेन्नई के बल्लेबाज रवींद्र जडेदा को ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड का नियम के तहत आउट दे दिया गया। इसके बाद जडेजा काफी गुस्से में मैदान से बाहर गए। 16वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जडेजा ने आवेश खान की ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद को थर्ड मैन की तरफ खेला। जडेजा ने एक रन ले लिया था और वह दूसरा रन लेना चाहते थे, लेकिन गायकवाड़ ने उन्हें वापस भेज दिया। इसी बीच राजस्थान के फील्डर ने विकेटकीपर संजू सैमसन को गेंद दी और संजू ने नॉन स्ट्राइकर छोर पर थ्रो किया। लेकिन तभी जडेजा वापस क्रीज पर जाने को पलटे और थ्रो के बीच में आ गए। राजस्थान ने ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड का नियम की अपील की और थर्ड अंपायर ने उन्हें आउट दे दिया।

राजस्थान 141/5 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 05

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी का गायकवाड़ बो सिमरजीत	24	21	3/1
जोस बटलर का देशपांडे बो सिमरजीत	21	25	2/0
संजू सैमसन का गायकवाड बो सिमरजीत	15	19	0/0
रियान पराग नाबाद	47	35	1/3
ध्रुव जुरेल का ठाकुर बो देशपांडे	28	18	1/2
शुभम दुबे का शिवम दुबे बो देशपांडे	0	1	0/0
रविचंद्रन अश्विन नाबाद	1	1	0/0

गेंदबाजी : तुषार देशपांडे 4-0-30-2, महीश तीक्ष्णा 4-0-28-0, शार्दुल ठाकुर 4-0-32-0, सिमरजीत सिंह 4-0-26-3, रविंद्र जडेजा 4-0-24-0

चेन्नई 145/5 — 18.2 ओवर, अतिरिक्त : 06

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रचिन रविंद्र का एवं अश्विन	27	18	1/2
रूतुराज गायकवाड नाबाद	42	41	1/2
डेरिल मिचेल पगबाधा बो चहल	22	13	4/0
मोईन अली का आवेश खान बो बर्गर	10	13	0/0
शिवम दुबे का पराग बो अश्विन	18	11	2/1
जडेजा (क्षेत्ररक्षण में बाधा के लिए आउट)	5	7	0/0
समीर रिज्वी नाबाद	15	8	3/0

गेंदबाजी : ट्रेंट बोल्ट 2.2-0-24-0, संदीप शर्मा 3-0-30-0, आर अश्विन 4-0-35-2, नांद्रे बर्गर 3-0-21-1, युजवेंद्र चहल 4-0-22-1, आवेश खान 2-0-12-0

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
कोलकाता (क्वा)	12	9	3	18	+1.428
राजस्थान	12	8	4	16	+0.349
चेन्नई	13	7	6	14	+0.528
हैदराबाद	12	7	5	14	+0.406
दिल्ली	12	6	6	12	-0.316
लखनऊ	12	6	6	12	-0.769
बेंगलुरु	12	5	7	10	+0.217
गुजरात	12	5	7	10	-1.063
मुंबई (बा)	13	4	9	8	-0.271
पंजाब (बा)	12	4	8	8	-0.423

खेल डायरी

1500 मीटर दौड़ में दीक्षा ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

नई दिल्ली। भारतीय ट्रैक एथलीट के एम दीक्षा ने लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ट्रैक महोत्सव में महिलाओं की 1500 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जबकि अविनाश साबले पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे। दीक्षा ने शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में 4 मिनट 4.78 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। दीक्षा ने हरमिलन बैंस का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2021 में वारंगल में राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4 मिनट 5.39 सेकंड के समय के साथ रिकॉर्ड बनाया था। उत्तर प्रदेश के अमरोहा की रहने वाली दीक्षा का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4 मिनट 6.07 सेकंड था जो उन्होंने 2023 में भुवनेश्वर में एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हासिल किया था।

प्रणवी संयुक्त सातवें स्थान पर रही

सियोल। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स बैक नाइन में तीन बर्डी लगाकर 69 के कार्ड से अरामको टीम सीरीज कोरिया में शीर्ष 10 में शामिल रही। प्रणवी ने 69, 77 और 69 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर एक अंडर 215 का रहा। वह संयुक्त सातवें स्थान पर रहीं। मैसुरु की इस गोल्कर का यह इस सत्र में छह शुरूआत में दूसरा शीर्ष 10 का प्रदर्शन रहा। अन्य दो भारतीयों में ओलंपिक जाने वाली टीम में शामिल दीक्षा डागर (79-72-71) छह ओवर के कुल स्कोर से संयुक्त 37वें स्थान और वाणी कपूर (77-74-77) संयुक्त 60वें स्थान पर रहीं।

आचार संहिता उल्लंघन में रमनदीप पर जुर्माना

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर रमनदीप सिंह पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल एक का अपराध किया। उन्होंने अपना अपराध और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन पर मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है।

कॉलेजिएट दौड़ में परवेज खान ने जीता खिताब

लुइसियाना। भारत के परवेज खान ने कॉलेजिएट एथलेटिक्स प्रतियोगिता एसईसी आउटडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 1500 मीटर का खिताब अपने नाम किया। अमेरिका के लुइसियाना प्रांत में साउथईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में परवेज खान ने अंतिम चरण में बढ़त बनाई और बैटन रूज के एलएसयू बर्नी मूर स्टेडियम में दौड़ जीतने के लिए तीन मिनट और 42.73 सेकेंड का समय लिया। इस दौरान अमेरिका के मैक्स हार्डिन (3:43.39) दूसरे स्थान तथा डाल्टन हेंगस्ट ने (3:43.51) समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। परवेज फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप पर अमेरिका में हैं। इसके बाद दिन में, 19 वर्षीय परवेज खान ने 800 मीटर में प्रतिस्पर्धा की और 1:46.80 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सैम व्हिटमर्श ने 800 मीटर की दौड़ 1:45.27 के समय के साथ जीती, वह अनास एस्साई से आगे रहे, जिन्होंने 1:46.06 का समय निकाला।

हार के बाद भी तीसरे स्थान पर बरकरार प्रज्ञाननंदा

वारसॉ। भारत के आर प्रज्ञाननंदा ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर एक और जीत दर्ज की लेकिन वह सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में अब भी तीसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि चीन के वेई यी ने 2.5 अंकों की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। ब्लिट्ज प्रतियोगिता में अभी नौ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। वेई यी सात जीत के साथ 20.5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। कार्लसन के 18 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा का नंबर आता है। इस भारतीय खिलाड़ी के हालांकि 14.5 अंक है और ऐसे में खिताब के लिए मुख्य मुकाबला वेई यी और कार्लसन के बीच रह गया है। भारत के अर्जुन एरीगैसी 14 अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं, जबकि पोलैंड के डुडा जान क्रिज्सटोफ 13 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव 12.5 के साथ छठे स्थान पर हैं। वहीं, विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि वह 1,75,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में 9.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं।

चोट के बावजूद पूरे मैच में खेले लियोनेल मेसी

मॉन्ट्रियल। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी पहले हाफ में चोटिल होने के बावजूद इंटर मियामी की तरफ से मेजर सॉकर लीग के पूरे मैच में खेले जिसमें उनकी टीम ने मॉन्ट्रियल को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। इंटर मियामी की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मेजर सॉकर लीग के इस सत्र में नौ मैच में यह पहला अवसर है जबकि मेसी ने कोई गोल नहीं किया या गोल करने में मदद नहीं की। कनाडा में पहली बार खेल रहे मेसी का बायें घुटने में पहले हाफ में खेल के दौरान चोट लग गई थी। उन्होंने जमीन पर लेटकर अपना घुटना पकड़ रखा था। इसके बाद मेडिकल स्टाफ ने 2 मिनट तक उनका उपचार किया। वह कुछ समय के लिए मैदान से बाहर निकले लेकिन दर्द के बावजूद जल्द ही वापस मैदान पर लौट आए। मॉन्ट्रियल ने जूल्स एंथनी विल्सेंट और ब्राइस ड्यूक के गोल की मदद से एक समय 2-0 की बढ़त बना रखी थी। इंटर मियामी ने इसके बाद शानदार वापसी की। उसकी तरफ से बेंजामिन क्रेमास्ची, लुई सुआरेज और मैटियास रोजास ने गोल किए।

गुजरात के सामने केकेआर की चुनौती

अहमदाबाद, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म में वापसी से उत्साहित गुजरात टाइटंस को अगर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आज आईपीएल मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

गिल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में शतक जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। यह आईपीएल में उनका चौथा शतक था। उनके अलावा साईं सुदर्शन ने भी शतक लगाया। प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम केकेआर के खिलाफ इन दोनों का प्रदर्शन टाइटंस के लिए काफी मायने रखेगा। अभी सात टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई हैं। राजस्थान रॉयल्स (16) और सनराइजर्स हैदराबाद (14) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल और लखनऊ सुपरजाइंट्स के समान 12 अंक हैं। टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 10 अंक हैं और वह अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकते हैं। टाइटंस का नेट रन रेट अच्छा नहीं है और ऐसे में अगर टीम अंतिम चार में जगह बनाती है तो यह किसी चमत्कार से कम नहीं होगा।

जहां तक केकेआर का सवाल है तो वह शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगी। उसे चोटी की दो टीम में बने रहने के लिए बाकी बचे दो मैच में केवल एक जीत की जरूरत है। टाइटंस ने केकेआर के खिलाफ पिछले तीन मुकाबलों में से दो में जीती है लेकिन वह किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत सकता है क्योंकि पिछले साल रिंकू ने अंतिम ओवर में यश पर लगातार पांच छक्के जड़कर केकेआर को जीत दिलाई थी।

ओलंपिक चयन ट्रायल में ईशा और अनीष को मिली दूसरी जीत

नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी

ईशा सिंह और अनीष भानवाला ने रविवार को यहां क्रमशः महिला 25 मीटर पिस्टल और पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल के ट्रायल जीतकर ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरी जीत दर्ज की। अनीष ने दिल्ली में इसी स्पर्धा का पहला ट्रायल जीता था जबकि ईशा ने भी दिल्ली में कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के दूसरे ट्रायल में जीत दर्ज की थी।

मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी (एमपीएसएसए) रेंज में ईशा ने महिला 25 मीटर पिस्टल ट्रायल में पहली जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में 43 अंक जुटाए। उनका स्कोर इसी महीने बाकू विश्व कप में कोरिया की किम येजी के विश्व रिकॉर्ड स्कोर से एक अंक अधिक है। मनु भाकर 40 निशाने लगाकर दूसरे स्थान पर रहीं जबकि रिद्धम सांगवान ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सिमरनप्रीत कौर बरार और अभिदन्या पाटिल ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। पुरुष रेपिड फायर पिस्टल फाइनल में अनीष ने दबदबा बनाया। उन्होंने पांच निशानों की शुरुआती तीन सीरीज में सभी सटीक निशाने लगाए। उन्होंने 36 अंक के साथ खिताब जीता। विजयवीर सिद्धू 31 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि अंकुर गोयल ने 19 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। आदर्श सिंह और भावेश शेखावत क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

मीरपुर। ब्रायन बेनेट (70) के हरफनमौला प्रदर्शन और सिकंदर रजा के नाबाद 72 रन की अर्धशतकीय पारियों के दम पर जिम्बाब्वे ने एकतरफा अंदाज में बांग्लादेश को पांचवें टी-20 मुकाबले में आठ विकेट से हरा दिया है। टी-20 विश्वकप 2024 के शुरु होने से पहले सभी टीमों द्वारा की जा रही अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के मद्देजनर बांग्लादेश पहुंची जिम्बाब्वे की टीम पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला के शुरुआती चार मुकाबलों में मिली हार के साथ श्रृंखला भी गवां चुकी थी।

ऐसे में आज खेले गए सीरीज के पांचवें और आखिरी मुकाबले में बांग्लादेश को उलटफेर का सामना करना पड़ा है। बांग्लादेश की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में छह विकेट पर 157 रनों का स्कोर बनाया था। 158 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट और कप्तान सिकंदर रजा ने दूसरे विकेट के लिए 75 रनों की। ब्रायन बेनेट ने 70 सिकंदर रजा ने नाबाद 72 रनों की पारी खेलकर मुकाबला जीत लिया।

रजत के अर्धशतक से 187 तक पहुंचा बेंगलुरु

विराट कोहली का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते ईशांत शर्मा। ● एजेंसी

बेंगलुरू, एजेंसी

रजत पाटीदार के अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नौ विकेट पर 187 रन बनाए। पाटीदार ने 32 गेंद में 52 रन की पारी खेली और विल जैक्स के साथ (29 गेंद में 41 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी भी की। कैमरन ग्रीन ने अंत में 24 गेंद में नाबाद 32 रन बनाए। दिल्ली की ओर से रसिख सलाम (23 रन पर दो विकेट) और खलील अहमद (31 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। इशांत शर्मा, मुकेश शर्मा और कुलदीप यादव ने एक-एक विकेट चटकाया।

दिल्ली के कार्यवाहक कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आरसीबी ने चौथे ओवर में 36 रन के स्कोर तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों कप्तान फाफ डु प्लेसी (06) और विराट कोहली (27) के विकेट गंवा दिए। डु प्लेसी ने तीसरे ओवर में मुकेश कुमार की गेंद पर जेक फ्रेजर-मैकगर्क को कैच थमाया। कोहली ने इशांत शर्मा पर दो छक्के जड़े लेकिन इस तेज गेंदबाज की गेंद पर विकेटकीपर अभिषेक पोरेल को कैच दे बैठे।

पाटीदार ने आते ही मुकेश पर तीन चौके मारे जबकि अक्षर का स्वागत छक्के के साथ किया। आरसीबी ने पावर प्ले में दो विकेट पर 61 रन बनाए। पाटीदार ने कुलदीप यादव पर भी छक्का जड़ा जबकि विल जैक्स ने भी बाएं हाथ के इस स्पिनर की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। आरसीबी के रनों का शतक 10वें ओवर में पूरा हुआ। पाटीदार ने खलील की गेंद पर एक रन के साथ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगले ओवर में रसिख सलाम की गेंद पर अक्षर को कैच दे बैठे। जैक्स भी इसके बाद कुलदीप की गेंद पर अक्षर को कैच थमा गए। कैमरन ग्रीन ने कुलदीप पर लगातार दो छक्के मारे जबकि महिपाल लोमरोर (13) ने भी इस स्पिनर पर छक्का जड़ा लेकिन इसके बावजूद आरसीबी की टीम अंतिम 10 ओवर में सात विकेट पर 77 रन ही बना सकी।

बेंगलुरू 187/9 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली का पोरेल बो इशांत	27	13	1/3
डु प्लेसी का फ्रेजर मैकगर्क बो मुकेश	6	7	1/0
विल जैक्स का अक्षर बो कुलदीप	4	29	3/2
रजत पाटीदार का अक्षर बो रसिख	52	32	3/3
कैमरन ग्रीन नाबाद	32	24	1/2
महिपाल लोमरोर का पोरेल बो खलील	13	8	0/1
दिनेश कार्तिक का कुलदीप बो खलील	0	2	0/0
स्वप्निल सिंह का कुशाग्र बो रसिख	0	1	0/0
कर्ण शर्मा रन आउट	6	4	1/0
मोहम्मद सिराज रन आउट	0	0	0/0

गेंदबाजी : इशांत 3-0-31-1, खलील 4-0-31-2, मुकेश 3-023-1, अक्षर 3-0-24-0, कुलदीप 4-0-52-1, रसिख 3-0-23-2

ओलंपिक के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहना होगा: सिंह

बेंगलुरु। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने रविवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में सभी मैच गंवाने के बावजूद उनकी टीम उन क्षेत्रों की पहचान करने में सफल रही जिनमें सुधार की जरूरत है तथा वह प्रो लीग के यूरोपीय चरण में भाग लेने के लिए तैयार है। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम को पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के दौरे में सभी पांच मैच में हार का सामना करना पड़ा था जिससे इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए उसकी तैयारी पर सवाल उठने लगे थे, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि टीम ने काफी कड़ी मेहनत की है और टीम का मनोबल काफी ऊंचा है। हॉकी इंडिया के अनुसार हरमनप्रीत ने कहा हम कड़ा अभ्यास कर रहे हैं और अभी इसके अंतिम चरण में है। ऑस्ट्रेलिया के दौरे के बाद टीम ने उन क्षेत्रों पर काम किया जिनमें उसे लगा कि सुधार करने की जरूरत है। हम जल्द ही प्रो लीग के कुछ महत्वपूर्ण मैच खेलने के लिए यूरोप जाएंगे जहां हमारा सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन जैसी मजबूत टीमों से होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए 75 दिन ही बचे हुए हैं तब हम अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहने पर काम कर रहे हैं।

75

दिन ही बचे हुए हैं पेरिस ओलंपिक के लिए तैयारियों में जुटी हॉकी इंडिया की टीम

द. अफ्रीका के खिलाफ कई संयोजन आजमाने का मिला मौका : सलीमा

बेंगलुरू। भारतीय महिला हॉकी टीम की नवनियुक्त कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह मैचों की श्रृंखला में टीम को कई संयोजन आजमाने और उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिली जिनमें सुधार की जरूरत है। पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी विजेता टीम की सदस्य रही 22 वर्षीय सलीमा को इस महीने के शुरू में सविता पूनिया की जगह टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। टीम ने उनकी अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला 4-2 से जीती। हॉकी इंडिया के अनुसार सलीमा ने कहा इस श्रृंखला से हमें कई संयोजन आजमाने का मौका मिला। इसमें हमने प्रो लीग के लिए चुने गए सभी खिलाड़ियों को आजमाया। इस सामूहिक प्रयास से हमें न सिर्फ अपने समन्वय को मजबूत करने में मदद मिली इससे हमें टीम के सभी पहलुओं को समझने का मौका भी मिला। सलीमा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खिलाड़ियों को भी सीखने का मौका मिला।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

कलेक्ट्रेट परिसर में पोलिंग पार्टी रवानगी से पहले ड्यूटी रिसीव करते कार्मिक। अमृत विचार

पोलिंग पार्टी रवानगीकी व्यवस्था जांचते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

तीनों विधानसभाओं में बने दिव्यांग, पिंक युवा व मॉडल बूथ

लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिला प्रशासन की ओर से तीनों विधानसभाओं में एक-एक दिव्यांग, पिंक व युवा बूथ बनाया गया है। वहीं रसूलाबाद विधानसभा में चार मॉडल बूथ व अकबरपुर-रनियां विधानसभा और सिकंदरा विधानसभा में छह-छह मॉडल बूथ बनाए गए हैं।

131 क्रिटिकल व वल्नरेबुल बूथों पर पैनी नजर

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए क्रिटिकल व वल्नरेबुल बूथों को चिन्हित कर पैनी नजर रखी जाएगी। रसूलाबाद विधानसभा में कुल 21 क्रिटिकल व 4 वल्नरेबुल मतदान बूथ चिन्हित किए गए हैं। इसी तरह अकबरपुर-रनियां विधानसभा में 28 क्रिटिकल व 8 वल्नरेबुल बूथ व सिकंदरा विधानसभा में 23 क्रिटिकल और 4 वल्नरेबुल बूथ चिन्हित किए गए हैं।

पेड़ों की छांव के नीचे बैठकर मतदान सामग्री का मिलान करते कर्मचारी।

आज 10 लाख मतदाता बनेंगे उम्मीदवारों के भाग्यविधाता

बूथों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां, सुबह 7 से शाम 6 बजे तक पड़ेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। जनपद में आज लोकतंत्र का महापर्व है। ऐसे में 845 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा। मतदाताओं से अपील है कि वह देश को विकास के पथ पर ले जाने वाले इस अवसर को कतई न गवाएं और उन्नति में भागीदार बनें। जिले के सभी अधिकारियों, सामाजिक संगठनों से लेकर तमाम लोगों ने अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया है।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को वोट डालने के इंतजार की घड़ी पूरी हो गई है। जिले से जुड़ी अकबरपुर, कन्नौज व इटावा लोकसभा के प्रत्याशियों का भाग्य आज ईवीएम में कैद हो जाएगा। जिले में कुल तीन लोकसभा के क्षेत्रों को मिलाकर कुल 845 मतदान केंद्रों पर 1173 मतदेय स्थलों में वोट डाले जाएंगे। जिसमे कुल 1001803 मतदाता तीनों लोकसभा प्रत्याशियों के लिए मतदान करेंगे। डीएम आलोक सिंह ने बताया कि सोमवार को मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होगा और शाम 6 बजे चलेगा। अगर ठह बजे तक मतदान केंद्र के परिसर में कोई मतदाता पहुंचकर लाइन में लग जाता है तो उसे वोट डालने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा मतदान को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए तीनों लोकसभा क्षेत्रों को कुल 14 जोन व 102 सेक्टर में बांटा गया है। जहां पर जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे।

---------- आंकड़ों के आईने में ----------

- जिले की कुल जनसंख्या- 2045155
- रसूलाबाद विधानसभा में कुल मतदाता-330990
- अकबरपुर-रनियां विधानसभा में कुल मतदाता-333656
- सिकंदरा विधानसभा में कुल मतदाता-337247
- तीनों विधानसभाओं में कुल पुरुष मतदाता-534806
- तीनों विधानसभाओं में कुल महिला मतदाता-466963
- तीनों विधानसभाओं में कुल थर्ड जेंडर मतदाता-34
- जिले में कुल महिला मतदाता-629586
- तीनों विधानसभाओं में कुल मतदाता-1001803
- तीनों विधानसभाओं में कुल मतदान केंद्र-845
- तीनों विधानसभाओं में कुल मतदेय स्थल-1173
- तीनों विधानसभाओं में कुल जोनल मजिस्ट्रेट-14
- तीनों विधानसभाओं में कुल सेक्टर मजिस्ट्रेट-102
- तीनों विधानसभाओं में कुल माइक्रो आब्जवर्स-65

अलर्ट पर स्वास्थ्य महकमा, डॉक्टर रहेंगे मुस्तैद

कानपुर देहात। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान पड़ने वाली गर्मी व अन्य अनहोनी को देखते हुए जनपद के सभी डॉक्टरों को एलर्ट कर दिया गया है। साथ ही उन्हें ड्यूटी पर सजग रहने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ डॉ. एके सिंह ने सभी सीएचसी पर तैनात डॉक्टरों को एलर्ट करते हुए उन्हें अस्पताल में ही मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी सीएचसी व पीएचसी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि सभी 24 घंटे मरीजों की सेवा के लिए तत्पर रहें। अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सीएमओ ने बताया कि जनपद के किसी भी सीएचसी में इमरजेंसी सेवा बाधित न होने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में कोई भी लापरवाही करता है तो कार्रवाई की जाएगी।

वाहनों ने उतारा, पैदल गए मतदान कर्मी

मतदान व्यवस्था

संवाददाता राजपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को सफल बनाने में मतदान कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। रविवार को माती से रवाना हुई पोलिंग पार्टियां शाम सात बजे तक मतदान केंद्र पहुंच गई। इस दौरान कई जगह मतदान कर्मियों को लेकर गई बसों को गांव के कच्चे रास्ते में पहुंचने में समस्या रही। ऐसे में वाहन चालकों ने पोलिंग पार्टियों को बूथ से पहले ही सड़क किनारे उतार दिया। जिससे मतदान कर्मियों को बूथ तक पैदल रास्ता तय करना पड़ा।

सिकंदरा विधानसभा के बीहड़ पटटी के कई मतदान केंद्रों में पोलिंग पार्टियों को बूथ तक पहुंचने में मशक्कत करनी पडी। सलेमपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में पोलिंग पार्टी को लेकर गई वॉल्बो बस गांव के अंदर तक नहीं पहुंच सकी। बस चालक ने मतदान कर्मियों को गांव के बाहर ही छोड़ दिया। उसके बाद बस लेकर राजपुर खड़ी करने चला गया। मतदान कर्मियों को ईवीएम, वीवीपैट मशीन और मतदान सामग्री सिर पर रखकर करीब पांच सौ मीटर तक पैदल जाना पड़ा। इधर गौहानी, भुपैय्यापुर, गुबार गांव के पोलिंग बूथों से पहले ही बसें पहुंच सकी। जिससे यहां भी मतदान कर्मियों को गांव के रास्ते से बूथ तक पैदल ही जाना पड़ा।

बैना गांव में मतदान केंद्र तक पैदल जाते कर्मी। अमृत विचार

मतदान केंद्र पहुंचने के बाद सामग्री का मिलान करते कर्मी। अमृत विचार

पारा 38 डिग्री, पोलिंग पार्टियों ने तलाशी छांव

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। कलेक्ट्रेट से पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल में गर्मी से कर्मचारी बेहाल हो गए। उनकी छाया के लिए टेंट लगाकर किए गए इंतजाम नाकाफी साबित हुए। वहां जरा देर रुकना भी मुश्किल हो रहा था। हर कोई छाया ढूंढते घूम रहा था। किसी ने कलेक्ट्रेट भवन के अंदर तो कुछ कर्मचारी पेड़ों की छांव के नीचे बैठकर मतदान सामग्री का मिलान करते रहे।

मई शुरूआत से गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे। रविवार को गर्म हवाओं व तेज धूप की वजह से सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा था। दोपहर में तापमान करीब 38 डिग्री पहुंच गया। जबकि शनिवार को अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस था। वहीं बढ़ रहे तापमान के चलते बेहाल हो गए। पोलिंग पार्टी के लिए रवानगी स्थल पर टेंट लगाकर छाया के इंतजाम किए गए थे, लेकिन उससे कोई बचाव नहीं हो सका। मतदान कार्मिक कलेक्ट्रेट परिसर में खड़े पेड़ों की छांव ढूंढते नजर आए। इसके साथ ही काफी कर्मचारी विकास भवन व कलेक्ट्रेट भवन में बैठकर मतदान सामग्री का मिलान करते रहे। गर्मी की वजह से दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। बाहर निकलते ही बदन झुलसाती धूप व गर्म हवाओं के थपेड़ों ने पेड़ के नीचे बैठने के लिए मजबूर कर दिया।

40 रुपये में बिकी पांच पूड़ी-सब्जी

कलेक्ट्रेट परिसर में भीड़ के चलते चाय-पान की दुकानों में मारामारी मची रही। वहीं दुकानदारों ने भी मनमाने दाम वसूले। पानी की बोतल 25 रुपये से लेकर 30 रुपये तक बिकी। जबकि बिस्कुट का पैकेट, समोसा, खस्ता व अन्य खाद्य सामग्री में मनमाने रुपये वसले गए। वहीं 40 रुपये में पांच पूड़ी व थोड़ी सब्जी की जमकर बिक्री हुई।

पुकार पर वाहन खोजते रहे कर्मी

मतदान कराने के लिए ड्यूटी पर लगाए गए कार्मिकों के नहीं मिलने पर उनके उपस्थित होने के लिए लगातार लाउड स्पीकर से एनाउंसमेंट किया जाता रहा। नाम लेकर कार्मिकों को पुकारा जाता और वाहनों की संख्या आदि के बारे में जानकारी देकर वहां पहुंचने के लिए कहा जाता। ऐसे में कर्मी भी वाहन खोजने को घंटों मशक्कत करते रहे।

अकबरपुर डिग्री कॉलेज में होगी चुनाव मतगणना

चौथे व पांचवें चरण में मतदान के बाद 4 जून को अकबरपुर डिग्री कालेज में मतगणना की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के लिए व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। गर्मी को देखते हुए मतगणना स्थल पर पर्याप्त छाया, पेयजल आदि की व्यवस्था की जाएगी।

पोलिंग पार्टी रवानगी का जायजा लेते डीएम, सीडीओ व अन्य अधिकारी।

पांडाल से मतदान सामग्री लेते कर्मी। अमृत विचार

ईवीएम व मतदान सामग्री लेकर रवाना होती पोलिंग पार्टी। अमृत विचार

मतदान के लिए वोटर आईडी के विकल्प

मतदान करने के लिए मतदाता के पास एक आईडी जरूर होनी चाहिए। यदि उसको वोटर आईडी नहीं मिली है तो उसके बिना भी मतदाता वोट कर सकते हैं। मतदान के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, राज्य सरकार या प्राइवेट कंपनियों द्वारा जारी किए परिचय पत्र, बैंक और डाकघर द्वारी जारी फोटो सहित पासबुक, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटो समेत पेंशन दस्तावेज, स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड आदि से वोट डाल सकेंगे। मतदान पर्ची मिली है तो उसे भी साथ ले जाएं। बूथ खोजने और वोट डालने में आसानी होगी।

कलेक्ट्रेट में मेले जैसा नजारा, पोलिंग पार्टियां रवाना

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। सोमवार को होने वाले मतदान के लिए माती स्थित कलेक्ट्रेट परिसर से पोलिंग पार्टियों की रवानगी की गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था मं पोलिंग पार्टियां ईवीएम और वीवीपैट लेकर मतदान केंद्रों में पहुंची। सुबह से ही कलेक्ट्रेट में मेला जैसा नजारा था। कड़ी धूप व उमस के बावजूद मतदान कर्मी और अधिकारी मैदान में डटे रहे।

रविवार की सुबह दस बजे से ही कलेक्ट्रेट परिसर से पोलिंग पार्टियों की रवानगी का काम शुरू हो गया था। मतदान कार्मिक व पुलिस बल के जवान संबंधित बूथों में भेजे जाने वाले वाहनों से रवाना होने लगे। पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग पंडाल लगाए गए थे। वहां मतदान कार्मिकों को ईवीएम, वीवीपैट व अन्य चुनाव सामग्री का वितरण किया गया। रसूलाबाद विधानसभा के लिए 384 पार्टी व 39 रिजर्व, अकबरपुर-रनियां विधानसभा के लिए 384 पार्टियां व 39 रिजर्व तथा सिकंदरा विधानसभा के लिए 405 पोलिंग पार्टियां रवाना करने के साथ ही 41 रिजर्व में रखी गईं। वहीं सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों के लिए विधानसभा वार जिम्मेदारी दी गई थी। उनका काम था कि अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों की जगह अन्य मतदान कार्मिकों की डयूटी लगाकर टीम पूरी कराने के बाद उन्हें मतदान केंद्र के लिए रवाना कराएं। मतदान कार्मिकों के साथ सुरक्षा बल के जवान भी भेजे गए। इस दौरान लाउड स्पीकर से आवश्यक दिशा निर्देश और सामूहिक रचना डीएम आलोक सिंह व सीडीओ लक्ष्मी एन. लेती रही। अधिकांश मतदान कार्मिक अपने निजी वाहन लेकर आए थे। खासतौर पर महिला मतदान कार्मिकों के परिजन उनके सहयोग के लिए साथ लगे रहे। माती ओवरब्रिज के पास विधानसभा वार वाहनों को खड़ा कराया गया था। जिसमे सुरक्षा कर्मी और मतदान टीम को एक साथ रवाना किया गया। टीम पूरी होने के इंतजार में बड़ी संख्या में कार्मिक इंतजार करते देखे गए। वहीं देर से पहुंचने वाले मतदान कार्मिक काउंटरों में अपनी डयूटी की जानकारी करते रहे। जबकि मतदान कराने के लिए डयूटी पर लगाए गए कार्मिक अपनी डयूटी कटवाने के लिए परेशान रहे।

पोलिंग पार्टी रवानगी का जायजा लेते एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति। अमृत विचार

- **विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से लगे पांडाल, ईवीएम, वीवीपैट व अन्य सामग्री का वितरण**

छांव में बैठकर मतदान सामग्री का किया मिलान

कलेक्ट्रेट परिसर में विधानसभा वार काउंटर बनाकर ईवीएम व सामग्री का वितरण किया गया। मतदान कार्मियों ने इसे लेने के बाद इधर-उधर छांव में बैठकर उसका मिलान करते रहे। कई पीठासीन अधिकारियों ने सामग्री और ईवीएम, वीवीपैट के बावत अपने साथियों से जानकारी ली। ईवीएम की बैटरी आदि भी चेक की गई।

पति-बच्चों के साथ आईं महिला कार्मिक

लोकसभा चुनाव सामग्री लेने के लिए महिला कार्मिक अपने पति व बच्चों को लेकर निजी वाहनों से आईं थी। जिनके छोटे बच्चे थे। उन्हें पति खिलाते रहे। जबकि महिलाएं काउंटर पर सामग्री रिसीव करती रहीं।

सार-संक्षेप

नगर-देहात बार्डर पर वाहनों की चेकिंग करते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

बैरियर लगाकर नगर-देहात बार्डर पर सघन चेकिंग

मूसानगर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र के सभी बार्डरों में बैरियर लगाकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना मूसानगर क्षेत्र के बिबियापुर मोड़ पर कानपुर देहात व नगर बार्डर पर आने जाने वाले वाहनों को रोक कर गहनता से चेकिंग की गई। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की वोटिंग 13 मई सोमवार को होनी है। जिसमें भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर बाकी जगहों पर मतदान किया जाएगा। इसकी वजह से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। ताकि कोई अराजक तत्व चुनाव में किसी भी तरह से आचार संहिता का उल्लघंन न कर सके। इसलिए आने जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की गई। थाना प्रभारी मूसानगर दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि सोमवार को सीमावर्ती क्षेत्र में लोकसभा की वोटिंग होनी है। जिसके कारण घाटमपुर रोड में बैरियर लगाकर आने जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की गई।

लोकसभा चुनाव | प्रति कार्मिक 120 रुपये चुकाना होगा शुल्क, बीएसए ने दिए निर्देश

भोजन व नाश्ता देगा स्कूल का रसोइयां

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के अवसर पर मतदान कर्मियों को संबंधित मतदान केंद्रों पर भोजन, नाश्ता, पेयजल आदि उपलब्ध कराने की व्यवस्था विद्यालय में कार्यरत रसोइयों की होगी। इसके एवज में मतदान कर्मियों द्वारा शुल्क का उन्हें भुगतान किया जाएगा। इस बावत बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।

जिले में 13 व 20 मई को लोकसभा के लिए चौथे एवं पांचवें चरण का मतदान होने जा रहा है। चुनाव में पोलिंग पार्टी के पहुंचने पर चाय व बिस्कुट, सायं सात बजे रोटी/पूड़ी, सब्जी/दाल, सुबह छह बजे चाय, बिस्किट एवं उबले चने, सुबह दस बजे चाय, बिस्कुट, अपराह्न एक बजे रोटी, चावल सब्जी/दाल तथा अपराह्न 4.30 बजे चाय, नमकीन/बिस्कुट दिया जाएगा। इसके लिए अनुमानित लागत 120 रुपये प्रति कार्मिक के अनुसार निर्धारित किया गया है। मतदान केंद्र वाले विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को इस आशय का निर्देश रसोईयों को देने को कहा गया है। साथ ही आवश्यकतानुसार विद्यालय में मध्याह्न भोजन बनाने के लिए उपलब्ध किचन डिवाइस चूल्हा एवं खाने की थाली का उपयोग करने देने को कहा गया है भोजन के हाइजीनिक होने पर विशेष ध्यान देने को भी कहा गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने बताया कि भोजन की व्यवस्था के लिए जिले के सभी बीईओ को निर्देशित कर दिया है। उन्होंने बताया कि पोलिंग पार्टी के पहुंचने पर चाय व बिस्किट दिया जाएगा। रात व दोपहर के भोजन में रोटी, सब्जी, दाल, चावल दिया जाएगा। जबकि नाश्ते में चाय, बिस्किट व उबले चने दिए जाएंगे। इसके लिए प्रति व्यक्ति के खाने व नाश्ते में 120 रुपये निर्धारित किया गया है।

मंदिर में चोरी के बाद छानबीन करती पुलिस व मौजूद लोग। अमृत विचार

बीसलपुर के हनुमान मंदिर से कीमती सामान चोरी

मंगलपुर। थाना क्षेत्र के बीसलपुर गांव स्थित हनुमान मंदिर में रात को चोरों ने धावा बोल कर कीमती सामान पार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है। बीसलपुर स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी फूल सिंह कुशवाहा ने बताया कि रविवार सुबह जब वह मंदिर में पूजा पाठ करने आए तो मंदिर का ताला टूटा हुआ था और गेट कटा मिला। अंदर जाने पर देखा तो वहां रखा इनवर्टर, बैट्रा, चांदी का मुकुट, दान पात्र आदि बहुमूल्य सामान चोर चोरी कर ले गए थे।

पुजारी का कहना है कि मंदिर में पूर्व में भी चोरी की घटना हो चुकी है। जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया। उन्होंने चोरी की सूचना पुलिस को दी। मंगलपुर थाना प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि मंदिर में चोरी होने की सूचना मिली है। मौके पर जांच पड़ताल की जा रही है।

गर्मी की छुट्टियों में ऑनलाइन गृह कार्य

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। इस बार शिक्षकों की खुशी के पलों में और भी ज्यादा बढ़ोतरी होने वाली है। वैसे तो ग्रीष्मकालीन अवकाश 20 मई से 15 जून तक है, लेकिन अबकी बार 19 मई से ही विद्यालय बंद हो जाएंगे और 18 जून को ही खुलेंगे। ऐसे में परिषदीय विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियों में पढ़ाई की निरंतरता न टूटे, इसके लिए बच्चों को ऑनलाइन गृह कार्य दिया जाएगा।

इस बार 19 मई को रविवार है और 16 जून को रविवार और 17 जून को ईद उल जुहा का अवकाश है। इस कारण विद्यालय सीधे 18 जून को खुलेंगे। इस प्रकार कुल 30 दिन विद्यालय बंद रहेंगे। इस दौरान अभिभावकों के बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप पर बच्चों को विभिन्न विषयों का होमवर्क दिया जाएगा। परिषदीय विद्यालयों में चल रहे बदलाव के तहत अब बेसिक शिक्षा विभाग की तैयारी है कि गर्मी या सर्दी की छुट्टियों में लर्निंग एट होम को बढ़ावा दिए जाने से बच्चे घर पर कुछ न कुछ पढ़ाई करते रहें। इसके लिए छुट्टियों में भी बच्चों को गृह कार्य एवं प्रोजेक्ट दिए जाएंगे। जिससे उनका तारतम्य बना रहे। आमतौर पर यह देखने में आया है कि बच्चे जब छुट्टी के बाद स्कूल आते हैं तो पढ़ाई की उनकी तारतम्यता बनाने में समय लगता है। अब विभाग ने निर्णय लिया है कि गर्मी एवं जाड़े की छुट्टियों में ऑनलाइन पढ़ाई को बढ़ावा दिया जाए। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने निर्देश में कहा है कि इसके लिए अभिभावकों से संपर्क स्थापित करते हुए प्रेरित किया जाए कि ऑनलाइन शैक्षिक कंटेंट का प्रयोग करते हुए दीक्षा एप पर उपलब्ध डिजिटल शैक्षणिक कंटेंट पढ़ाई के लिए उपलब्ध है। बीएसए रिद्धी पांडेय ने कहाकि छुट्टी में ऑनलाइन पढ़ाई को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया है।

- **19 मई को विद्यालय हो जाएंगे बंद और 18 जून को खुलेंगे**

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

मतदान केंद्र हो गए तैयार, बस आपका इंतजार

सभी मतदेय स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, गड़बड़ी करने वालों से सख्ती से निपटेगा फोर्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के लिए जिले भर में मतदान केंद्र पूरी तरह तैयार हैं। जहां मतदानकर्मियों ने वोटिंग की व्यवस्था पूरी कर ली है, वहीं सुरक्षा के लिए फोर्स ने मोर्चा संभाल लिया है। सोमवार यानी आज सुबह सात बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो शाम छह बजे तक चलेगी। लोकतंत्र के महापर्व में एक-एक वोट की आहुति देश के विकास की नई इबारत लिखेगी।

करीब एक महीने की सियासी धमाचौकड़ी और चुनावी शोर थमने के बाद अब नई सरकार के चुनाव की बारी है। जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। रविवार को सुबह से देर शाम तक जिले भर के सभी मतदान केंद्रों में पोलिंग पार्टियों को पहुंचाने और मतदान के लिए बूथों को व्यवस्थित करने का काम चलता रहा। मतदान केंद्रों की सुरक्षा के लिए फोर्स की तैनाती के साथ चौकसी की हिदायत दी जाती रही।

कानपुर नगर और अकबरपुर संसदीय क्षेत्र में कुल 36,05,479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कानपुर सीट में 11 और अकबरपुर क्षेत्र के 10 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला होगा। वहीं मिश्रिख संसदीय क्षेत्र में शामिल आंशिक बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के 4,07,109 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया सोमवार सुबह सात बजे से शुरू हो जाएगी, जो शाम छह बजे तक चलेगी। जिले के 3614 मतदान केंद्रों के 3998 बूथों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव व्यवस्था पर निगरानी के लिए दोनों संसदीय क्षेत्रों में 48 जोनल मजिस्ट्रेट, 304 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 418 माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की गई है। इनमें कानपुर क्षेत्र में 20 जोनल मजिस्ट्रेट, 122 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 183 माइक्रो आब्जर्वर लगाए गए हैं, जबकि अकबरपुर क्षेत्र में 22 जोनल मजिस्ट्रेट, 141 सेक्टर और 165 माइक्रो आब्वर्जर लगे हैं। जिले में क्रिटिकल मतदान केंद्र 423 और रनिया सहित 443 हैं। वहीं क्रिटिकल बूथ 867 और रनिया सहित 895 हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शाम छह बजे तक जो मतदाता बूथ के अंदर पहुंच जाएंगे, उनका मतदान कराया जाएगा।

पिंक बूथ की महिला टीम।

3614 मतदेय स्थल बनाए गए

1411 मतदान केंद्र जिले भर में

3979 पोलिंग पार्टियां बनाई गईं

304 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए

418 माइक्रो आब्जर्वर लगाए गए

विकलांगों के लिए ह्वील चेयर

दिव्यांग मतदाताओं की सहूलियत के लिए इस बार जिले के बूथों पर ह्वील चेयर की व्यवस्था की गई है। इसके लिए 500 ह्वील चेयर उपलब्ध कराई गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे दिव्यांग मतदाता, जो बगैर सहारे के नहीं चल सकते हैं, उन्हें ह्वील चेयर की मदद से बूथों के अंदर तक ले जाया जाएगा। दिव्यांगों की मदद के लिए एनसीसी छात्रों को बूथों पर तैनात किया गया है।

मतदाता इन बातों का रखें ध्यान

- मतदाता बूथ से 200 मीटर पहले अपने वाहन खड़े करेंगे। वाहन ले जाने की अनुमति है, लेकिन मतदान केंद्र से 200 मीटर परिधि के बाहर खड़ा करना होगा।
- मतदान केंद्र से 100 मीटर की परिधि में मोबाइल फोन ले जाने की कतई अनुमित नहीं है।
- मतदान केंद्र या उसके पास शस्त्र सहित जाना प्रतिबंधित है। अधिकृत सुरक्षाकर्मियों के अलावा कोई भी मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में शस्त्र के साथ प्रवेश नहीं करेगा।
- सिर्फ जेड सुरक्षा के तहत एक सुरक्षाकर्मी कपड़ों में हथियार छिपाकर मतदान परिसर तक जाएंगे।

युवा-दिव्यांग और पिंक बूथ भी बने

दोनों लोकसभा क्षेत्रों में एक-एक युवा और दिव्यांग बूथ बनाए गए हैं, जबकि हर विधानसभा क्षेत्र में एक पिंक बूथ बनाया गया है। इसके अलावा हर विधानसभा क्षेत्र में तीन मॉडल बूथ बनाए गए हैं। जिले में कुल 30 मॉडल बूथ हैं। इन बूथों पर सेल्फी प्वाइंट भी बना है। फूल और गुब्बारों से सजाया गया है। दिव्यांग बूथ किदवईनगर के यूपी किराना सेवा समिति और कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर शारदा नगर में हैं। युवा बूथ कैंट विधानसभा क्षेत्र के फेथफुलगंज और महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के गुरु हरराय एकेडमी में बनाया गया है।

एनआरआई सिटी के एसी हाल में मॉडल बूथ

बिठूर स्थित एनआरआई सिटी के एसी हाल में मॉडल बूथ बनाया गया है। एनआरआई सिटी बिठूर में पहली बार एसी बूथ बनाया गया है। यहां सुविधाओं और सहूलियत का ध्यान दिया गया है।

2027 बूथों से होगी वेबकास्टिंग

जिले के वल्नरेबल और क्रिटिकल बूथों समेत 2027 बूथों पर इस बार वेबकास्टिंग की जाएगी। मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग टीमों ने पूरा सेटअप तैयार किया है। इन वेबकास्टिंग सेंटरों को कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा, जहां से निगरानी की जाएगी।

वोटर हेल्पलाइन से निकालें पर्ची

मतदाताओं के लिए वोटर हेल्पलाइन एप ऑल-इन-वन एप है। इस एप पर कई सुविधाएं मिलेंगी। जैसे मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। मतदाता पर्ची डाउनलोड कर सकते हैं। इसके बाद प्रिंट निकालकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

कानपुर में 11 प्रत्याशी

कानपुर संसदीय सीट में कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के आलोक मिश्रा, बसपा से कुलदीप भदौरिया, भाजपा से रमेश अवस्थी, सभी जन पार्टी से अशोक पासवान, ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक से प्रशस्त धीर, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) से वालेंद्र कटियार, प्राउटिस्ट ब्लाक इंडिया से संजय सिंह और निर्दलीय अजय कुमार मिश्रा, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, आलोक मिश्रा, मनोज कुमार हैं।

अकबरपुर में 10 उम्मीदवार

अकबरपुर संसदीय सीट से 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। भाजपा से देवेंद्र सिंह उर्फ भोले सिंह, इंडिया गठबंधन से सपा के राजाराम पाल, बसपा से राजेश कुमार द्विवेदी, सभी जन पार्टी से अशोक पासवान, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से चंद्रेश सिंह, राष्ट्रीय जन उत्थान पार्टी से रामगोपाल, राष्ट्रीय संस्कृति पार्टी से विपिन कुमार और निर्दलीय प्रत्याशी प्रेमशीला, योगेश जायसवाल, राजाराम हैं।

बूथों पर मेडिकल की भी सुविधा मिलेगी

- चिलचिलाती धूप और लू से निपटने के लिए बूथों पर इस बार मेडिकल किट उपलब्ध रहेगी। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए यह प्रबंध किया है। वहीं मतदान कार्य में लगे कर्मियों, सुरक्षा जवानों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा गया है। इस बार मतदान कर्मियों को कैशलेस इलाज की सुविधा है।

90 फ्लाइंग स्क्वॉयड टीमें रखेंगी नजर

90 स्टेटिक सर्विलांस टीम लगाई गईं

अकबरपुर सीट में कुल मतदाता

विधानसभा	पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर
बिठूर	201137	172647	27
कल्याणपुर	195368	175790	11
महाराजपुर	249378	211125	25
घाटमपुर	178747	151251	02
रनिया	177588	156057	11
योग	1002218	866870	203

अकबरपुर में विधानसभावार मतदान केंद्र व मतदेय स्थल

विधानसभा	मतदान केंद्र	मतदेय स्थल
कल्याणपुर	67	340
बिठूर	271	416
महाराजपुर	147	452
घाटमपुर	255	366
अकबरपुर रनिया	273	384

अकबरपुर सीट के क्रिटिकल केंद्र

रनिया	20
बिठूर	50
कल्याणपुर	37
महाराजपुर	25
घाटमपुर	68

पहली बार 55,434 युवा डालेंगे वोट

लोकसभा चुनाव में 18 से 19 आयु वर्ग के 55,434 मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। युवाओं को मतदान के प्रति उत्साहित करने के लिए जिले में दो युवा बूथ भी बनाए गए हैं, जहां मतदान कर्मी भी कम उम्र के लगाए गए हैं।

बीपी बढ़ने से मतदानकर्मी बेहोश

नानकारी निवासी संदीप रविवार को चुनाव ड्यूटी में शामिल होने के लिए नवीन गल्लामंडी पहुंचे थे। वह हाल संख्या एक के पास पहुंचे ही थे, तभी अचानक वह गश खाकर गिर पड़े। इस दौरान साथी कर्मचारियों ने उन्हें पास के मेडिकल कैंप में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हैलट भेजा। चिकित्सकों ने बताया कि संदीप को ब्लड प्रेशर की शिकायत थी, जिस कारण वह बेहोश हो गए।

ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में मारी टक्कर, चालक की जान गई

संवाददाता पुखरायां

अमृत विचार। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर ट्रक ने पीछे से टैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। स्थानीय लोग घायल टैक्टर चालक को सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

साजन।

डींघ गांव के अभिषेक कुमार ने बताया कि उसका भाई साजन (25) टैक्टर ट्राली लेकर खेत में भूसा लेने के लिए गया था। वहां से टैक्टर ट्राली में भूसा लाद कर हाईवे से घर आ रहा था। तभी झांसी-कानपुर हाईवे पर डींघ गांव के पास ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरा। वहीं ट्रैक्टर ट्राली पास की दुकान में जाकर घुस गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोग उसे सीएचसी ले गए। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. अनूप कुमार ने साजन को मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी पर मृतक की मां राधा देवी सहित अन्य परिजन रो-रोकर बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंचे देवीपुर चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मलिक ने परिजनों से जानकारी ली और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

टक्कर मारने के बाद पलटा पड़ा ट्रक। अमृत विचार

ट्रक की टक्कर से दुग्ध वाहन चालक की मौत

कानपुर देहात। रसधान पेट्रोल पंप के पास हाईवे पर दुग्ध वाहन में ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे दुग्ध वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के खरकपुर कमालपुर निवासी जय प्रकाश (30) पुत्र बनवारी लाल अमूल डेयरी में दूध वाहन चलाता था। वह शनिवार की रात वह सिकंदरा क्षेत्र की ओर से वाहन लेकर अकबरपुर आ रहा था। तभी सिकंदरा थाना क्षेत्र के कानपुर-इटावा हाईवे पर रसधान पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार ट्रक ने दुग्ध वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दुग्ध वाहन चालक जयप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी पर पहुंची एनएचएआई टोल प्लाजा मुंगीसापुर एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल लाया गया। यहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने चालक को मृत घोषित कर दिया और मेमो भेजकर सूचना पुलिस को दी। जानकारी पर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

ट्राली में डाला खुलने से बालक गिरा, मौत

संवाददाता रसूलाबाद

अमृत विचार। मड़ाई के लिए ट्रैक्टर की ट्राली पर बैठकर जाते समय अचानक डाला खुलने से आठ वर्षीय बालक पीछे बंधे थ्रेसर के पहिये की चपेट में आ गया। सीएचसी में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने कार्रवाई से इंकार कर शव का पीएम कराने से मना कर दिया।

ऋषभ।

रविवार शाम राना इटाहा रोड पर गेहूं की मड़ाई के लिए चालक ट्रैक्टर ट्रॉली व थ्रेसर लेकर जा रहा था। ट्रैक्टर की ट्राली पर उसरी गांव निवासी शिवमंगल का आठ वर्षीय पुत्र ऋषभ ट्रॉली पर सवार था। रास्ते में अचानक ट्राली का डाला खुल जाने से वह नीचे जा गिरा। जिससे पीछे बंधे थ्रेसर का ईगल व पहिया उसके शरीर पर चढ़ गया। जिससे ऋषभ गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर सादिक ने बालक को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी पर मां रीता, पिता शिवमंगल, भाई रितिक, बहन जानवी आदि परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

सूचना पर हल्का इंचार्ज राजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के लिए कहा, लेकिन परिजनों ने पीएम कराने के लिए मना कर दिया।

कार-ट्रक की टक्कर में दो घायल

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हाइवे पर कार और ट्रक की टक्कर होने पर दो लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के एक घायल को जिला अस्पताल रिफर किया गया। कस्बा के राजेन्द्र नगर के अमित कुमार (22) और मीरपुर के रवि यादव (30) कार से कानपुर जा रहे थे। झांसी और कानपुर हाइवे पर छतेनी गांव के पास अचानक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करके दूसरी लेन में एक ट्रक से कार टकरा गई। जिससे दोनो घायल हो गए। स्थानीय लोगो ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी पहुंचाया।

भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय से पांच सीटों पर रहेगी नजर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कंट्रोल रूम बनाया गया, हर सीट का अलग-अलग हेल्पलाइन नंबर जारी

अमृत विचार। भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की पांच लोकसभा सीटों केंद्रीय कंट्रोल रूम से नजर रखी जायेगी। क्षेत्रीय कार्यालय नौबस्ता में बनाये गए कंट्रोल रूम पर समस्या को दर्ज कर तत्काल निदान कराया जायेगा। इसके लिये पार्टी ने हर लोकसभा सीट के लिये हेल्प लाइन नंबर जारी कर दिया है। के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि चौथे चरण की कानपुर लोकसभा, अकबरपुर, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र में होने वाले चुनाव के लिये भाजपा ने अपनी तैयारी पूरी कर ली गई है।

क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि पांच लोकसभा क्षेत्रों के कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी क्षेत्र के पदाधिकारी संभालेंगे। इसमें कानपुर लोकसभा सीट के लिये क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी और मोहित सोनकर को जिम्मेदारी दी गई है। इस सीट की समस्या को लेकर हेल्प लाइन नंबर 7355560445, 9415201341 पर संपर्क किया जा सकता है। अकबरपुर लोकसभा सीट की की जिम्मेदारी वीरेंद्र तिवारी और दिनेश मौर्या को दी गई है। यहां का हेल्प लाइन नंबर 7068666138, 9580518831 है। इटावा लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी, आलोक शुक्ला संभालेंगे। हेल्प लाइन नंबर 9415009255, 9415724679 है।

कन्नौज लोकसभा की जिम्मेदारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता, विनीत सोनकर की होगी। इस सीट से जुड़ी जानकारी व समस्या दर्ज कराने के लिये हेल्प लाइन नंबर 9838504050, 7499478083 है। वहीं फर्रुखाबाद लोकसभा की जिम्मेदारी क्षेत्रीय मंत्री पवन प्रताप सिंह, रामू चंदेल को दी गई है। हेल्प लाइन नंबर 6386732131, 9936528252 है।। क्षेत्रीय पदाधिकारी 6 बजे से ही कंट्रोल रूम पहुंच जायेंगे।

कूलर का तार लगाते वक्त करंट से महिला की मौत

रनियां। रनियां क्षेत्र के करचल गांव में रविवार की दोपहर घर में कूलर का तार लगाने के दौरान एक युवती करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गई। आनन-फानन में घरवाले उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां एमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार वाले पोस्टमार्टम कराए बिना ही शव को लेकर गांव लौट गए।

करचल गांव निवासी वारिस अली ऑटो चालक है। रविवार को वह पत्नी मुस्कान के साथ घर में सफाई करा रहा था कि तभी पत्नी मुस्कान ने कूलर का तार बिजली के बोर्ड में लगाया लेकिन फर्श गीला होने से करंट लग गया और वह छटपटाने लगी।

घटना के बाद पति उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचा वहां ड्यूटी पर तैनात डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार वाले शव लेकर गांव लौट आए। इस संबंध में एसओ रनियां महेंद्र पटेल ने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी नहीं मिली है।

सार-संक्षेप

प्रोजेक्ट नई किरण में एक मामले में समझौता

कानपुर देहात। रविवार को माती पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सुनवाई के लिए कुल 16 मामले आए। जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद एक परिवार में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता करा दिया गया। जिसपर पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गए। शेष प्रार्थना पत्रों में सुनवाई के लिए आगे की तिथि दी गई। इस दौरान महिला थानाध्यक्ष सुमन दीक्षित, उपनिरीक्षक प्रतिभा बाजपेई, कांस्टेबल इन्दू, आरती, रामरोशनी, नई किरण सदस्य कंचन मिश्रा व रामप्रकाश मौजूद रहे।

संदिग्ध हालात में महिला ने लगाई आग, मौत

मंगलपुर। थाना मंगलपुर क्षेत्र के कस्बा झींझक के मोहल्ला वार्ड नंबर 11 सुभाष नगर झींझक निवासी सविता (56) पत्नी रामदास गुप्ता ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अन्दर कमरे में आग लगा ली। कमरे से धुआं व चिल्लाने की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को बाहर निकाला तब तक वह गम्भीर रूप से झुलस गई थी। उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीझक लाया गया। जहां से महिला को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

नाले में गिरकर बाइक सवार अधेड़ की मौत

रूरा। थाना क्षेत्र के बलेथा गांव में शनिवार की देर रात एक अधेड़ बाइक समेत नाले में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के रहनियापुर के रहने वाले छोटे उर्फ मुबारक (55) मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मृतक के पुत्र शान मोहम्मद ने बताया की बलेथा गांव में बन रही पानी टंकी में पिता मजदूरी कर रहे थे। शनिवार को वह अपने निजी काम से कुढ़वा गांव गए थे। जहां से देर रात वापस आते समय बलेथा गांव के पास मोड़ पर बने नाले में बाइक अनियंत्रित होकर जा गिरी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर पुत्र शान, भाई मो. शफीक आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंचे दरोगा जसवीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

साहब! पत्नी की आंख खराब है, ड्यूटी काट दीजिए

कानपुर। पोलिंग पार्टियां रवाना होने से पहले तरह-तरह की समस्याएं बता कर लोग सीडीओ से ड्यूटी कटवाने की गुहार लगाते नजर आए। श्याम नगर निवासी नरेंद्र सिंह की पत्नी बैंक में क्लर्क है। रविवार को वह पत्नी के साथ गल्लामंडी ड्यूटी कटवाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि पत्नी को पहले पैरालाइसिस का अटैक पड़ चुका है। उनकी आंखों की रोशनी भी कमजोर है। नौ अप्रैल को वह केरल से पत्नी का इलाज करा कर लौटे है।

विवाहिता ने जहर खाकर दी जान, कोहराम

मायके पक्ष ने किया हंगामा, पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई का दिया आश्वासन

संवाददाता थरियांव, फतेहपुर

अमृत विचार। ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को मामले की हुई जानकारी तो उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी पर पहुंचे मायकेपक्ष ने जमकर हंगामा किया और मामले में आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अर्चना।

हथगाम थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी पीतांबर लोधी ने अपनी बेटी अर्चना की शादी दो साल पहले थरियांव थाना क्षेत्र के नवहइया गांव निवासी ज्ञानसिंह लोधी के बेटे पुष्पेन्द्र लोधी के साथ की थी। वहीं अर्चना के भाई पवन ने बताया की शादी के तीन माह बाद ही सास निर्मला देवी और जेठानी रेखा देवी बहन को प्रताड़ित करने लगीं। इसकी जानकारी उसने कई बार मायके में दी थी। इसके चलते उसे मायके में बुला लिया गया था। कुछ दिन बाद वह फिर ससुराल चली गई थी। बताया कि शनिवार की रात उसके साथ मारपीट की गई जिससे परेशान अर्चना ने रात में कीटनाशक खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। जहां ले जाते समय रास्ते में उसकी सांसें थम गईं। परिजन शव लेकर घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इस दौरान मायके पक्ष ने जमकर हंगामा किया और ससुरालियों पर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घर पर रोती-बिलखतीं महिलाएं। अमृत विचार

शादी से इनकार करने पर किशोरी ने खाया जहर, भर्ती

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र में एक युवक शादी का झांसा देकर एक किशोरी का शारीरिक शोषण करता रहा। बाद में शादी करने से इनकार किया तो युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली एक किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर हुई जानकारी के बाद परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी नाबालिग है, गांव का ही रहने वाला लवलेश निषाद पिछले एक साल से उसकी बेटी को शादी करने का झांसा देता रहा और लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। किशोरी के शादी के बारे में बात करने पर आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। इसी को लेकर बेटी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गया है। थानाध्यक्ष बच्चे लाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करते हुए आरोपी की तलाश की जा रही है।

चुनाव कार्यालयों ने बढ़ाया बिजली का लोड, होगी जांच

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- अभी तक अस्थाई कनेक्शन का नहीं किया गया कोई आवेदन
- जनपद में खुले करीब 90 चुनावी कार्यालयों में हो रही बिजली की खपत

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के महज आठ दिन ही बचे हैं और मैदान में उतरे प्रत्याशी अपना पूरा दमखम दिखाने में जुटे हैं। उनके चुनाव कार्यालय भी इस समय कार्यकर्ताओं से गुलजार हैं लेकिन किसी चुनाव कार्यालय के लिए प्रत्याशियों द्वारा बिजली का अस्थाई कनेक्शन नहीं लिया गया। कार्यालयों में एसी व कूलर होने के चलते बिजली का लोड भी बढ़ गया हैं। गौरतलब है कि आम दिनों में बिजली उपभोक्ताओं पर कार्रवाई का खौफ दिखाने वाले विभागीय जिम्मेदार पूरी तरह से मौन साधे हुए हैं।

छह विधानसभाओं में मौजूदा समय में 90 कार्यालय खुले हुए हैं। दलीय व निर्दलीय 15 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक दोआबा की सभी छह विधानसभा के तहत एक प्रत्याशी का कम से कम एक कार्यालय खोला जाता है तो दोआबा में कुल 90 चुनावी कार्यालय मौजूद है। जहां प्रतिदिन बड़ी मात्रा बिजली की खपत की जा रही है। वैसे तो चुनावी कार्यालयों में अस्थाई कनेक्शन लिए जाने का प्रावधान है। लेकिन सूत्रों की माने तो कार्यालय में अस्थाई कनेक्शन नहीं लिए गए। आवास या मैरिज हालों में खुलने वाले कार्यालय वहीं के कनेक्शनों पर खपत कर रहे है। जिससे रोजाना विभाग को नुकसान उठाना पड़ रहा है। बता दें कि कार्यालयों में दी जाने वाली बिजली सात रुपये यूनिट की है। ऐसे ही मतदान केंद्रो पर जहां बिजली का कनेक्शन नहीं है। वहां कार्मिकों सहित मतदाताओं को होने वाली परेशानियों को देखते हुए अस्थाई कनेक्शन लेने का प्रावधान है। जहां कुछ लोगों ने आवेदन तो किया लेकिन नेताओं के चुनावी कार्यालय में किसी भी प्रकार अस्थाई कनेक्शन नहीं लिया जा सका। मामले में एसई एसके लोहाट ने बताया कि प्रत्याशियों को चुनाव कार्यालयों के लिए अस्थाई बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन करना चाहिए लेकिन विभाग को अभी तक एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं। गलत तरीके से बिजली उपयोग किए जाने पर प्रभावी कदम उठाया जाएगा।

आरती की देह भी बनायेगी काबिल डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। युग दधीचि देहदान अभियान के तहत दोआबा के मेडिकल कालेज को एक और देहदान का योगदान मिला है। मृत देह से मेडिकल कालेज के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने में सहुलियत मिल सकेगी।

आरती।

कानपुर जनपद से वर्ष 2003 में मनोज सेंगर एवं उनकी पत्नी माधवी सेंगर द्वारा प्रारंभ किए गए युग दधीचि देहदान अभियान ने रविवार को फतेहपुर मेडिकल कॉलेज को दूसरी देहदान करते हुए अभियान का 277वां देहदान पूरा किया। देहदान संस्थान के निदेशक मनोज सेंगर ने बताया कि 11 मई की रात को के- ब्लाक किदवई नगर कानपुर निवासी 73 वर्षीय आरती कुमारी का निधन होने पर उनके पति अनिल कुमार ने सूचना देकर देहदान कराने का आग्रह किया। जिस पर अपनी पत्नी माधवी सेंगर से परामर्श करके देह को फतेहपुर मेडिकल कॉलेज को दान करने का निश्चय किया गया और रविवार को दोपहर करीब 12 बजे कानपुर से देह लाकर मेडिकल कॉलेज के एनॉटमी विभाग को समर्पित किया गया है। संस्था द्वारा मेडिकल कॉलेज को यह दूसरी देहदान की गई है। इससे पहले 24 अप्रैल 2024 को कानपुर की कौशल पुरी निवासी 84 वर्षीय संतोष ठक्कर की देह इसी मेडिकल कॉलेज को दान की गई थी। देह समर्पण के समय स्व. आरती के पति अनिल, निशी, सुमन, एवं बहन अंजू सहित परिजन उपस्थित रहे।

मेडिकल कालेज में मौजूद संस्था के पदाधिकारी। अमृत विचार

- युग दधीचि देहदान संस्थान कानपुर ने मेडिकल कॉलेज को किया दूसरा देह दान

करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

फतेहपुर। घर मे सुबह झाड़ू लगा रही महिला के पैर पंखे के खुले पड़े तार में पड़ गए। जिससे महिला करंट की चपेट में आ गई। जब तक घटना की जानकारी परिजनों को हो पाती उससे पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। जिससे परिजनों में कोहराम मचा गया।

मलवां थाना क्षेत्र के देवमई गांव निवासी मनोज दीक्षित की पत्नी रामा दीक्षित घर में झाड़ू लगा रही थी। तभी पंखे के खुले तार में उसका पैर पड़ गया। करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई।

मृतका के दो पुत्र अंकित, शोभित व दो पुत्रियां काजल व राखी हैं। महिला के पति मनोज दीक्षित मजदूरी करते हैं। घटना से परिजनों मे कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा हैं।

मोदी, योगी, अखिलेश की जनसभा की तैयारियां तेज

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जिले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व सपा मुखिया अखिलेश यादव और बसपा प्रमुख मायावती का कार्यक्रम आने के बाद से पार्टी के लोग तैयारियों में जुट गए हैं। मंच व पांडाल के लिए जनसभा स्थलों का जायजा लेने के साथ ही संगठन के लोगों में भीड़ जुटाने के लिए माथापच्ची शुरू हो गई है। कई लोगों को अपने अपने क्षेत्रों से लोगों को लाने की जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

जिले में 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान से ठीक तीन दिन पहले 17 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम प्रस्तावित है। शहर के बाहर हवाई अड्डा के मैदान में उनकी जनसभा का पांडाल तैयार हो रहा है। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल द्वारा प्रधानमंत्री की जनसभा को पूरी तरह से व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने को लेकर तैयारी बैठक में जिला पदाधिकारियों व पार्टी नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

इससे पूर्व 16 मई को सीएम योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उनकी जनसभा शहर के महात्मा गांधी महाविद्यालय के मैदान में होगी। इसी दिन सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की जनसभा शहर के मुस्लिम इंटर कालेज के मैदान में होगी। इसी दिन बसपा सुप्रीमों मायावती की जनसभा खागा के मंडी समिति परिसर में सम्पन्न होगी। जब से कार्यक्रम आने की खबर पार्टियों को लगी हैं, तब से जिले में भाजपाई, सपाई एवं बसपाई पूरी ताकत से जुट गए हैं।

पार्टी जिलाध्यक्षों ने बताया कि जनसभा की तैयारियों को लेकर पार्टी के सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। ग्राउंड स्थल पर पहुंच कर पदाधिकारी रविवार को मंच और पांडाल के बारे में चर्चा की। मंच पर कितने लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी, इन सब बातों पर संगठन के लोगों से चर्चा की। साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी सुझाव लिए गए। साथ ही पार्टी के कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल की तैयारियों को लेकर जुट गए हैं। वहीं भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी दी गई।

पीएम की जनसभा स्थल का निरीक्षण करते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

- भीड़ जुटाने को संगठन के लोगों को सौंपी गई जिम्मेदारी, सभा स्थलों की देखी गईं व्यवस्थाएं

मोदी की जनसभा में पांच जिलों के जुटेंगे समर्थक

शहर से बाहर हवाई अड्डा मैदान में 17 मई को आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में जिले समेत कौशांबी, बांदा, चित्रकूट रायबरेली और प्रतापगढ़ के प्रत्याशियों के समर्थक जुटेंगे। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार पांचों जिलों के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रधानमंत्री मतदान करने की अपील करेंगे।

ट्रक ने पिता-पुत्र को मारी टक्कर, पिता की गई जान

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। हाईवे में वाहनों के तेज रफ्तार होने का कहर एक बार फिर से देखने को मिला है। यहां तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाइक सवार पिता पुत्र को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों लोग से बाइक से गिर गए। हादसे में पिता की मौत हो गई और बेटे को खरोच तक नहीं आई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। बेटे ने बताया कि पिता को दवा दिलाकर घर जाते समय हादसा हुआ है।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के हैबतपुर गांव निवासी शत्रुघ्न अपने बेटे सुमित के साथ बाइक से मलवां दवा कराने के लिए गए थे। शनिवार की शाम जब दवा लेकर घर वापस जा रहे थे, तभी सदर कोतवाली क्षेत्र के भिटौरा बाईपास के पास तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पिता-पुत्र दोनों बाइक से गिर गए। हादसे के बाद चालक मौके से ट्रक लेकर भाग गया। हादसे में पिता शत्रुघ्न की मौत हो गई,जबकि बेटा सुमित बाल-बाल बच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र सुमित ने बताया कि पिता बीमार चल रहे थे। पिता के साथ बाइक से दवा कराकर घर जाते समय ट्रक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में पिता की मौत हो गई और चालक ट्रक लेकर भाग गया।

कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन।

- हादसे में बेटा बाल-बाल बचा चालक ट्रक लेकर फरार
- पिता को दवा दिलाकर घर जाते समय हुआ हादसा

धूप के साथ गर्म हवाएं लोगों को कर रहीं बेचैन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। मौसम की तल्खी कम नहीं हो पा रही है। रविवार को भी दहकते सूरज की तपन ने लोगों को बेचैन कर दिया। दोपहर में पारा सामान्य से नीचे गिरने के बाद भी तेज धूप से आसमान से आग बरसती नजर आई। वहीं गर्म हवा के थपेड़े राहगीरों को झुलसाते रहे।

गर्मी का प्रकोप इस समय चरम पर है। इससे जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। दहकते सूरज की तपन से पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। लगातार बढ़ रही गर्मी लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। वहीं पारे में भी उतार चढ़ाव का सिलसिला जारी है। रविवार को सूबह सूरज निकलते ही पारा चढ़ने लगा। दोपहर में अधिकतम तापमान 39 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहा। रात में पारा सामान्य से एक डिग्री ऊपर जाकर 25.7 डिग्री पर पहुंच गया। इससे उमस भरी गर्मी बढ़ गई। वहीं बिजली की अघोषित कटौती ने लोगों को बेहाल कर दिया। सुबह कुछ ठंडी हवाओं के चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली, लेकिन धूप निकलते ही मौसम के तेवर तल्ख हो गए। दोपहर में पारा सामान्य से करीब पौने चार डिग्री नीचे गिरकर 39.0 डिग्री पर पहुंचने के बाद भी आसमान में दहकते सूरज की वजह से आग बरसती नजर आई। जबकि करीब सात किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली गर्म उत्तर पूर्वी हवा राहगीरों को बेहाल किए रही। गर्मी बढ़ने से दोपहर में मुख्य सड़कों व हाई-वे पर वाहनों का परिचालन कम ही नजर आया। जिससे सन्नाटा पसरा रहा। गर्मी से बेहाल राहगीर पेड़ों की छाया देख वाहन खड़े कर गर्मी से निजात का प्रयास करते दिखे। वहीं जरूरी काम से घरों से निकले लोग कपड़े से चेहरा ढकने व छतरी का सहारा लेने का मजबूर दिखे। लो वोल्टेज की समस्या के साथ पंखों व कूलर के गर्म हवा फेंकने से लोगों को घरों में भी तपन से राहत नहीं मिल सकी।

सीएसए के मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि अभी मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होगा। उन्होंने एक दो दिन में धूलभरी तेज हवा चलने तथा हल्की बारिश होने की भी संभावना जताई है।

गर्मी के चलते सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

- सामान्य से नीचे रहा पारा, फिर भी रही तपन
- बिजली की किल्लत से गर्मी से नहीं मिली निजात

फ्राड कॉल कर मसाला व्यापारी से ठगे 1.40 लाख रुपये

फतेहपुर। फ्राड काल से ठगी के इस पैतरे में बड़ी तादात में लोग फंस कर अपने लाखों रुपये गवां रहे हैं। ताजा मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के चौक से सामने आया है। जहां मसाला व्यापारी को फ्राड कॉल के जरिए ठगी का शिकार बना लिया गया।

शहर के रहने वाले राजू पुरवार चौक बाजार में वृंदावन कपूरचंद्र किराना नाम से दुकान चलाते हैं। राजू पुरवार ने बताया कि उनके पास एक फोन काल आई और उनके बेटे संस्कार रस्तोगी के पुलिस की गिरफ्त होने की बात कही गई।

बेटे को बचाने के एवज में उनसे 1.40 लाख रुपये की डिमांड की गई तो वह दहशत में आ गए और उन्होंने 1.40 लाख रुपये आनलाइन ट्रांसफर कर दिए। घटना के बाद सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पप्पन रस्तोगी ने पुलिस अधीक्षक से बात करते हुए साइबर क्राइम में मामला दर्ज करवाया है।

नर्सिंग कालेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम। अमृत विचार

सिस्टर की भूमिका में मां का काम करतीं नर्स

विश्व नर्स दिवस

फतेहपुर। विश्व नर्स दिवस पर रविवार को नर्सों की जननी कही जाने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगल को याद किया गया।

बताया गया कि जिस प्रकार एक मां बीमार बच्चे की देखभाल करती है। ठीक उसी प्रकार एक नर्स भी मां के रूप में काम करती है। उन्हें मां की जगह सिस्टर कहने का प्रचलन है। मां रामरती मेमोरियल नर्सिंग कालेज में फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. आरपी सिंह और कालेज के चेयरमैन डॉ. अशोक पटेल ने उद्घाटन किया और उनके जन्मदिन पर केक काटा। अतिविशिष्ट अतिथि कुसुम पटेल, विशिष्ट अतिथि जवाहर लाल, प्रियंका सिंह, प्रतीक, नितिका पटेल, जोया व कालेज के शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहा।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

जागरुकता अभियान — इस बार बनाए गए महिला, युवा व दिव्यांग पोलिंग बूथ, वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से बनाए गए विशेष बूथ

युवा, महिला और दिव्यांगों के बूथ रहेंगे आकर्षण का केंद्र

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। 20 मई को आर्दश और सामान्य बूथों के अतिरिक्त इस बार महिला, युवा व दिव्यांग बूथ भी नजए आएंगे। खास बात महिला बूथ पर महिलाएं, दिव्यांग पर दिव्यांग व युवा बूथ पर युवा कर्मचारी वोट डलवाते दिखाई देंगे। ऐसे बूथों की लिस्ट बनाई गई है।

वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के मकसद से इस बार ऐसे बूथों को बनाया जा रहा है। जिससे युवा, महिला और दिव्यांग लोग आकर्षित होकर वोट डालने आएं। पोलिंग बूथों पर महिला कर्मचारी महिला वोटर, दिव्यांग कर्मचारी दिव्यांग वोटर और युवा कर्मचारी और युवा वोटर का वोट ईवीएम के मध्यम से डलवाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी अपनी टीम के साथ ऐसे बूथों को फाइनल टच दे रही हैं। ऐसे बूथों को सजाने के साथ महिला, युवा व दिव्यांगों के लिए विशेष व्यवस्थाएं रहेंगी। जिससे तीनों वर्ग के लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर अपने मतदान का प्रयोग करें। ऐसे बूथ विधानसभा वार बनाए गए हैं।

महिलाओं के बनाए गए हैं दो-दो बूथ

जिले की छह विधान सभाओं में दो-दो महिला बूथ बनाए गए हैं। हर विधानसभा में एक-एक दिव्यांग बूथ बनाए गए हैं। साथ ही युवाओं को आकर्षित करने के लिए विधानसभा में ही सिर्फ एक-एक बूथ बनाया गया है।

मतदान के दिन अलर्ट रहेगा खुफिया तंत्र

मतदान के दिन पुलिस की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कहीं पर किसी भी तरह से अराजकतत्व के मंसूबे पूरे न हो सकें। इसके लिए खुफिया तंत्र को भी अलर्ट रखा गया है, जो समय-समय पर जानकारी उच्चाधिकारियों तक पहुंचाता रहेगा। संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अर्द्धसैनिक बल की तैनाती की गई है, ताकि वहां पर किसी भी तरह की कोई अव्यवस्था न हो सके। इसके अलावा सामान्य मतदान केंद्रों पर भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

18 वर्ष से कम प्रतीत होने पर लिया जाएगा घोषणा पत्र

मतदान केंद्रों पर वोटिंग के दौरान ऐसे भी मतदाता पहुंचते हैं जिनकी आयु को लेकर सवाल उठते हैं। किसी बूथ पर यदि ऐसा मतदाता पहुंचता है जिसका नाम मतदाता सूची में दर्ज और वह निर्धारित आयु 18 वर्ष से कम का प्रतीत होता है तो पीठासीन अधिकारी संबंधित व्यक्ति की पहचान के मानकों से आश्वस्त होने के बाद प्रथम जनवरी को उसकी आयु के बारे में घोषणा पत्र पर भी हस्ताक्षर लेंगे और उसके दंड के बारे में भी अवगत कराया जाएगा, तत्पश्चात मतदान करने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

दृष्टिबाधित मतदाताओं को मिलेगी सहायक की सुविधा

फतेहपुर। लोकसभा चुनाव में 20 मई को होने जा रहे मतदान के दौरान दृष्टिबाधित मतदाताओं को अपने साथ सहयोगी ले जाने की अनुमति मिलेगी। लेकिन इसके लिए सहयोगी को घोषणा पत्र भरना होगा और मतदान के बाद उनकी दाएं हाथ की तर्जनी पर अमिट स्याही लगाई जाएगी। मतदान केंद्र का कोई भी स्टाफ एवं एजेंट ऐसे मतदाताओं का सहयोगी नहीं बनेगा। लोकसभा चुनाव में हर मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का मौका मिले। इसको लेकर चुनाव आयोग द्वारा गाइड लाइन निर्धारित की गई है। ऐसे मतदाता जो दृष्टिबाधित और अशक्त हैं, उनके मतदान को लेकर व्यापक दिशा निर्देश दिए गए हैं। जो वोटर केवल चलने फिरने में असमर्थ हैं, उनके सहायक को मतदान कक्ष में प्रवेश करने की अनुमति नहीं मिलेगी जबकि दृष्टिबाधित मतदाता जो बैलेट बटन को देखने दबाने और पहचानने में असमर्थ हैं या बिना किसी की सहायता के अपना मत नहीं डाल सकते हैं, वह अपने सहायक के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। यदि दृष्टिबाधित मतदाता शिक्षित है तो ब्रेल लिपि का नमूना मतपत्र दिया जाएगा और 18 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी साथी को मतदान कक्ष में अपने साथ ले जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी और उससे घोषणा पत्र भी लिया जाएगा। मतदाता के सहायक के दाएं हाथ की तर्जनी उंगली में अमिट स्याही लगाई जाएगी। इसमें भी यह व्यवस्था की गई है कि पोलिंग स्टाफ अथवा एजेंट ऐसे मतदाताओं का सहयोगी नहीं बन सकता। साथ ही किसी भी व्यक्ति को एक दिन में किसी भी मतदान केंद्र पर एक से अधिक मतदाता के सहयोगी के रूप में कार्य करने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

परीक्षा पास करने पर ही प्रशिक्षण होगा पूरा: डीएम

द्वितीय चरण के चुनाव कार्मिक प्रशिक्षण के दूसरे दिन 38 कार्मिक रहे गैरहाजिर, डीएम ने जताई नाराजगी

लोकसभा चुनाव

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर द्वितीय चरण का कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन भी रविवार को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा कार्मिकों को विभिन्न बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। वहीं निरीक्षण करने पहुंची जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्मिकों से कहा कि प्रशिक्षण को गम्भीरता के साथ लें। इसकी परीक्षा पास करने के बाद ही प्रशिक्षण पूरा माना जाएगा। दूसरे दिन भी दोनों पालियों में मिलाकर 38 कार्मिक अनुपस्थित रहे। जिनके खिलाफ वेतन रोकने की कार्यवाही की गई।

प्रशिक्षण के दौरान दिशा निर्देश देतीं डीएम सी. इंदुमती। अमृत विचार

शहर के ठा. युगराज सिंह महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण दो पालियों में सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने मतदान कार्मिकों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से ईवीएम (वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट) के परिचालन, माकपोल शुरू होने, माकपोल के पश्चात, वास्तविक मतदान

- शांतिपूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए दक्ष किए जा रहे कार्मिक

प्रक्रिया आदि को गम्भीरता के साथ सीख लेने की बात कही। उन्होंने मतदान कार्मिकों से प्रश्न पूछते हुए जानकारी का परीक्षण भी किया। कहा कि प्रशिक्षण की परीक्षा होगी, जिसमें सफल होने पर ही प्रशिक्षण पूरा माना जाएगा। पीठासीन अधिकारी मतदान के दिन प्रयोग होने वाली निर्वाचन सामग्री प्राप्त कर ले और सूची के अनुसार मिलन भी कर लें। उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे मतदान कार्मिकों के लिए बनाए गए फैसिलिटेशन सेन्टर (सुविधा केंद्र) पोस्टल बैलेट, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र को भी देखा। मास्टर ट्रेनरों द्वारा बताया गया कि मतदान प्रारंभ होने के नियत समय 90 मिनट पूर्व माकपोल कराना है। उसके बाद कंट्रोल यूनिट को क्लीयर अवश्य किया जाए। वीवी पैट के ड्रॉप बॉक्स में गिरी माकपोल की पर्ची को निकालकर पीछे मोहर लगाकर काले लिफाफे में रखकर सील किया जाए। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि प्रथम एवं द्वितीय पाली में 2400 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें प्रथम पाली में 11 एवं द्वितीय पाली में 27 कार्मिक अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कार्मिकों का एक दिन का वेतन रोकने की कार्यवाही की गई है। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, शेषमणि सिंह, उपेन्द्र राज सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सड़क हादसों में युवती समेत दो लोग हुए घायल

औंग। थाना क्षेत्र के रेलवे अंडरपास औंग में रविवार की सुबह राजेश निवासी डुंडरा अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। अंडरपास में ही सामने से अचानक एक डंपर आ गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर दीवार से जा टकराई।

हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल और बेहोश हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस को बुलाकर अस्पताल पहुंचाया। इसी तरह एक दिन पूर्व भी इसी अंडरपास में खदरा निवासी मोनिका साहू पुत्री सुनील साहू साइकिल से घर जा रही थी।

जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गई थी। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था

फसल की रखवाली कर रहे किसान पर कुल्हाड़ी से हमला

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- मरणासन्न हालत में छोड़कर भागे हमलावर
- खागा कोतवाली क्षेत्र का मामला, जांच शुरू

अमृत विचार। मूंग की फसल की रखवाली कर रहे किसान पर दो लोगों ने कुल्हाड़ी और लाठी से हमला किया। हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर परिजन खेत पहुंचे। परिजन घायल किसान को एंबुलेंस से कोतवाली लेकर पहुंचे और तहरीर दी। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खागा कोतवाली क्षेत्र के धरमंगदपुर नरवा गांव निवासी नरेंद्र खेती किसानी करते हैं। वह रात को फसल की रखवाली के लिये खेत गया था। रात में नरेंद्र पत्नी से फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान दो लोग पहुंचे और कुल्हाड़ी से नरेंद्र पर जानलेवा हमला कर दिया।

हमलावर नरेंद्र को मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग निकले। फोन पर पत्नी ने हमले की बात सुनकर परिजनों को खबर दी। परिजन खेत पहुंचे और नरेंद्र को जिला अस्पताल ले गए। उपचार के बाद सुबह कोतवाली लेकर पहुंचे। पत्नी ने दो लोगों के खिलाफ घटना की तहरीर दी है। कोतवाल तेज बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है। नरेंद्र की पत्नी ने बताया कि लेनदेन के विवाद में पति पर हमला किया गया है। नरेंद्र का मोबाइल भी मौके पर नहीं मिला है।

अब टैबलेट से भेजना होगा छात्र संख्या

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- छात्रों की उपस्थिति दीक्षा पोर्टल पर होगी दर्ज

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित परिषदीय विद्यालयों में अब टैबलेट से छात्रों की उपस्थिति, दीक्षा पोर्टल, स्विफ्ट चेट बोर्ड से बच्चों को ऑनलाइन शिक्षण देना और निपुण लक्ष्य का आकलन इन सब कार्यों में शिक्षकों की बहानेबाजी नहीं चलेगी। शिक्षकों को स्थानीय स्तर पर डाटा के साथ सिम खरीदने के शिक्षा विभाग में निर्देश जारी किए हैं। इसके बाद शिक्षकों को अब टैबलेट से उपस्थिति समेत समस्त विवरण भेजना अनिवार्य कर दिया गया है।

सरकारी परिषदीय स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं में पढ़ने वाले बच्चों की ऑनलाइन शिक्षण व्यवस्था और बच्चों शिक्षकों की उपस्थिति के साथ अन्य विवरण का डाटा भेजने के लिए जनपद के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को टेबलेट बांटे गए थे। लेकिन टेबलेट मिलने के बाद शिक्षकों की मांग थी कि विभाग द्वारा सिम और डाटा उपलब्ध कराया जाए इसके बाद ही वह समस्त विवरण और बच्चों की उपस्थिति इससे भेजेंगे। शिक्षकों को उपलब्ध कराए गए टैबलेट को चलाने के लिए सिम और डाटा के लिए 2400 रुपये प्रति टैबलेट की शिक्षा विभाग ने ग्रांट भी जारी कर दी थी।

> शिक्षकों को टैबलेट देने के बाद बच्चों की उपस्थिति पोर्टल अपडेट भेजना है। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को टैबलेट चलाने के लिए स्थानीय स्तर पर डाटा के साथ सिम खरीदने के निर्देश दिए गए हैं। टैबलेट के लिए सिम कार्ड स्थानीय स्तर पर मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी की उपलब्धता के मुताबिक खरीदी जाएगी।
>
> – पंकज यादव, बीएसए

जिले के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को स्थानीय स्तर पर डाटा के साथ सिम खरीदने के दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। अब शिक्षकों की ऑनलाइन बच्चों और स्वयं की उपस्थिति के साथ पोर्टल आदि का विवरण अपडेट करने में कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी। इस संबंध में जिला समन्वयक अखिलेश सिंह ने बताया कि शिक्षकों को टैबलेट चलाने के लिए सिम कार्ड और इंटरनेट की सुविधा जिसमें दो माह के व्यय के लिए कंपोजिट स्कूल ग्रांट से तत्काल बजट दिया गया है। जिसमें प्रति टैबलेट 2400 रुपये और दो टैबलेट के लिए अधिकतम 4800 रुपये व्यय किए जाने हैं। इसकी धनराशि का समायोजन विद्यालय को प्राप्त होने वाली कंपोजिट स्कूल ग्रांट से किया जाएगा।

महिला से पड़ोसी ने साथियों समेत किया सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। घर के बगल मे मौजूद कोठरी से भूसा लेने गई महिला के साथ पड़ोसी ने अपने साथियों के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस द्वारा सुनवाई न होने पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने बताया कि 18 फरवरी की रात करीब आठ बजे वह घर के बगल में बनी कोठरी से जानवरों के लिए भूसा निकालने गई थी। तभी पड़ोस के अशोक कुमार अपने दो अज्ञात साथियों के साथ वहां पर आ गया और उसे पकड़ लिया।

आरोपियों ने उसके साथ



- तीन महीने बाद कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट
- शिकायत करने पर जिन्दा जलाने की दी गई थी धमकी

सामूहिक दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर जिन्दा जला देने की धमकी दी। मामले की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में की कोई कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। कोतवाल राजेंद्र सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई हैं।

महिला सफाईकर्मी से युवक ने की मारपीट

संवाददाता फतेहपुर

- बीच बचाव को पहुंचे बेटे को भी कार सवार ने पीटा
- पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को दी मामले की तहरीर

अमृत विचार। रोड पर सफाई कार्य कर रही एक महिला सफाई कर्मी के साथ कार सवार एक व्यक्ति ने अभद्रता करते हुए गाली गलौज की और मारपीट की। बीच बचाव में आए बेटे के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामले की तहरीर पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को दी है।

शहर के अरबपुर निवासी जनक दुलारी ने बताया कि वह नगर पालिका परिषद् में आउटसोर्सिंग में सफाईकर्मी है। रविवार सुबह वह रोड में सफाई कार्य कर रही थी। तभी वहां रामगंज पक्का तालाब स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के पास रहने वाला एक व्यक्ति कार से पहुंचा और रास्ते से कूड़ा वाली गाड़ी हटाने के लिए बोला और वह कूड़े से भरी गाड़ी हटाने का प्रयास करने लगी।

इतने में वह कार से नीचे

कोतवाली पहुंची पीड़िता। अमृत विचार

उतरकर आया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने हाथ पकड़कर मरोड़ दिया।

यह देख उसका बेटा वहां पहुंचा और बीच बचाव का प्रयास करने लगा तो उसे छोड़कर बेटे पर हमला बोल दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। कोतवाली पुलिस को मामले की तहरीर देकर उसने कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

यमुना में नहाने गया युवक डूबा, तलाश जारी

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- मामा के साथ यमुना नहाने गया था युवक
- पुलिस गोताखोरों की मदद से कर रही तलाश

अमृत विचार। मामा और मौसेरे भाइयों के साथ यमुना नदी में नहाने गया एक युवक नदी में डूब गया। घटना के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव की तलाश शुरू की लेकिन देर शाम तक युवक का कहीं कुछ पता नहीं चल सका। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

ललौली क्षेत्र के समदपुर निवासी निखिल और उसका भाई सागर अपने मामा गब्बर निवासी बेंदा व अपने दो मौसेरे भाई सुमित और अमित के साथ रविवार को यमुना नदी में नहाने गया था।

यमुना में नहाते समय निखिल, अमित और सागर नदी में डूबने लगे। यह देख साथ में मौजूद मामा और सुमित ने किसी तरह से अमित और सागर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस दौरान गहराई में जाकर निखिल नदी में डूब गया। साथ में मौजूद रिश्तेदारों ने तत्काल परिजनों व पुलिस को मामले की सूचना दी।

मामला बांदा का होने के चलते सूचना पर बांदा जनपद के तिंदवारी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय मछुआरों और गोताखोरों को बुलाया। कुछ ही देर में पहुंचे गोताखोरों ने युवक की तलाश शुरू की लेकिन देर शाम खबर लिखे जाने तक उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। पुलिस गोताखोरों की मदद से तलाश करती रही।

कच्ची छत में पानी डालने के विवाद में हुई मारपीट

बिंदकी। कच्ची छत में पानी डालने के विवाद में दो पक्ष के बीच मारपीट हो गई। दो लोग घायल हो गए।

कोतवाली क्षेत्र के तेंदुली गांव में विनय कुमार के कच्ची छत में बच्चों ने शौच क्रिया कर दी। जिसकी शिकायत विनय ने पड़ोसी वीरेंद्र से की। जिसके बाद वीरेंद्र ने समरसेबल से पाइप लगाकर कच्ची छत की धुलाई शुरू कर दी। जिसके चलते कच्ची छत में भर गया और पानी नीचे चला गया। जिसके चलते विनय का आरोप है कि उसका अनाज भी गीला हो गया। इसी बात को लेकर विनय और वीरेंद्र के पक्ष के बीच मारपीट शुरू हो गई। मारपीट की घटना में विनय व वीरेंद्र दोनों घायल हुए। दोनों लोग पुलिस के पास पहुंचे और मामले की तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्ष की शिकायत पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने दोनों को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है।

धूमधाम से मनाया श्री विष्णु लक्ष्मी जी का सातवां स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। शहर के सिद्धपीठ श्री मोटेश्वर महादेव मंदिर में श्रीविष्णु लक्ष्मी जी का 7वां स्थापना दिवस और भंडारा उत्साह के साथ मनाया गया। भक्तों ने गीत संगीत के साथ सुंदरकांड पाठ किया। इसके बाद आयोजित भंडारे में साधु संत एवं कन्याओं के साथ भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर परिसर में आयोजित भंडारा देर शाम तक चला। कार्यक्रम के आयोजक जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरण ने बताया कि मोटे महादेवन मंदिर में सन 2017 में श्री विष्णु तथा लक्ष्मी जी की मूर्ति स्थापित की गई थी। जिसका वार्षिकोत्सव सुंदरकांड व भंडारे के साथ कराया गया। आचार्य विमला कांत, आचार्य रवि शंकर व आचार्य अचल त्रिपाठी ने विधि विधान के साथ पूजा कराई। सुन्दर काण्ड में

स्थापना दिवस में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। अमृत विचार

मुख्य रूप से केन्द्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, खागा विधायक कृष्णा पासवान, राजेन्द्र त्रिवेदी, शोभा सिंह, जयप्रकाश सिद्धार्थ, गिरजा शंकर श्रीवास्तव, नमामि गंगे के जिला संयोजक शैलेंद्र शरण सिंपल, अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार गुप्त, संजय गुप्ता, राम प्रकाश गुप्ता, अमिताभ बिहारी शरण, सुरेंद्र पाठक समेत अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

भाभी के उकसाने पर भाई ने बहन को पीटा

थरियांव। थाना क्षेत्र के बरई खुर्द निवासी कोमल देवी सुबह खाना पका रही थी। तभी कुछ देर बाद भाभी के उकसाने पर भाई ने बहन को लात-घूसों और डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया कि पिता को लकवा की बीमारी हो जाने के कारण बोलने और चलने में असमर्थ थे। बेटी कोमल देवी और मां मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करते हैं। पुलिस को दी तहरीर में बताया कि भाई मनोज कुमार भाभी के कहने पर गलत आरोप लगाकर उसे जमकर पीट दिया। बीच बचाव करने मां पहुंची तो उसे भी मारा पीटा। थाना प्रभारी रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

कच्ची शराब के साथ हुआ गिरफ्तार

औंग। थाना क्षेत्र के गोधरौली गांव निवासी पुत्तन पासवान पुत्र कुल्ही पासवान शनिवार की शाम पुलिस ने करचलपुर के पास से संदिग्ध हालात में पकड़ लिया। तलाशी दौरान पुलिस ने उसके पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया है।

बाइक चोरी की दी तहरीर

थरियांव। थाना क्षेत्र के करियामऊ गांव में तेरहवीं संस्कार में गए भारतपुर मजरे रामपुर थरियांव निवासी दिलीप कुमार की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित ने बताया कि घर के बाहर बाइक खड़ी कर खाना खाने लगा था। उसी दौरान बाइक चोरी हो गई। काफी तलाश की लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका। रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

डग्गामार वाहन रोज लगा रहे लाखों रुपये की चपत

फतेहपुर। शहर में दौड़ रहे डग्गामार वाहनों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। जिससे रोडवेज विभाग को लाखों रुपये के राजस्व की चपत लग रही है। रोडवेज बसस्टाप से होने वाला डग्गामार वाहनों का संचालन खुलेआम दिखाई पड़ता है। इसके बावजूद इन डग्गामार वाहनों के संचालन पर रोक नहीं लग पा रही। जिससे यात्रियों के साथ ही विभाग को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताते हैं कि जिले के विभिन्न ग्रामीणांचलों सहित गैर जनपद का होने वाला डग्गामार वाहनों के संचालन पर अंकुश न लगाए जाने के कारण प्रतिदिन रोडवेज को लाख रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। रोडवेज बसस्टाप से कम से कम एक किमी की दूरी तक कोई भी डग्गामार वाहनों का संचालन न किए जाने का शासनादेश है। इसके बावजूद सम्बंधित विभाग की लापरवाही के कारण सरकारी बसस्टाप से महज बीस मीटर की दूरी पर डग्गामार वाहनों का संचालन बे-रोकटोक किया जाता है। जिस पर अंकुश नहीं लग पा रहा, वहीं रोडवेज बसों से जाने वाली सवारियां डग्गामार वाहनों में सफर कर रहे हैं।

आयोजन रंगोली व सलाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, माताओं ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

ममता और वात्सल्य की देवी माताओं ने मातृ दिवस पर बिखेरे जलवे

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में रविवार को मातृ दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय की डायरेक्टर प्राची श्रीवास्तव, प्रबन्धतन्त्र की ओर से संजय श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, अनुराधा श्रीवास्तव, बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर रूपेश दुबे, विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ पद्मालया दास चौधरी, हेड मिस्ट्रेस रीना शुक्ला, आशुतोष पाण्डेय, लालजी श्रीवास्तव, तबस्सुम सिद्दीकी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।

स्वागत है आपका गीत गाकर बच्चों ने अतिथियों का स्वागत किया। रंगारंग कार्यक्रमों के दौर में महेन्द्र का मेरी मां गीत कर्णप्रिय रहा। मिस ऑनद्रिला द्वारा निर्देशित नन्हे-मुन्ने का नृत्य जीना जीना

मदर्स डे पर मातृशक्तियों का हुआ सम्मान। अमृत विचार

रे दर्शकों को भावविभोर कर गया। माताओं के मध्य विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में श्वेता प्रथम, सोनी द्वितीय, शालिनी वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। साथ ही सलाद व फल सजाने की प्रतियोगिता में खुशबू प्रथम, आकांक्षा द्वितीय, बीना तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं संजू व अनीता को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ने कहा कि बच्चों की प्रथम पाठशाला उसका परिवार और उसकी प्रथम शिक्षिका मां होती है मां की ममता और पिता का अनुशासन किसी भी मनुष्य के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाता है।

बच्चों ने धूमधाम से मनाया मदर्स डे: फतेहपुर। सांई सिटी इंटर कॉलेज व मां सरस्वती ज्ञान मंदिर जयराम नगर में रविवार को मातृ दिवस को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की डायरेक्टर रेखा सिंह गौर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें ग्रीटिंग कार्ड, मेहंदी, गीत, नृत्य समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक पवन सिंह गौर ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों कक्षा-12 से लिमरा सिद्दीकी, कक्षा 11 से राशिका पाल, कक्षा 10 से मोहम्मद समीर, कक्षा 9 से सिद्धार्थ आनंद, कक्षा 8 से सुचेता, कक्षा 7 से अनन्या, कक्षा 6 से अनुष्का दीक्षित, कक्षा 5 से आदर्श त्रिपाठी, कक्षा 4 से अर्पित यादव, कक्षा 3 से शगुन यादव, कक्षा 2 से दीपिका, कक्षा एक से अयांश, कक्षा केजी से एकांश को पुरस्कृत करते हुए कहा कि मां कुदरत का दिया हुआ एक वरदान है, जो हमेशा अपने बच्चों,घर व परिवार के लिए समर्पित रहती है। कार्यक्रम का समापन करते हुए प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने कहा कि मां त्याग, प्रेम, दया और स्नेह की मूर्ति होती है। कहा कि हम सभी संकल्प लें कि मां के बताए हुए मार्ग पर चलेंगे और मां को कभी दुख नहीं पहुंचाएंगे।

इस मौके पर रणवीर सिंह, फारुख खान, चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव, संजय सिंह, रावेंद्र प्रताप, रवि सिंह, अतुल कुमार, राजेश वर्मा, रेखा श्रीवास्तव, मनोरमा, जयश्री, नैंसी पाण्डे, प्रिंसी मिश्रा, पूजा त्रिवेदी, अनुराधा, प्रतिभा सिंह, राजेंद्र पाल, रतन सिंह, राजेंद्र प्रसाद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

वृद्धा आश्रम में बुजुर्ग महिलाओं का किया गया सम्मान

फतेहपुर। मदर्स-डे पर स्वीप आइकॉन और समाज सेवी ने वृद्धा आश्रम में रहने वाली बुजुर्ग महिलाओं को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही चिकेनपॉक्स बीमारी से बचाव के लिए निशुल्क दवा का वितरण किया। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मवइया वृद्धा आश्रम में रविवार को मदर्स-डे पर स्वीप आइकॉन अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में पहुंचे लोगों ने आश्रम में रहने वाली बुजुर्ग महिलाओं का पैर धोकर फूल की माला पहनाकर स्वागत किया। कैम्प लगाकर आश्रम में वृद्धजनों का मेडिकल चेकअप किया। उन्होंने बताया कि इस बार पड़ रही भीषण गर्मी में चिकेनपॉक्स बीमारी से बचाव को देखते हुए मदर्स-डे पर वृद्धा आश्रम की बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान किया गया और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने की निशुल्क दवा का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने मां का सम्मान नही करते है ऐसे लोग कभी खुश नहीं रहते। वृद्धा आश्रम में जो बुजुर्ग महिलाओं रह रही है उनके परिवार नहीं है। इसलिए मदर्स डे पर बुजुर्ग माताओं के सम्मान करने के बाद चिकेनपॉक्स बीमारी से बचाव के लिए दवा दिया गया है। इस दौरान वृद्धा आश्रम की वार्डेन नीतू वर्मा, अशोक कुमार, दीपक, अभिनव श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं **शरद चंद श्रीवास्तव व पूनम श्रीवास्तव व भावना श्रीवास्तव, पुत्र / पुत्री स्वर्गीय सुरेश चंद्र श्रीवास्तव निवासी–551के /ओ–1181, भिलावां, साकेतपुरी, आलमबाग, लखनऊ– 226005** के हैं। हमारे भवन संख्या– 551के/ 1181 मिनजुमला खसरा संख्या– 356 स्थित मिलावा, साकेतपुरी आलमबाग लखनऊ से संबंधित दस्तावेज जो घनश्याम गुलाटी के पक्ष में दिनांक 29/02 /1960 को निष्पादित हुआ था तथा नोटरी पावर आफ एटॉर्नी दोनों दस्तावेज कही गुम हो गए हैं। जिस किसी को मिले तो दिए गए पते पर दे दे। जिसका दुरुपयोग दंडनीय होगा।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम फ्रांसिस यादव उर्फ बब्लू पुत्र लक्ष्मन प्रसाद यादव था। अब वर्तमान में मैंने अपना नाम बदलकर फूल सिंह यादव कर लिया है। अतः अब मुझे **फूल सिंह यादव पुत्र लक्ष्मन प्रसाद यादव (जन्मतिथि 28–08–2001), निवासी– 57/58 मोहल्ला– वजीरहसन रोड, जिला–लखनऊ 226001** से जाना पहचाना जाए।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाई स्कूल सीबीएसई वर्ष 2013 अनुक्रमांक – 5129977 के अंक पत्र में पिताजी का नाम त्रुटिवश GHYAN SHANKAR MISHRA अंकित हो गया है, जबकि वास्तविक नाम GYAN SHANKAR MISHRA है। DEVANSH MISHRA S/O GYAN SHANKAR MISHRA, **निवासी– सेखुई कलां, जिला– बलरामपुर**

बस में पोलिंग पार्टियों से जानकारी करते जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल।

मंडी समिति कन्नौज में अपनी-अपनी बस का नंबर देखते सुरक्षाकर्मी।

बूथों के लिए बस में बैठकर रवाना होते मतदानकार्मिक। अमृत विचार

महिलाओं के लिए बनाए गए पिंक बूथ

- जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने को पिंक बूथ बनाए गए हैं। इनमें नगर पालिका परिषद छिबरामऊ, मंडी समिति तिर्वा व नगर पालिका के मीटिंग हाल कन्नौज शामिल हैं। वहीं, तालग्राम क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खांड़ेदेवर, तिर्वा के दीनानाथ इंटर कॉलेज व कन्नौज के जिला पंचायत सरायमीरा में दिव्यांग बूथ बनाए गए हैं। यहां दिव्यांग मतदान कार्मिकों को नियुक्त किया गया है।

19.88 लाख मतदाता लिखेंगे 15 प्रत्याशियों की 'किस्मत'

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए आज सुबह सात बजे से होगा मतदान, जिले को 16 जोन और 140 सेक्टरों में बांटा गया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए आज सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा, जो शाम छह बजे तक चलेगा। किसी बूथ पर शाम छह बजे तक मतदाताओं की लंबी कतार लगी है तो अंतिम वोट पड़ने तक मतदान जारी रहेगा। लोकसभा क्षेत्र के पांचों विधानसभा क्षेत्र के 19.88 लाख मतदाता आज 15 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। जिला प्रशासन ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की तैयारियां पूर्ण कर लीं हैं।

चौथे चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां सभी 1519 बूथों पर पहुंच चुकीं हैं। सुबह पांच बजे पोलिंग एजेंटों की नियुक्ति के बाद मॉकपोल कराया जाएगा, जिसमें प्रत्येक एजेंट ईवीएम में अपने प्रत्याशी के लिए दस-दस वोट डालेंगे। इसके बाद पीठासीन अधिकारी वोटों और वीवीपैट की पर्चियों को उनके सामने गिनकर ईवीएम को क्लियर करेंगे। ईवीएम को पुनः सील कर सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा जो शाम छह बजे तक चलेगा। जिला प्रशासन ने सभी मतदाताओं से वोट डालने की अपील की है। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें छिबरामऊ, तिर्वा व कन्नौज सदर जिले में हैं। रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र कानपुर देहात व बिधूना विधानसभा क्षेत्र औरैया जनपद के अंतर्गत आता है। लोकसभा क्षेत्र में 19,88,925 मतदाता हैं, जबकि जिले में 12,90,391 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले को 16 जोन व 140 सेक्टर में बांटा गया है। बूथों की सुरक्षा को पैरामिलिट्री फोर्स लगाया गया है।

तालग्राम क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय समधन बूथ पर की गई सजावट। अमृत विचार

छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मतदाता

- कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा क्षेत्रों में छिबरामऊ में सबसे अधिक 478881 वोटर हैं, जिनमें 224221 महिलाएं हैं। यहां का ईपी रेशियो भी 63.08 प्रतिशत है। क्षेत्रफल के अनुसार भी यह जिले की सबसे बड़ी तहसील है और यहां कुल आबादी के सापेक्ष 63 प्रतिशत से अधिक मतदाता हैं। वहीं, रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 3.30 लाख मतदाता हैं। तिर्वा में कुल आबादी के सापेक्ष 64.25 प्रतिशत मतदाता हैं।

15977 युवा मतदाता करेंगे पहली बार वोट

- लोकसभा क्षेत्र में 15977 युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। निर्वाचन विभाग के अनुसार छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 6579 युवा मतदाता हैं, जबकि तिर्वा में 4764 और कन्नौज सदर में 4634 युवा पहली बार वोट करेंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सदर विधानसभा क्षेत्र के हुमैरा मिल्ली गर्ल्स इंटर कॉलेज में एक युवा बूथ बनाया गया है, जहां मतदान कार्मिक और सभी सुरक्षा कर्मी युवा ही होंगे।



85 साल से ऊपर के मतदाता बढ़ाएंगे हौसला

- जिले में 85 साल से ऊपर के 10,222 मतदाता हैं, जो वोटरों का हौसला बढ़ाएंगे। हालांकि 100 बुजुर्ग मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया था। शेष ने पोलिंग बूथ पर जाकर वोट डालने की इच्छा जताई है। छिबरामऊ में 3800, तिर्वा में 3422 और कन्नौज सदर में 3000 बुजुर्ग मतदाता आज लोकतंत्र के महायज्ञ में आहुति देंगे। हालांकि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद पांच बजुर्गों की मृत्यु भी हो चुकी है।

लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की स्थिति

विधानसभा क्षेत्र	पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	कुल मतदाता
196-छिबरामऊ	254640	224221	20	478881
197-तिर्वा	204569	176706	22	381297
198-कन्नौज	228667	201532	14	430213
202-बिधूना	200293	167316	25	367634
205-रसूलाबाद	176717	154169	14	330900
योग	1064886	923944	95	1988925

निगम मंडी से ईवीएम लेकर जाती शिक्षिका व मतदान अधिकारी। अमृत विचार

मैदान में ये प्रत्याशी

राजनीतिक दल	चुनाव चिह्न	प्रत्याशी
समाजवादी पार्टी	साइकिल	अखिलेश यादव
बहुजन समाज पार्टी	हाथी	इमरान बिन जफर
भारतीय जनता पार्टी	कमल	सुब्रत पाठक
राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी	गन्ना किसान	आलोक वर्मा
भारतीय कृषक दल	चारपाई	प्रमोद कुमार यादव
भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी	केतली	शैलेंद्र कुमार
भारतीय शक्ति चेतना पार्टी	बांसुरी	सुनील कुमार
ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक	शेर	सुभाष चंद्र
निर्दलीय	एयर कंडीशनर	इरफान अली
निर्दलीय	अलमारी	पुरुषोत्तम तिवारी
निर्दलीय	ऑटो रिक्शा	भानु प्रताप सिंह
निर्दलीय	सेब	यादवेंद्र किशोर
निर्दलीय	बेबी वॉकर	राज कठेरिया
निर्दलीय	स्टेथोस्कोप	ललित कुमारी
निर्दलीय	कैंची	सिनोद कुमार

केके इंटर कॉलेज बूथ पर काम करते पीठासीन व मतदान अधिकारी। अमृत विचार

प्रपत्रों का मिलान व लिखापढ़ी करते पीठासीन व मतदान अधिकारी। अमृत विचार

इनकी साख दांव पर

भाजपा के सामने सीट बचाने की चुनौती

सुब्रत पाठक।

भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुब्रत पाठक मौजूदा सांसद हैं और क्षेत्र में भाजपा के चार विधायक भी हैं, जिनमें एक प्रदेश सरकार में मंत्री भी हैं। ऐसे में भाजपा के सामने सीट को बनाए रखने की भरपूर चुनौती है। इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष व आठों ब्लॉक प्रमुख भी भाजपा के हैं। ऐसी स्थिति में भाजपा सीट जीतने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

समाजवादी पार्टी की प्रतिष्ठा लगी दांव पर

अखिलेश यादव।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव यहां से स्वयं चुनाव लड़ रहे हैं, ऐसे में पूरी पार्टी की प्रतिष्ठा दांव पर है। सपा इंडी गठबंधन और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के सहारे मैदान में है। अखिलेश यहां से तीन बार सांसद रह चुके हैं। किसी समय यह लोकसभा क्षेत्र सपा का गढ़ कहा जाता था। ऐसे में इसको पुनः हासिल करने के लिए सपा भी हाड़तोड़ मेहनत कर रही है।

खाता खोलने को बेताब दिख रही बसपा

इमरान।

कन्नौज लोकसभा सीट पर बसपा का कभी खाता नहीं खुला है, हालांकि कई बसपा यहां दूसरे स्थान पर रह चुकी है। इस बार बहुजन समाज पार्टी ने युवा उद्योगपति इमरान बिन जफर को प्रत्याशी बनाया है, जो बसपा के परंपरागत वोट बैंक के सहारे मैदान में है और मुस्लिम वोटरों में भी सेंधमारी कर रहे हैं। बसपा ने भी इस सीट पर काफी मेहनत की है। इमरान के मैदान में आने से यहां मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

निगम मंडी कन्नौज में ड्यूटी कटवाने को सेक्टर मजिस्ट्रेट के सामने रोती महिला।

बूथों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां, आज बरसेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए आज बूथों पर वोट बरसेंगे। तीनों विधानसभा क्षेत्र के 1519 बूथों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच चुकीं हैं। इससे पहले छिबरामऊ, तिर्वा व कन्नौज सदर से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। पोलिंग पार्टियों को बसों से पोलिंग बूथों पर भेजा गया।

रविवार को शहर के निगम मंडी से 485 पोलिंग पार्टियों को क्षेत्र के पोलिंग बूथों पर भेजा गया। एसडीएम सदर अविनाश कुमार गौतम की देखरेख में सभी पार्टियों को लेखन सामग्री और ईवीएम देकर बसों से बूथों पर दोपहर दो बजे तक भेज दिया गया। इसी तरह छिबरामऊ में 547 पोलिंग पार्टियों को निगम मंडी से भेजा गया तो तिर्वा में डीएन इंटर कॉलेज से 487 पार्टियों को भेजा गया। इसी तरह बिधूना में 404 तथा रसूलाबाद में 384 पोलिंग पार्टियों को भेजा गया। दोपहर तक सभी पोलिंग पार्टियां बूथों पर पहुंचीं, जहां सेक्टर मजिस्ट्रेट ने उपस्थिति दर्ज की। बूथों पर पहुंचने के बाद पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों ने अभिलेखीय दस्तावेजों का मिलान किया और मतदान के लिए तख्तियां लगाने समेत सभी आवश्यक कार्य पूर्ण किए।

ईवीएम चेक करते कार्मिक।

मतदान केंद्रों पर सुरक्षा कड़ी

गुरसहायगंज। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के लिए क्षेत्र के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। रविवार को प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने पोलिंग बूथों पर जाकर सुरक्षा का जायजा लिया तो वहीं अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने नगर के सभी बूथों पर शौचालय, बिजली, पानी एवं साफ-सफाई की स्थिति देखी। कोतवाली क्षेत्र के 146 मतदेय केन्द्रों के 251 बूथों पर आज मतदान होना है। जिसमें 10 क्रिटिकल व एक वर्नेबल बूथ है।

कन्नौज मंडी स्थल में बूथ की ड्यूटी लेते मतदानकार्मिक। अमृत विचार

आखिरी समय तक कटती रहीं चुनाव की ड्यूटियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- रिजर्व कर्मियों को मिलीं जिम्मेदारियां, कई मतदान कार्मिकों ने काटी कन्नी
- बीमार व गोद में बच्चा लेकर पहुंचीं महिलाओं ने परेशानियां गिनाकर लगाई गुहार

अमृत विचार। शहर के जीटी रोड किनारे स्थित नवीन कृषि मंडी समिति से रविवार को बूथों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। इस दौरान चुनाव ड्यूटी कटाने के लिए भीड़ लगी रही। कई ड्यूटियां जुगाड़ से काटी गईं तो कुछ महिला कार्मिकों ने गोद में लिए बच्चे व खुद के बीमार होने का हवाला देते हुए जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने की गुहार लगाई।

लोकसभा क्षेत्र के 13 मई यानि आज होने वाले मतदान से एक दिन पहले आखिरी समय में पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारियों की चुनाव ड्यूटियां काटी गईं। जिनकी ड्यूटी काटी गईं उनके स्थान पर पहले से ही रिजर्व में रखे गए मतदानकार्मिकों को पोलिंग पार्टियों में शामिल कर दिया गया। एक महिला मतदान कार्मिक ने बताया कि उसकी रीढ़ में दिक्कत हैदूसरी महिला कार्मिक ने बताया कि गोद में छह महीने का बच्चा है। उसे बूथ पर भेजा जाएगा तो बच्चे की देखभाल कौन करेगा। रात में बच्चे को देखने व दूध पिलाने के लिए कोई नहीं है। डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी ने जिसकी चाही उसकी ड्यूटी काटी और जिसकी चाही उसकी लगाई। रिजर्व कर्मियों को बूथों पर भेजा।

... जब दीप्ती सिंह को आ गया तरस

एक महिला मतदानकर्मी के पैर में दिक्कत थी। उसने चुनाव ड्यूटी काटने की मांग रखी। इस पर पारस्परिक ड्यूटी लेने वाले कर्मी की तलाश करने को कहा गया। सहायक अध्यापक दीप्ती सिंह ने महिला के पैर की समस्या को देखते हुए रिजर्व से हटाकर बूथ पर भेजने वाली ड्यूटी लगाने की मांग कर दी। उसके बाद वह बूथ के लिए रवाना हो गईं।

ड्यूटी कटवाने को रोतीं, गिड़गिड़ातीं रहीं शिक्षिकाएं

निगम मंडी में ड्यूटी कटवाने के लिए कई शिक्षिकाएं अधिकारियों के सामने रोतीं गिड़गिड़ातीं रहीं। मानीमऊ क्षेत्र के एक विद्यालय की शिक्षिका ने बीमारी का हवाला देकर सेक्टर मजिस्ट्रेट से ड्यूटी कटवाने की गुहार लगाई। इस पर सीओ सिटी कमलेश कुमार ने उसे हड़का दिया और एफआईआर की चेतावनी दी। इस पर शिक्षिका जोर-जोर से रोने लगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट ने उसे डीएम व डीडीओ के पास भेज दिया। वहीं, डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी के सामने भी कई शिक्षिकाएं ड्यूटी कटवाने के लिए गुहार लगातीं रहीं। जिनको वास्तव में परेशानी थी, उन्हीं की ड्यूटी काटकर उनके स्थान पर रिजर्व कार्मिकों को भेजा गया।

सियासत सांसद सुब्रत पाठक सीट बचाने और सपा वापसी की जुगत में, मुलायम ने यहीं से शुरू करवाई थी अखिलेश की राजनीति

गढ़' और 'घर' का रण, वोट की चोट बताएगी जन का है क्या मन

इरा अवस्थी, कन्नौज

- सांसद सुब्रत पाठक का कहना उनका गढ़ है तो मेरा 'घर'
- इमरान बिन के जरिए बसपा ने खेला त्रिकोणात्मक दांव

अमृत विचार। पिछले कई दिनों से चल रहे लोकसभा चुनाव प्रचार के बाद आखिर वह दिन आ ही गया है जब जनता अपना मनपसंद प्रतिनिधि चुनेगी। रणक्षेत्र काफी दिनों से तैयार है बस अब रण की बेला आ गई है और पोलिंग पार्टियों के बूथों पर पहुंचने के साथ ही शंखनाद हो गया है। आज सभी योद्धा मैदान में डटेंगे। मुख्य मुकाबले में माने जा रहे भाजपा सांसद सुब्रत पाठक और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, दोनों के सामने क्रमशः 'घर' और 'साख' बचाने का सवाल है। आज जनता अपने वोट के माध्यम से अपना मन खोलकर रखेगी और प्रत्याशियों को नंबर देगी।

लोकसभा क्षेत्र कन्नौज प्रख्यात समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की कर्मभूमि रहा है। इसके साथ ही खुद को उनका शिष्य बताते रहे स्व. मुलायम सिंह ने भी यहां से चुनाव लड़ा और फिर बेटे अखिलेश की राजनीति भी यहीं से शुरू करवाई। ऐसे में कई बरसों से यह क्षेत्र देश की राजनीतिक परिदृश्य में छाया रहा। इस बार भी करीब 15 साल के अंतराल के बाद जब मुलायम सिंह इस दुनिया में नहीं हैं तो उनके पुत्र व सपा अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस जमीन पर वापसी की है। वे यहां से चौथी बार चुनाव लड़ रहे हैं। कई साल तक सपा का गढ़ कहे जाने वाले कन्नौज का यह तमगा पिछले चुनाव 2019 में भाजपा ने छीन लिया था। इस चुनाव में तत्कालीन सांसद और अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव को हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद के सालों में सांसद सुब्रत व अखिलेश के बीच समय-समय पर शीतयुद्ध के क्रम में जुबाना वार-प्रतिवार चलते रहे। साथ ही डिंपल की हार की कसक भी अखिलेश के मन में थी। शायद इसका ही नतीजा था कि वर्ष 2022 में एक निजी कार्यक्रम में कन्नौज पहुंचे अखिलेश ने यहां से फिर चुनाव लड़ने की मंशा जता दी थी। यह बात अलग है कि चुनाव की घोषणा के बाद कभी हां तो कभी न वाला अंदाज दिखाई दिया। आखिरकार अंतिम क्षणों में उन्होंने नामांकन कर मैदान में ताल ठोंक दी। इस पर सांसद ने कहा था कि कोई फर्क नहीं पड़ता। पहले भी अखिलेश और उनकी पत्नी से चुनाव लड़ चुके हैं। सपा की तरफ से कहा गया कि यह उनका 'गढ' रहा है तो सांसद ने साफ कहा कि उनका गढ़ है तो मेरा 'घर' है। खास बात यह कि सांसद को प्रचार का पर्याप्त समय मिला क्योंकि उनको टिकट की घोषणा दो मार्च को ही हो गई थी जबकि सपा प्रत्याशी को अपेक्षाकृत समय कम मिला। इस समय में भी उन्होंने कन्नौज में रोडशो, जनसभा के अलावा कांग्रेस के महासचिव राहुल गांधी की जनसभा कराकर जनता का मन टटोला भी और प्रभावित करने का भी प्रयास किया। अंतिम क्षण तक उनकी पत्नी-बेटी और चाचा भी जनसंपर्क कर मतदाताओं से वोट की अपील करते रहे।

यूं तो बहुजन समाज पार्टी से इमरान बिन जफर ने भी मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ी। पिछले दिनों उनके पक्ष में तेराजाकेट पहुंचीं पार्टी सुप्रीमो मायावती ने जनसभा संबोधित की थी। खास यह कि मायावती कन्नौज करीब पांच साल के अंतराल बाद आई थीं। राजनीतिक जानकारों के अनुसार बसपा ने पूरा जोर लगाकर लड़ाई को त्रिकोणात्मक रूप देने का प्रयास किया है लेकिन फिर भी मुकाबला आमने सामने का होते नजर आ रहा है। इन तीनों के अलावा विभिन्न क्षेत्रीय दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या 12 है। ये भी कुछ न कुछ वोटों का हिस्सा ले जाएंगे। देखना यह होगा अब तक मौन साधे जनता मुखर होकर किसे चुनेगी और किसे नकारेगी।

गांगेमऊ पीएचसी पर तड़पती रही मरीज, नहीं मिले डॉक्टर

मरीज-तीमारदार बोले, नियमित 11 बजे के बाद ही अस्पताल पहुंचते हैं डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- उपचार न मिलने पर मरीज को लेकर चले गए परिजन
- डॉक्टर का तर्क, उनको फंसाने का आशा कर रही प्रयास

गांगेमऊ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर तड़पती महिला मरीज।

अमृत विचार। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गांगेमऊ पीएचसी पर प्रभारी चिकित्साधिकारी के न मिलने से महिला मरीज के पेट दर्द से जमीन पर कराहते रहने का मामला सामने आया है। इलाज न मिलने पर परिजन उसे अन्य अस्पताल लेकर चले गये। यह हाल तब है जब रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाना था। मरीजों ने डॉक्टर के रोज ही 11 बजे के बाद अस्पताल आने का आरोप लगाया है।

रविवार को पीएचसी में नौ बजे प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप दोहरे नदारद थे। उमरायपुर्वा गांव निवासी मरीज सीमा नौ बजे अस्पताल पहुंची तो डॉक्टर नहीं मिले। इससे वह अस्पताल परिसर के गेट पर लेटकर डॉक्टर आने की प्रतीक्षा करने लगी। काफी देर तक प्रतीक्षा करने के बाद भी जब वह नहीं पहुंचे तो और मरीज की हालत खराब होने लगी। इस पर परिजन उसे बाइक पर बैठा कर अन्य अस्पताल ले गये। यही नहीं अस्पताल में दो किशोर भी दवा लेने पहुंचे। इसमें एक के नाक तो दूसरे की आंख के पास चोट लगी थी। जानकारी करने पर मरीज ने बताया कि अक्सर डॉक्टर अस्पताल में 11 बजे के बाद आते हैं। इससे मरीजों को समय से इलाज मिलने में दिक्कत होती है। रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन होना है। इस संबंध में डॉ. प्रदीप दोहरे का कहना है कि कुछ आशा उनके खिलाफ षडयंत्र रच रही हैं। कोई बीमार नहीं था। आशा खुद अपने को बीमार बता कर उनको फंसाने का प्रयास कर रहीं हैं। वह नियमित समय पर अस्पताल पहुंचते हैं।

रंजिश में हत्या का आरोप, दो पर रिपोर्ट

सौरिख,कन्नौज। ट्रैक्टर चढ़ने से बाइकसवार की मौत के मामले में पिता ने दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नादेमऊ चौकी क्षेत्र के गांव जगदीशपुर निवासी रामनिवास ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि शनिवार दोपहर उसके 22 वर्षीय पुत्र अतुल कुमार को गांव के भानु सिंह व सौरभ सिंह ने रंजिश में मार डाला। बाद में मौत को दुर्घटना दिखाते हुए उसके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ट्रैक्टर थाने खड़ा कर दिया। आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक सचिन प्रताप सिंह ने बताया कि शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा। बता दें कि शनिवार दोपहर ट्रैक्टर चालक व बाइकसवार अतुल आमने सामने खड़े होकर बात कर रहे थे। इस दौरान चालक ने ट्रैक्टर चला दिया जो बाइक पर चढ़कर पलट गया जिससे अतुल की दबने से मौत हो गई थी।

मां के बिना अकल्पनीय है सृष्टि

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- मदर्स-डे पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन
- कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया उत्साहवर्धन

छात्र को मां सरस्वती का चित्र भेंट करते संस्थापक व प्रधानाचार्य।

अमृत विचार। जीटी रोड तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज में रविवार को मदर्स-डे मनाया गया। संस्थापक अशोक कुमार व संस्थापिका ज्ञानप्रभा देवी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गीतों की प्रस्तुति दी। कक्षा व कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया।

संस्थापक अशोक कुमार ने कहा कि एक बच्चे के लिए मां उसकी पहली गुरु, मित्र होती है। जब भी हमें चोट लगती है और दर्द होता है तो हमारे मुंह से पहला शब्द मां ही निकलता है। मां के बिना सृष्टि अकल्पनीय है।

प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कहा कि धरती पर ईश्वर ने अपने स्थान पर मां को भेजा है। मां वो शब्द है, जिसमें दुनिया का प्यार और स्नेह छिपा होता है। छात्र-छात्राओं ने तू कितनी अच्छी हैं, तू कितनी भोली हैं। तेरी उंगली पकड़ के चला जैसे गीतों पर अभिनय कर माताओं व शिक्षकों का मन मोह लिया।

इस दौरान शिक्षक सरनाम सिंह, सीपी गुप्ता, मनमोहन सिंह, नवनीत कुमार, वीरेन्द्र सिंह, विकास कुमार, ओमेन्द्र सिंह, अमन यादव, फूल मोहम्मद, आरती राजपूत, अल्का दुबे, सलोनी, सीमा राजपूत, नाजरीन बानो, संध्या यादव, स्वाती अवस्थी, संजू यादव, मुस्कान इदरीसी, प्रतिभा, वैष्णवी पाल, शिवानी दुबे, लक्ष्मी शर्मा, रागिनी, निधी पाल, दीपिका तिवारी, प्रभा सिन्हा, शालिनी, प्रतिभा कुशवाहा, मनाली वर्मा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

मतदान के दिन मंडी समिति की ओर नहीं जाएंगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



- यातायात प्रभारी ने कई रूटों का किया डायवर्जन
- शहर व कस्बों में भारी वाहनों का प्रवेश नहीं होगा

अमृत विचार। मतदान को देखते हुए चतुर्थ चरण के मतदान को सकुशल कराने के लिये 13 मई को यातायात डायवर्जन किया गया है। शहर व कस्बों में भारी वाहनों का प्रवेश नहीं होगा।

यातायात प्रभारी आफाक खां ने बताया कि मतदान के दिन कई मार्गों पर डायवर्जन रहेगा। इस क्रम में गुरसहायगंज की तरफ से कन्नौज शहर को आने वाले वाहनों को जलालपुर पनवारा बाईपास से निकाला जाएगा। कानपुर व हरदोई की तरफ से शहर में आने वाले वाहनों को पूर्वी बाईपास से निकाला जाएगा। एफएफडीसी की तरफ से बस स्टैंड की तरफ आने वाले वाहनों को मकरंदनगर तिराहे से फूलमती मंदिर की तरफ होकर निकाला जाएगा। इसके अलावा जिला अस्पताल की ओर से बस स्टैंड आने वाले वाहनों को पूर्वी बाईपास, तिर्वा क्रासिंग से बस स्टैंड की ओर आने वाले वाहनों को कोतवाली की तरफ से, तिर्वा से कन्नौज शहर की ओर आने वाले वाहनों को पाल चौराहे से हाईवे की तरफ से निकाला जाएगा। यातायात प्रभारी आफाक खां ने इस संबंध में एआरएम से बात कर जानकारी दी है। बताया कि कानपुर की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें स्टैंड न आकर जिला अस्पताल के पास रोडवेज वर्कशॉप से बाईपास होकर छिबरामऊ की ओर जाएंगी तथा छिबरामऊ की तरफ से आने वाली बसें जलालपुर पनवारा से बाईपास होकर रोडवेज वर्कशॉप से कानपुर व हरदोई की तरफ जाएंगी। यह डायवर्जन 13 मई को दोपहर बाद 03.00 बजे से रात्रि 12.00 बजे तक रहेगा।

नाव से संबंधित इन नंबरों पर दें जानकारी

कन्नौज। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के 13 मई को चतुर्थ चरण के मतदान से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या सहायता के लिये हेल्पलाइन नंबरों पर संम्पर्क करें। एसपी अमित कुमार आनन्द ने मो. नं.6397430055, व्हाट्सएप नं. 9236005236 जारी किए हैं। कहा कि मतदान से संबंधित समस्याओं के के लिए इन नंबरों पर संपर्क करें।

पड़ेंगे सभी के वोट, पहचान के लिए हैं 12 विकल्प

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

नवीन कृषि मंडी समिति कन्नौज में ड्यूटी कटवाने के लिए लगी भीड़। अमृत विचार

- मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क व दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर रहेगी उपलब्ध

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में यदि किसी मतदाता के पास वोटर आईडी नहीं है तो चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। भारत निर्वाचन आयोग ने पहचान के लिए 12 विकल्प दिए हैं, जिनमें से किसी एक को दिखाकर मतदान कर सकते हैं। पहचान पत्र को लेकर वोटरों को बूथ पर अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाएगा। सुविधा के लिए बूथ पर हेल्प डेस्क होगी तो दिव्यांग वोटरों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि सोमवार को सुबह सात बजे से मतदान होगा। इससे पहले सभी बूथों पर मॉकपोल कराया जाएगा। बताया कि जिले में अभियान चलाकर मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया और घर-घर जाकर मतदाताओं को वोटिंग के बारे में बताया गया। पहले मतदान, फिर जलपान..को आत्मसात करते हुए सभी लोगों को मतदान करना चाहिए।

मतदान केंद्र पर किसी भी जानकारी के लिए हेल्प डेस्क रहेगी, जिसमें बीएलओ तथा अन्य अधिकारी समस्याओं का समाधान करेंगे। किसी भी समस्या के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर भी कॉल कर सकते हैं।

पहचान पत्र के विकल्प

आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक पासबुक, श्रम कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सेवा पहचान पत्र, दिव्यांग कार्ड

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मांगे जाते रहे वोट

कन्नौज। लोकसभा क्षेत्र में आज मतदान शुरू हो गया है। चुनाव प्रचार 11 मई को शाम छह बजे बंद हो गया। उसके बाद प्रत्याशियों के समर्थकों व राजनीतिक दलों के नेताओं व पदाधिकारियों ने वोट मांगने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सहारा लिया। अपने-अपने अंदाज में मतदाताओं से वोट की अपील की। कई जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, विधायक समेत अन्य कई दलों के कार्यकर्ता व पदाधिकारी अंतिम समय में वोट मांगने के लिए जोर लगा दिया। किसी ने लिखकर पोस्ट की तो किसी ने वीडियो बनाकर डाला। तरह-तरह के वादे व लोकलुभावनी बातें कर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया। निजी नंबरों के अलावा व्हाट्सएप ग्रुप, फेसबुक मैसेंजर व एक्स पर भी प्रत्याशी व उनके समर्थक सक्रिय रहे। उन्होंने 13 मई को होने वाले चुनाव के लिए वोट देने की अपील जनता से की। इसके अलावा रिकार्डिंग भी वाइस कॉल कर सुनाई गई। पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए कहा गया। अब यह अपील कितनी काम आएंगी, इसका फैसला चार जून को मतगणना के दौरान होगा।

विवाहिता को मारपीट कर बच्चे सहित घर से निकाला

गुरसहायगंज। दहेज में पांच लाख रुपये न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर बच्चे सहित घर से निकाल दिया। ग्राम वरगांवा निवासी शिवाजी तिवारी की पुत्री संध्या तिवारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी कानपुर के मकनपुर के ग्राम पलिया बुजुर्ग निवासी हर्षित द्विवेदी के साथ हुई थी। शादी के बाद पति हर्षित द्विवेदी, देवर नमन द्विवेदी, ससुर अवनीश द्विवेदी ने दहेज में 05 लाख रुपये की मांग करना शुरू कर दी। दहेज की मांग पूरी न होने पर पति सहित ससुरालियों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद 13 फरवरी को मारपीट कर सुबह 11 बजे बच्चे के साथ घर से निकाल दिया। कोतवाली पुलिस ने पति सहित तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

आयुष्मान भवः व आरोग्य मेले में 2497 मरीजों का उपचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

मरीजों को देखते डॉक्टर।

अमृत विचार। जिले के 14 सीएचसी पर आयुष्मान भवः व 33 पीएचसी में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर 2497 मरीजों को उपचार दिया गया।

रविवार को भी मरीजों को उपचार देने के लिये सरकार की पहल पर आयुष्मान भवः अभियान व मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिले की 33 पीएचसी पर 1368 मरीजों की जांच कर उपचार दिया गया।

इनमें 588 पुरुष व 561 महिलाओं व 219 बच्चों को उपचार दिया गया। इन मरीजों में 147 की कोविड जांच की गई। आयुषमान योजना के तहत 38 लोगों को गोल्डन कार्ड बनाये गये। पीएचसी से रेफर होने वाले मरीजों को सीएचसी रेफर किया गया। यहां जांच में मिले गंभीर मरीजों को कानपुर या अन्य अस्पतालों को रेफर किया गया। विभागीय नोडल अधिकारी व उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार ने मेले का निरीक्षण किया। मिली खामियों को सुधारने के निर्देश दिये।

सत्संग में मौजूद सत्संगी व इनसेट में महात्मा सत्यप्रकाश। अमृत विचार

जन्म-मृत्यु के बंधनों से बचाते सद्गुरु

संवाददाता,गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। संपूर्ण सृष्टि का रचनाकार निराकार परमात्मा है, लेकिन सृष्टि संचालन के लिए सद्गुरु को बनाया गया है। सद्गुरु की शरण में आने से मनुष्य जन्म-मृत्यु के बंधनों से मुक्त हो जाता है। रविवार को नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित संत निरंकारी सत्संग में महात्मा सत्यप्रकाश ने सद्गुरु की महिमा का बखान किया।

उन्होंने बताया कि समर्पण का भाव है सर्वस्व न्योछावार करने की वृत्ति। अर्थात तन, मन, धन सब कुछ परमात्मा को अर्पण करके इसी के अनुसार अपना जीवन व्यतीत करना और इस पर पूर्ण विश्वास बनाये रखना। प्रभु को अपना सब कुछ सौपे, एक प्रभु की राखे आस। अगर सृष्टि की प्रत्येक संरचना पर नजर डाले तो स्पष्ट होता है कि हर संरचना कुछ न कुछ अर्पण करती नजर आती है। जिसने भी स्वयं को सद्गुरु के चरणों में समर्पित कर दिया, उसे अमरत्व प्राप्त हो गया। महात्मा विपिन कुमार, अशोक गुप्ता, विश्राम सागर, सुशील गुप्ता, रश्मि गुप्ता, पीके गुप्ता, देवेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता का निधन

कन्नौज। शहर के तिर्वा मार्ग नसरापुर निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामभरोसे कमल का रविवार को सुबह निधन हो गया। जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने बताया कि दोपहर को महादेवी गंगा घाट किनारे रामभरोसे कमल के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वर्ष 2022 के सदर कन्नौज सुरक्षित विधानसभा सीट से परिवार की पुत्रवधू कांग्रेस से चुनाव भी लड़ी थीं। कांग्रेसी नेता के पुत्र बृजेंद्र कमल सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर में शिक्षक हैं। पुत्र वधू रेनू कमल जसपुरापुर सरैया प्रथम में प्रधानाध्यापक हैं। उनको राज्य शिक्षक पुरस्कार भी मिल चुका है। रविवार को पोलिंग पार्टियां रवाना होने के दौरान रेनू कमल की ड्यूटी बतौर मास्टर ट्रेनर लगी थी।

परसपुर सरैया के प्रधान नहीं रहे

कन्नौज। ब्लॉक जलालाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत परसपुर सरैया के प्रधान सतीश चंद्र का बीमारी के चलते निधन हो गया। बताया गया है कि उनका इलाज कानपुर में चल रहा था। निधन के बाद ग्रामीणों ने घर जाकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

बीएलओ बने शिक्षामित्र ने फंदा लगाकर जान दी

कन्नौज। नौरंगपुर चौकी क्षेत्र के नरेंद्रपुर गांव निवासी शिक्षामित्र शैलेंद्र यादव ने हरदोई के अरवल थाना क्षेत्र में पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। बताया गया है कि शैलेंद्र यादव की ड्यूटी बीएलओ के लिए लगी थी। उसकी तैनाती प्राथमिक स्कूल गुगरापुर में शिक्षामित्र के रूप में थी। ग्रामीणों का आरोप है कि स्वास्थ्य खराब चल रहा था इस वजह से लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की मतदाता पर्ची भी नहीं बांट सका था। दो दिन पहले वह घर से कहीं चला गया। गंगा कटरी के निकट मवेशी लेकर गए पशु पालकों ने शव पेड़ पर लटका देखा तो उसकी सूचना पुलिस को दी गई।

वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरुकता शिविर कल

छिबरामऊ, कन्नौज। वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन 14 मई मंगलवार को सुबह 10 बजे से नगरपालिका के सभागार में होगा। यह जानकारी वरिष्ठ नागरिक समिति के अध्यक्ष भारत सिंह वर्मा ने दी।

हृदयगति रुकने से प्रधान प्रतिनिधि का निधन

छिबरामऊ, कन्नौज। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम प्रानपुर पल्यौरा के ग्राम प्रधान रामकिशन यादव के पुत्र एवं प्रधान प्रतिनिधि प्रह्लाद सिंह यादव नगर के मोहल्ला बनवारी नगर स्थित पुराना सौरिख बस स्टॉप के पास परिवार के साथ रह रहे थे। रविवार की सुबह घर की छत से उतरते समय उनके सीने में दर्द उठा और वह गिर पड़े और दम तोड़ दिया। उनका शव उनके पैतृक गांव ग्राम प्रानपुर पल्यौरा ले जाया गया।

खेत से घास लेने गई किशोरी को ले गया युवक

कन्नौज। खेत से मवेशियों के लिये घास लेने गई किशोरी को युवक फुसला कर भगा ले गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी नौ मई को खेत से मवेशियों के लिये घास लेने गई थी। शाम तक नहीं लौटी तो खोज की। इस दौरान पता चला कि सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव मेंहदीपुर बगिया निवासी अमित दोहरे पुत्र रामविलास दोहरे उसे भगा ले गया। किशोरी के भाई ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दुष्कर्म के आरोपित को साथी के साथ पकड़ा

तालग्राम, कन्नौज। थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने 21 अप्रैल को अज्ञात के विरुद्ध 14 वर्षीय पुत्री को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उप निरीक्षक ज्योति सिंह गौर ने किशोरी को बरामद कर मेडिकल परीक्षण कराया और बयान के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया। किशोरी के बयान व पुलिस जांच में थाना क्षेत्र के गांव निवासी कंचन व गुरसहायगंज कोतवाली के ग्राम मीरपुर निवासी राहुल का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपित कंचन ने किशोरी को अगवा कर शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इन सबमें राहुल ने उसका साथ दिया। दुष्कर्म करने व पास्को एक्ट जैसी धाराओं में बढ़ोतरी की। उप निरीक्षक कामता प्रसाद ने रविवार को दोनों को छिबरामऊ चौराहे से गिरफ्तार किया।

बाइक की टक्कर से दो लोग घायल

तालग्राम, कन्नौज। शनिवार की देर शाम गुरसहायगंज निवासी कालीचरण (40) बाइक से घर लौट रहे थे। तभी खेत से पैदल घर लौट रहे तालग्राम-तेराजाकेट मार्ग के निकवा अंडरपास के निकट निकवा निवासी साहिल (16) के टक्कर लग गई। इससे युवक घायल हो गया। बाइक अनियंत्रित होने से कालीचरण भी घायल हो गया।

मुश्किल में अन्नदाता आक्रोशित किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन, की पानी छोड़ने की मांग

रजबहा में कई दिन से नहीं आया पानी, सूखने लगीं फसलें

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

रजबहा में देखने को ही है नाममात्र का पानी। अमृत विचार

रजबहा में पानी न छोड़े जाने के विरुद्ध प्रदर्शन करते किसान।

- डीजल इंजन से सिंचाई को मजबूर हैं किसान

अमृत विचार। रजबहा में कई दिनों से पानी न आने से आसपास के किसानों की फसलें सूखने के कगार पर हैं। इससे आक्रोशित किसानों ने रविवार विरोध प्रदर्शन करते हुए रजबहा में पानी छोड़ने की मांग की।

थाना इंदरगढ़ के कंसुआ रजबहा के पानी से सैकड़ों किसान फसलें सींचते हैं। रजबहा में कई दिन से पानी बंद है। इससे रजबहा में नाममात्र का पानी है जिससे सिंचाई नहीं हो पा रही है। पानी न लगने से उर्द, मक्का, मूंगफली की फसल सूखने लगी है। फसल को सूखता देखकर कई किसान डीजल इंजन का सहारा लेकर पंप चलाकर सिंचाई कर रहे हैं। कई किसान पानी न लग पाने से परेशान हैं। रजबहा में पानी न आने से अनंतपुर, कीरतपुर कंसुआ समेत अन्य गांव के किसान प्रभावित हो रहे हैं। आक्रोशित किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए रजबहा में पानी छोड़ने की मांग की। किसानों ने बताया कि इस महंगाई के दौर में डीजल इंजन से सिंचाई कर पाना बहुत मुश्किल हो रहा है।

किसान अनंतपुर निवासी रामप्रकाश ने बताया कि रजबहा में पानी न आने से फसल सूख रही है। महंगाई के दौर मे डीजल इंजन से अगर सिंचाई करते हैं तो फसल से कुछ मिल पाना तो दूर पास से ही जाएगा। जल्द से जल्द रजबहा में पानी छोड़ा जाए।

कीरतपुर निवासी अवनीश ने बताया कि रजबह में पानी न आने से फसल सूख रही है अगर समय पर पानी नही मिला तो फसल सूख जाएगी। किसानो की मेहनत में पानी फिर जाएगा। नहर विभाग से मांग की कि जल्द से जल्द पानी छोड़े जाने की मांग की है।



अनंतपुर निवासी यदुनाथ ने बताया कि कई दिनों से रजबहा में पानी नहीं आ रहा। प्रत्येक फसल के दौरान यही होता है। जब फसलों में पानी की जरूरत होती है तो उस समय बंद कर दिया जाता है। जब जरूरत नहीं होती तब खूब पानी दिया जाता है।

पत्नी नहीं आई तो किया आत्मदाह का प्रयास

कन्नौज। तिर्वा कस्बा निवासी शकील की ससुराल सदर कोतवाली के गांव जसौली में है। चार वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी। दो बच्चे भी हैं। जनवरी में पत्नी मायके आई थी। तबसे ससुराल नहीं जा रही। पति का आरोप है कि वह कई बार बुलाने आया लेकिन ससुरालीजन पत्नी को नहीं भेज रहे हैं। यही नहीं उसके खिलाफ कोर्ट में मुकदमा डाल दिया। इसके बाद भी वह रविवार को पत्नी को बुलाने ससुराल पहुंचा। ससुरालियों ने फिर से पत्नी को भेजने से मना कर दिया। इसी से नाराज होकर उसने बोतल में लिये पेट्रोल को अपने ऊपर उड़ेल कर आग लगाने का प्रयास किया। ससुरालियों ने उसको पकड़ लिया। इसके बाद जानकारी मंडी चौकी प्रभारी को दी। उनके चुनाव ड्यूटी में जाने से ससुरालीजन उसे लेकर कोतवाली पहुंचे।

बूथों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां, लोकतंत्र का महापर्व आज

लोक सभा चुनाव के लिए डीएम ने रवाना की पोलिंग पार्टियां, कहा-निर्भय होकर निष्पक्ष मतदान कराएं अधिकारी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव कराने के लिये मंडी समिति सातनपुर से जिलाधिकारी वीके सिंह की मौजूदगी में पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गई हैं। जिलाधिकारी बीके सिंह ने बताया कि 1681 पोलिंग पार्टियों रवाना की गई हैं। 6108 मतदान कर्मी भेजे गए हैं । जिले भर में 1005 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

जिलाधिकारी वीके सिंह ने बताया कि जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए जिले को 132 सेक्टर व15 जोन में विभाजित किया गया है, जिसमें 132 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 15 जोनल मजिस्ट्रेट अपने-अपने ड्यूटी के क्षेत्र में रवाना कर दिए गए हैं। पोलिंग पार्टियों को 366 बसों से भेजा गया है। जिलाधिकारी वीके सिंह ने बताया कि मतदान अधिकारियों और मतदान कर्मियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि वह प्रत्याशी के एजेंट अथवा प्रत्याशी समर्थित व्यक्ति के यहां जलपान न करें और ना ही उसके घर ठहरें । मतदान में लगे सभी कर्मचारी मतदान केंद्र पर ही रुकेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मियों को पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध कराई गई है । प्रत्येक मतदान केंद्र पर जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट हर 10 मिनट में पहुंचते रहेंगे यदि किसी तरह की गड़बड़ी होती है तो पीठासीन अधिकारी तत्काल प्रभाव से अपने सेक्टर अथवा जोनल मजिस्ट्रेट से मोबाइल पर संपर्क करेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेट पहुंचने में विलंब करते हैं तो मतदान कर्मी तत्काल प्रभाव से कंट्रोल रूम से संपर्क करेंगे। किसी तरह की शिकायत मिलने पर 10 मिनट के अंदर मतदान केंद्र पर अर्द्धसैनिक बल के साथ जिम्मेदार अधिकारी पहुंच जाएंगे । जिलाधिकारी वीके सिंह ने बताया कि मतदान में लगे सभी कर्मचारी और अधिकारी निर्भय होकर ड्यूटी करें । यदि उन पर कोई भी दबाव बनाता है तो तत्काल इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दे। डीएम ने कहा कि किसी तरह की धांधली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मतदान कर्मियों को निर्देश देते डीएम। अमृत विचार

मतदान केंद्र के लिए जाते चुनाव कर्मी। अमृत विचार

अच्छी सरकार चुनने के लिए करें मतदान

- मिस्टर कानपुर रीजन अंबुज सक्सेना का कहना था कि पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प लेकर हम सभी वोट प्रतिशत को बढ़ाएं। युवा सोच-समझकर ही मतदान करें। ऐसी सरकार चुनने के लिए वोट करें जो देश से बेरोजगारी को समाप्त कर युवाओं को रोजगार देने का काम करे। हमारे एक वोट से कोई जीत सकता है तो कोई हार भी सकता है, इसलिए घरों से निकलकर वोट जरूर करें।

ड्यूटी में नहीं गए 115 कर्मी रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश

फर्रुखाबाद। मंडी समिति सातनपुर से पोलिंग पार्टियां रवाना करते समय अनुपस्थिति रहे 115 कार्मिकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा कर निलंबन कार्रवाई करने के निर्देश डीएम वीके सिंह ने दिए है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिस समय पोलिंग पार्टियां रवाना की गई उस समय चुनाव ड्यूटी में लगे 115 कार्मिकों ने घोर लापरवाही का परिचय दिया। उनके स्थान पर रिजर्व में लगे कार्मिकों को पोलिंग पार्टियों के साथ रवाना किया गया है। डीएम ने कहा कि इन सभी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा कर निलंबन कार्रवाई की जाएगी।

लोकतंत्र की मजबूती को वोट डालना जरूरी

मिस्टर फर्रुखाबाद हर्ष दुबे ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में सभी लोग अधिक से अधिक मतदान करें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान बेहद आवश्यक है। यह लोकतंत्र का महापर्व है और सभी लोग वोट डालकर इसका हिस्सा बनें। राष्ट्र हित के लिए मतदान बेहद आवश्यक है। इस लिये हम सबका यह कर्त्तव्य है कि हम सब बाहर निकलें और वोट करें।

जिले की सीमा पर मौजूद पुलिस अधिकारी । अमृत विचार

जयसिंहपुर के लोग नहीं डालेंगे वोट

संवाददाता क़ायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। नाबवगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में विकास न होने से नाराज गांव वालों ने मतदान के बहिष्कार की घोषणा कर दी। गांव वाले मतदान के बहिष्कार का पोस्टर लेकर निकल पड़े हैं।

थाना क्षेत्र के गांव जयसिंहपुर में किसी भी प्रकार का कोई विकास नहीं हुआ है । न ही नालियों को बनवाया गया है और न ही गलियों का निर्माण कराया गया है । गांव के शिवनन्दन ,राजेश कुमार , पवन कुमार, बाबू सिंह , शबनम सहित अन्य ग्रमीणों ने बताया कि उनके गांव में न तो नालियों को बनबाया गया है और न ही गलियो को पक्का कराया गया है। जिससे बरसात में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सफाई कर्मचारी भी नहीं आता है जिससे नालियों की सफाई भी नही हो पाती है। इसे कारण आज होने वाले इलेक्शन में ग्रामवासी वोट नहीं करेंगे।

चुनाव के बहिष्कार की घोषणा करते गांव वाले। अमृत विचार

युवाओं ने राष्ट्र हित में मतदान करने का किया आह्वान

- **फर्रुखाबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर इस बार युवा भी संजीदा हैं। कम मतदान होने के चलते वह सभी से अपना वोट डालने की अपील कर रहे हैं। युवाओं का कहना है कि 32 प्रतिशत मत पाकर लोग सत्ता में पहुंच जाते हैं। इसको रोकना होगा। सरकार चुनने में सभी की नुमाइंदगी होना आवश्यक है।

चुनावी महाभारत के लिए सज गया रण क्षेत्र

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- 18 पुलिस बैरियर बना जिले की सीमाएं की गईं सील

अमृत विचार। जिले में आज होने वाले चुनावी महाभारत के लिए रण क्षेत्र पूरी तरह से सज कर तैयार हो गया है । जिले की सीमाओं पर 18 बैरियर लगाकर सीमाएं सीज कर दी गई हैं । यहां बिना पास के परिंदा भी मतदान केंद्र के आसपास पर नहीं मार सकेगा।

यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी वीके सिंह ने बताया कि फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र में कुल 5 विधानसभा सदर, भोजपुर, कायमगंज ,अमृतपुर ,समेत अलीगंज में 1400 मतदान केन्द्र व 1922 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इन मतदेय स्थलों पर पुलिस की चक चौबंद व्यवस्था की गई है। फर्रुखाबाद लोक सभा क्षेत्र में कुल 1713583 मतदाता है, जिसमें 924240 पुरुष व् 789298 महिला मतदाता है। जिनके निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराए जाने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले को 32 सेक्टर्स में बांट कर उन पर सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। और 18 जोन बनाकर उन पर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए गए हैं। मतदान केंद्र के 200 मी आसपास कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं रहेगा। मतदान केंद्र के अंदर मतदाता अथवा कार्ड धारक व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेगा। चुनाव में लगे अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनाव से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश हैं। जिनके अनुसार वह आज से ही अपने निर्धारित क्षेत्र में ड्यूटी करने के लिए पहुंच गए हैं। निर्वाचन ड्यूटी में लगा प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी आज की रात अपने चुनावी क्षेत्र में बिताएगा यदि किसी ने उनके आदेश की अवहेलना की तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी ।

मतदान केंद्रों पर मिलीं तमाम अव्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। राजेपुर थाना क्षेत्र में बनाये गए मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों को अव्यवस्थाओं का बोलबाला मिला। पोलिंग पार्टियां पहुंचने की जांच करने गए थानाध्यक्ष से कार्मिकों ने शिकायत दर्ज कराई है।

बूथ संख्या 78, 79, 80 की पीठासीन अधिकारी दिव्या मिश्रा ने बताया कि रात में बिजली चली जाने पर प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं है। प्राथमिक विद्यालय भुढ़िया भेड़ा के पीठासीन धर्मेंद्र ने बताया कि खाने की व्यवस्था नहीं है और दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर की भी व्यवस्था नहीं की गई है ।

प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर चकई में पीठासीन अधिकारी सपनेश पटेल ने बताया की बूथ संख्या 65 में जनरेटर लाइट की व्यवस्था नहीं है और महिला कांस्टेबल की ड्यूटी नहीं लगाई गई है । प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर में विद्यालय के निकट अनूप पुत्र रामदास यादव के निर्माणाधीन मकान की दीवार खुली मिलने पर थानाध्यक्ष ने तत्काल बल्ली को रस्सी से बांधकर बंद कराया।

जूनियर माध्यमिक विद्यालय बीरपुर में लाइट व्यवस्था नहीं मिली, फाल्ट होने से स्कूल में अंधेरा छाया मिला। पीठासीन अधिकारी आर्यन प्रताप सिंह ने बताया कि बूथ संख्या 58 में बिजली व्यवस्था नहीं है और खाना भी अभी तक नहीं बना है।

ऑटो रिक्शा पलटा,तीन मतदान अधिकारी घायल

फर्रुखाबाद। मंडी समिति सातनपुर में लोकसभा निर्वाचन में पोलिंग पार्टियों के साथ रवाना होने के लिए ऑटो रिक्शा से जा रहे तीन मतदान अधिकारी ऑटो रिक्शा पलटने से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल भेज कर घायलों का इलाज कराया गया। पोस्ट ऑफिस फतेहगढ़ में कार्यरत प्रदीप पांडे, आशीष दीक्षित और विमलेश की ड्यूटी मतदान अधिकारी के रूप में लगी हुई थी। आज वह ऑटो रिक्शा से मंडी समिति सातनपुर में पोलिंग पार्टियों के साथ रवाना होने के लिए जा रहे थे । वह लोग जैसे ही रिलायंस पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ऑटो रिक्शा पलट गया और यह तीनों घायल हो गए। घायलों को लोहिया अस्पताल भिजवाया।

अमृतपुर तहसील क्षेत्र में पैरामिलिट्री फोर्स तैनात

अमृतपुर फर्रुखाबाद। अमृतपुर तहसील क्षेत्र में निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण चुनाव कराने के लिए 43 मतदान केंद्रों पर पैरा मिलिट्री फोर्स तैनात कर दिया गया है। पोलिंग पार्टियां भी मतदान केंद्रों पर पहुंचने लगी हैं। चुनाव आयोग एवं पुलिस कप्तान के दिशा निर्देशों के अनुसार पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती 43 मतदान केंद्रों व 57 बूथों पर कर दी गई है। अमृतपुर थाना पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स को वाहनों द्वारा मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया है। बाहर से थाने में अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है। जो कि जरूरत पड़ने पर कार्रवाई करेगा। अमृतपुर थाने से दो क्यू आर टी एवं तीन कलस्टर मोबाइल क्षेत्र में लगातार भ्रमण पर रहेगी। जिससे कहीं भी किसी प्रकार की कोई अराजकता ना हो सके जिससे मतदाता निर्भय होकर अपने मत का प्रयोग कर सके। प्रशासन पूरे प्रयास मे है कि अधिक से अधिक मतदाता घर से निकलकर बूथों पर मतदान करने जाए।

घंटों इंतजार के बाद मजिस्ट्रेटों को मिले वाहन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। फतेहगढ़ के डीएन कॉलेज में रविवार को घंटों इंतजार के बाद जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को वाहन मिल सके। वाहन आवंटन के लिए एक ही काउंटर बनने से अव्यवस्था रही। चालकों की भीड़ में जमकर धक्कामुक्की भी हुई।

बूथों की व्यवस्थाओं पर नजर रखने के लिए जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों को 18 जोन व 32 सेक्टर में विभाजित कर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। रविवार को सातनपुर मंडी से पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुई। अधिग्रहीत छोटे वाहनों को डीएन कॉलेज परिसर में खड़ा कराया गया। सुबह से ही आवंटन प्रक्रिया भी शुरू की गई।

कुछ सेक्टर मजिस्ट्रेट ने बताया कि वह सुबह 11 बजे कॉलेज परिसर में पहुंच गए है। पेयजल की व्यवस्था न होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वाहन मिलने के बाद जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट पुलिस लाइन पहुंचे।

रूट मार्च करती पुलिस। अमृत विचार

पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के साथ किया रूट मार्च

फर्रुखाबाद। मतदान को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस पसीना बहा रही है। आम नागरिकों से शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। राजेपुर थाना थानाध्यक्ष रणविजय सिंह ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च किया। कहीं चूक न हो जाये इसके लिए संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों का भी निरीक्षण किया। लोगों से शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की और अपराधी प्रवृति के लोगों को चेतावनी दी। गांव में मतदान केंद्रों का भी पुलिस अधिकारियों की ओर से जायजा लिया गया। थानाध्यक्ष रणविजय सिंह ने बताया कि मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गये हैं।

प्रचार के लिए तय धनराशि न देने पर युवकों ने काटा हंगामा

फर्रुखाबाद। चुनाव प्रचार के लिए तय की गई धनराशि न देने पर एक पार्टी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर युवको ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद मामला रफा-दफा हो सका। कायमगंज-बाईपास मार्ग पर दो पार्टियों के केंद्रीय चुनाव कार्यालय हैं। एक पार्टी प्रत्याशी ने एक समुदाय विशेष के युवकों को मुस्लिम बहुल इलाकों में जनसंपर्क करने के लिए प्रतिदिन 300 से 500 रुपये पर रखा था। दो दिन पहले युवकों ने प्रत्याशी की पत्नी से बात कर रुपये मांगे तो उन्होंने कार्यालय में चुनावी व्यवस्था देख रहे अपने रिश्तेदार के पास युवकों को भेज दिया। युवक कार्यालय पहुंचे और रिश्तेदार से रुपये मांगे तो उन्होंने तय धनराशि नहीं दी। इस पर युवकों ने दिए गए रुपये भी वापस करकार्यालय के बाहर ही हंगामा किया।

तालाब के दलदल में फंसा युवक, पुलिस ने निकाला

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कायमगंज नगर क्षेत्र के तालाब में हुए दलदल में एक युवक फंस गया। जितना उसने निकलने का प्रयास किया उतना दलदल में समाता गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भारी मसक्कत के बाद उसे वाहर निकाला।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नोनियमगंज स्थित तालाब जिसमें कचरा भरा होने के कारण दलदल जैसा बन गया है । किसी तरह भटक कर एक युवक इसी तालाब के दलदल में जाकर फस गया । युवक ने काफी प्रयास किया लेकिन वह बाहर आने की बजाय दलदल में और धसता गया । संयोग से उसी समय नोनियमगंज निवासी आशू भारद्वाज ने उसे देख लिया । बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचे डायल 112 के आरक्षी अजीत सिंह तथा होमगार्ड जवान राम प्रवेश ने दलदल में फंसे युवक को निकाला।

गृह कलह से तंग युवक ने लगाई फांसी

संवाददाता नवाबगंज फर्रुखाबाद

- ससुराली जनों ने लगाया हत्या का आरोप

अमृत विचार। गृह कलह से तंग युवक ने फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। ससुराली जनों ने हत्या का आरोप लगाया है।

थाना क्षेत्र के गांव फतनपुर निवासी निवासी आशुतोष मिश्रा उर्फ राजा बाबू (25)पुत्र मुकेश चंद्र मिश्रा ने गृह कलह के चलते उस समय फांसी लगा ली जब परिजन छत पर सोये हुए थे। जब सुबह परिजन जागे तो उनको मामले की जानकारी हुई । पत्नी रागिनी ने अपने कमरे का दरवाजा खोला तो वह पति को फांसी के फंदे पर लटका देख चीख पड़ी। चीख सुन परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को बिना सूचना दिए शव को नीचे उतार कर बाहर बरामदे में रख लिया। उसके बाद डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पीआरवी 2659 के जवानों ने थाना अध्यक्ष अमोद कुमार को सूचना दी । सूचना पाकर दरोगा हेमंत कुमार मौके पर पहुंचे । उसी समय मृतक के ससुराल वाले भी आ गए और उन्होंने सीधे हत्या का आरोप लगाया। जिससे माहौल गर्म होने लगा। जांच पड़ताल के दौरान परिजन फांसी वाले कमरे को बंद करके ताला लगाकर फरार हो गए । पुलिस ने किसी तरह कमरे को खुलवाया तो फांसी लगाई हुई रस्सी या कोई कपड़ा बरामद नहीं हुआ और न ही कोई साक्ष्य मिला। साले धर्मेंद्र पाठक निवासी थाना जसरथपुर जनपद एटा लगातार मृतक की हत्या करने का उसके भाइयों पर आरोप लगा रहा था। किसी तरह थाना अध्यक्ष ने मामले को समझा बुझा कर पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद पड़ोसियों ने बताया कि मृतक भाइयों में सबसे बड़ा भाई था। उसके बाद आशीष 23 वर्ष अभय 19 वर्ष मां विमला देवी तथा पत्नी रागनी उर्फ बबली का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था । वहीं मृतक की पत्नी रागिनी रोते हुए कह रही थी कि उसका पति काफी दिनों से बीमार चल रहा था । वह दवा के लिए पैसे मांगते थे । कल भी दवा के लिए पैसे मांगे थे तभी दोनों भाइयों ने मिलकर मारपीट की। जिससे पति ने मौत को गले लगा लिया।

सार-संक्षेप

कबाड़ की दुकान में आग लगने से हजारों का नुकसान

फर्रुखाबाद। मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के गांव हथियापुर में कबाड़ की दुकान में संदिग्ध हालात में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से हजारों रुपये का नुकसान हो गया। मोहल्ला सूफी खां के रहने वाले शमसाद हथियापुर में कबाड़ की दुकान किए हैं। रविवार दोपहर में संदिग्ध हालात में दुकान में आग लग गई। हवा चलने के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगी देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पास में ही स्थित वाहन धुलाई केंद्र के संचालक ने प्रेशर मशीन से आग बुझाने का प्रयास किया। आग की सूचना मिलने पर पहुंची दमकल के कर्मियों ने करीब एक घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। शमसाद ने बताया कि गोदाम और सामने प्लाट में कबाड़ का सामान रखा जाता है। आग में करीब 60 हजार रुपये का सामान जलकर राख हो गया है। किन्हीं घुमंतू बच्चों के आग लगाने की आशंका है।

मार्ग दुर्घटना में एक घायल

फर्रुखाबाद। कायमगंज नगर के पास बसे गांव प्रेमनगर मजरा घसिया चिलौली निवासी अवनीश मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया । जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताते हुए उसका उपचार किया तथा बताया कि अब वह खतरे से बाहर है।

खाने पीने की वस्तुओं के मंडी में लगाये गए स्टॉल

फर्रुखाबाद । मंडी समिति सातनपुर में पोलिंग पार्टियों तथा चुनाव ड्यूटी में जा रही बसों के चालको के खान पान के लिए स्टाल लगवाए गए। यहां सस्ती कीमत पर खाने पीने का सामान मुहैया कराया गया। डीएम वीके सिंह ने इन स्टालों का निरीक्षण कर इनके मालिको को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यह स्टॉल यहाँ मतगणना वाले दिन भी लगाए जाएंगे।

बर्खास्त शिक्षिका पहुंची न्यायालय

फर्रुखाबाद । एसआईटी को जांच के दौरान जिले में तीन साल पहले लगभग डेढ़ दर्जन से ज्यादा शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेख फर्जी मिले थे। जिला स्तर पर जांच कराए जाने पर कायमगंज विकास खंड क्षेत्र में तैनात शिक्षक के बीएड के अभिलेख फर्जी मिले। विभाग ने करीब तीन माह पहले शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया। इसकी भनक तक किसी को नहीं लगी। बर्खास्त शिक्षिका ने अब न्यायालय की शरण ली है। वर्ष 2021 में एसआईटी ने जांच के दौरान राजेपुर, मोहम्मदाबाद, कायमगंज और नवाबगंज के शिक्षक फर्जी अभिलेखों से नौकरी करते चिह्नित किए थे। विभागीय सूत्रों ने बताया कि एसआईटी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग ने प्राथमिक विद्यालय मेंदपुर विकास खंड कायमगंज की सहायक अध्यापक कुंती राजपूत के अभिलेखों की जांच कराई। उनकी बीएड डिग्री फर्जी पाई गई। सूत्रों ने बताया कि कुंती राजपूत ने डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा से संबद्ध डॉ. इस्लाम मजीद टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज भरगैन से बीएड किया था। भरगैन कॉलेज में बीएड की डिग्री में कुंती राजपूत का रोल नंबर 5216083 पड़ा है। एसआईटी के निर्देश पर विभाग ने जांच कराई तो डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के रिकार्ड में कुंती राजपूत की बीएड डिग्री में रोल नंबर 5216084 पाया गया। बेसिक शिक्षा विभाग सचिव के निर्देश पर फरवरी 2024 को शिक्षक कुंती राजपूत को बर्खास्त कर दिया गया। हालांकि इसकी किसी को कानों कान भनक तक नहीं लगी। सूत्रों ने बताया कि कुंती राजपूत ने बर्खास्तगी आदेश के खिलाफ न्यायालय की शरण ली है।

खुशखबरी शिक्षा विभाग ने जारी की 77 .60 लाख की लिमिट

डेस्क बेंच पर बैठेंगे 33 विद्यालयों के बच्चे

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जनपद के 33 परिषदीय विद्यालयों के बच्चे जल्द ही फर्नीचर (डेस्क-बेंच) पर बैठकर पढ़ाई कर सकेंगे। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने जनपद को 77.60 लाख से फर्नीचर खरीद किए जाने की लिमिट जारी कर दी है। आचार संहिता समाप्त होते ही जेम पोर्टल से टेंडर करवाकर फर्नीचरों की खरीद की जाएगी।

जनपद के 33 विद्यालयों में फर्नीचर खरीद के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। शासन ने समग्र शिक्षा अभियान वर्ष 2023-24 के तहत मार्च 2024 को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय फर्रुखाबाद को पत्र भेजकर फर्नीचर खरीद के लिए जनपद को 77.60 लाख रुपये की लिमिट जारी कर दी है। जल्द ही टेंडर करवाकर 33 परिषदीय विद्यालयों में फर्नीचर (डेस्क-बेंच) की खरीद करवाई जाएगी। प्रति फर्नीचर पर 8500 रुपये खर्च किए जाएंगे। 33 स्कूलों में 913 फर्नीचर की खरीद की जानी है। शासन ने जेम पोर्टल से फर्नीचर की खरीद करने के निर्देश दिए हैं। सख्त हिदायत दी गई है कि फर्नीचर खरीद में मानक का विशेष ख्याल रखा जाए।

फर्नीचर खरीद कमेटी के डीएम होंगे अध्यक्ष

फर्नीचर खरीद के लिए बनाई गई कमेटी में जिलाधिकारी अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी उपाध्यक्ष व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी सदस्य/सचिव होंगे। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, डॉयट प्राचार्य व बेसिक शिक्षा विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी सदस्य रहेंगे।

बोले जिम्मेदार

33 स्कूलों में 77 .60 लाख की लागत से फर्नीचर खरीदे जाने की लिमिट राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ से जारी कर दी गई है। आचार संहिता समाप्त होते ही जेम पोर्टल पर टेंडर डलवाकर फर्नीचर खरीद का ठेका उठाया जाएगा।

– गौतम प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी।

जहर पीड़ित चार की हालत गंभीर

कायमगंज। कायमगंज क्षेत्र के गांव हरिपालपुर की निवासी अंजली, थाना शमसाबाद क्षेत्र के गांव किसरौली निवासी रामनिवास, कायमगंज क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी साधना तथा जनपद एटा के गांव गढ़िया जगन्नाथ निवासी कुल्फी ने किसी न किसी परिस्थिति के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया ।

जहर पीड़ितों की हालत गंभीर होती देख घबराए परिजन उन्हें उपचार के लिए कायमगंज नगर स्थित सरकारी अस्पताल लाए । अस्पताल आने के बाद ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने सभी का उपचार किया । रामनिवास तथा साधना की हालात गंभीर होती देख उन्हें उच्च चिकित्सा के लिए जिला स्थित हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया।

संविदा कर्मी के बंद मकान से हुई हजारों की चोरी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जीएसटी कालोनी फतेहगढ़ में चोरों ने संविदा कर्मचारी के घर को निशाना बनाया। चोर घर से हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए।

सिविल लाइन जीएसटी कालोनी में रंजीत परिवार समेत रहते हैं। रंजीत की विभाग में संविदा पर बिजली कर्मचारी के रूप में तैनाती है। रंजीत मां की तबियत खराब होने के चलते स्वजनों समेत पैतृक आवास याकूतगंज घर पर ताला डालकर गए थे। बीती रात चोरों ने रंजीत के घर के साथ ही चार अन्य कमरों के भी ताले तोड़ दिए, लेकिन चार घर खाली पड़े थे। चोर रंजीत के कमरे से एलईडी टीवी, कूलर, पीतल के बर्तन व अन्य सामान चोरी करके ले गए। रविवार को सुबह पड़ोसी अरविंद ने रंजीत सहित अन्य आवासों के ताले टूटे देखे। अरविंद की सूचना पर रंजीत परिजनों के सथ मौके पर पहुंचा। कमरे में सामान बिखरा हुआ था। चोर कीमती सामान चोरी करके ले गए थे। रंजीत ने पुलिस को सूचना दी लेकिन कोई मौके पर नहीं आया। रंजीत ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं,वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

सकारात्मक पहल

भारत-चीन संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण स्थिति में हैं। समय-समय पर चीन की तरफ से ऐसी गतिविधियां हुईं जिससे दोनों देशों के बीच शांति की गुंजाइश के इंतजार को और बढ़ाया ही है। चीन से तनावपूर्ण संबंधों की बात स्वयं विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी स्वीकार्य की है। हाल ही में एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, चीन के साथ हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं, क्योंकि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति भंग हो गई है। इसलिए वह उम्मीद जता रहे थे कि चीनी सरकार को यह महसूस करना चाहिए कि वर्तमान स्थिति उसके हित में नहीं है। गौरतलब है कि भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच मई 2020 से गतिरोध चल रहा है और सीमा विवाद का पूर्ण समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। हालांकि दोनों पक्ष कई बिंदुओं से पीछे हट गए हैं। भारत लगातार यह कहता भी रहा है कि समग्र संबंधों को सामान्य बनाने के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति महत्वपूर्ण है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत सदैव से शांति का पक्षधर रहा है। चाहे पाकिस्तान हो या चीन भारत ने कभी उनको किसी भी तरह से नुकसान पहुंचाने की पहल नहीं की। जब सीमा के उस पार से भारत विरोधी कोई हरकत या गतिविधि हुई तभी भारत ने विरोध स्वरूप कोई कार्रवाई की।

बीते दिनों पूर्वी लद्दाख सैन्य गतिरोध के पांचवें वर्ष में प्रवेश करने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत चीन के साथ शेष मुद्दों के समाधान की उम्मीद करता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सामान्य द्विपक्षीय संबंधों की वापसी सीमा पर शांति से निर्भर करती है। यह बात सही है कि जब तक सीमा पर शरारत पूर्ण हरकतें बंद नहीं होंगी तब किसी भी देश के साथ शांति स्थापित कर मैत्रीपूर्ण संबंध की कल्पना करना दिवास्वप्न जैसा ही है। इसके इतर बात की जाए तो हर देश अपने पड़ोसी देशों से शांति और मैत्रीपूर्ण संबंधों की अपेक्षा करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जब तब इस बात को दोहराते रहते हैं। भारतीय नेतृत्व के इस तरह के रूख को देखते हुए चीन भी भारत से पुनः मैत्रीपूर्ण संबंधों की चाह रख रहा है। शायद तभी भारत में 18 माह से खाली पड़े पद पर चीन ने अपना राजदूत नियुक्त कर भेजा है। बीते दिनों भारत में चीन के नए राजदूत शू फेइहोंग दिल्ली पहुंच गए हैं। शू ने कहा कि चीन एक-दूसरे की चिंताओं को समझने और बातचीत के माध्यम से विशिष्ट मुद्दों का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार है। चीन के इस रूख से दोनों देशों के बीच संबंधों में कितना सुधार होगा यह भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इसे संबंधों के सुधार की दिशा में एक सकारात्मक पहल जरूर कहा जा सकता है।

सभी तबके के मुसलमानों को मिलता है आरक्षण

डॉ. फैयाज अहमद फैजी

चिकित्सक, लखनऊ

दक्षिण भारत के राज्यों विशेष रूप से तमिलनाडु और केरला में लगभग सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी के आरक्षण में समाहित किया गया है,जो कि न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है। यहां यह गौरतलब है कि इन्हीं राज्यों की केंद्रीय ओबीसी की लिस्ट में सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक रूप से मजबूत मुस्लिम जातियों को बाहर रखा गया है,जो कि न्याय संगत भी है।

लोकसभा के चुनाव के बीच एक बार फिर मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा बहस के केंद्र में हैं। कोई सारे मुसलमानों को आरक्षण देने की बात करता है तो कोई सारे मुसलमानों के आरक्षण को खत्म करने की बात करता है। मुस्लिम आरक्षण सदैव से एक अबूझ पहली रही है। समाज से लेकर न्यायालायों तक में इस पर बहसें होती रहीं हैं।

सबसे पहले यह तथ्य समझ लेना चाहिए कि ईडब्लूएस (आर्थिक रूप से कमजोर) आरक्षण लागू होने के बाद ऐसा कोई मुस्लिम तबका नहीं है,जो आरक्षण की परिधि से बाहर हो अर्थात् लगभग सारे मुसलमान पहले से ही आरक्षण का लाभ लें रहें हैं। विदित रहे कि मजहबी पहचान के नाम पर आरक्षण संविधान के मूल भावना के विरुद्ध है। कोई भी मजहब पिछड़ा या दलित नहीं होता है,बल्कि उसके मानने वालों में गरीब, पिछड़े और दलित हो सकते हैं,जिन्हें ध्यान में रखते हुए आरक्षण की ईडब्लूएस, ओबीसी और एसटी कैटेगरी में अन्य धर्मों के मानने वालों के साथ-साथ सारे मुसलमानों को भी समाहित किया गया। हालांकि एससी कैटेगरी के आरक्षण से अभी भी मजहबी पहचान के आधार पर ईसाई और मुस्लिम धर्मावलंबी दलित (इन्हें ओबीसी में रखा गया है) बाहर हैं। यह मामला सर्वोच्च न्यायलय में पिछले लगभग 23 वर्षों से विचाराधीन है और केंद्र सरकार ने दो वर्षीय कार्यकाल और तीन सदस्यीय आयोग गठित कर इस पूरे मुद्दे पर रिपोर्ट तलब किया है।

दक्षिण भारत के राज्यों विशेष रूप से तमिलनाडु और केरला में लगभग सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी के आरक्षण में समाहित किया गया है,जो कि न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है। यहां यह गौरतलब है कि इन्हीं राज्यों की केंद्रीय ओबीसी की लिस्ट में सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक रूप से मजबूत मुस्लिम जातियों को बाहर रखा गया है,जो कि न्याय संगत भी है। इन राज्यों के आरक्षण की लिस्ट से सशक्त मुस्लिम जातियों (अशराफ मुसलमान) को बाहर किया जाना चाहिए ताकि सामाजिक न्याय के आधार पर योग्य जातियों एवं समुदायों को ही आरक्षण का लाभ मिले। इसके लिए संबंधित

सबसे पहले यह तथ्य समझ लेना चाहिए कि ईडब्लूएस (आर्थिक रूप से कमजोर) आरक्षण लागू होने के बाद ऐसा कोई मुस्लिम तबका नहीं है, जो आरक्षण की परिधि से बाहर हो अर्थात् लगभग सारे मुसलमान पहले से ही आरक्षण का लाभ लें रहें हैं।

राज्यों के ओबीसी लिस्ट को केंद्रीय ओबीसी लिस्ट के तर्ज पर तैयार किया जा सकता है। पिछले वर्ष कर्नाटक राज्य की भाजपा सरकार ने कर्नाटक स्टेट कमीशन फॉर बैकवर्ड क्लास की अनुशंसा पर ओबीसी आरक्षण के अंतर्गत केवल मुस्लिमों के लिए (विशेष रूप से मुस्लिम आरक्षण) आवंटित कैटेगरी 2 बी (4 प्रतिशत) को समाप्त कर इसमें आने वाले मुस्लिमों को ईडब्ल्यूएस (10 प्रतिशत) में शिफ्ट कर दिया और 2 बी के 4 प्रतिशत को दो बराबर भागों में विभाजित कर ओबीसी की अन्य कैटेगरी 3 ए (अब 2 सी) और 3 बी (अब 2 डी) को दे दिया। सरकार के इस फैसले को बाद में कोर्ट में चुनौती दी गई है।

यह आरक्षण शुद्ध रूप से धार्मिक पहचान पर आधारित था,यहां तक कि इस कैटेगरी के लिए बनने वाले सर्टिफिकेट पर भी कास्ट के आगे मुस्लिम लिखा रहता था, जो संविधान सम्मत नहीं था। यहां गौरतलब है कि सामाजिक न्याय के आरक्षण के लिए अर्ह मुस्लिमों की अधिकतर पसमांदा जातियों को पहले से ही ओबीसी के कैटिगरी 1 (4 प्रतिशत), 2 ए (15 प्रतिशत) और एसटी (7 प्रतिशत) में रखा गया है,जो अभी भी यथावत बरकरार है। यानी पसमांदा जातियों को पहले की तरह ओबीसी के 19 प्रतिशत और एसटी के 7 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल रहा है। जहां तक तेलंगाना और आंध्रा के ओबीसी की केटेगरी बीसी-इ (4 प्रतिशत) की बात है तो वो मजहबी पहचान/धर्म के आधार पर नहीं,बल्कि शैक्षिक और सामाजिक रूप से पिछड़े होने की पहचान के आधार पर चिन्हित मात्र 13 मुस्लिम पिछड़ी जातियों (पसमांदा) को ही सम्मिलित किया गया है। बीसी-ए और बीसी-बी में मुस्लिम समाज की जातियां यथा मेहतर,दूदेकुला, नूरबाश, पिंजारी अन्य धर्मों के पिछड़ी जातियों के साथ पहले से ही शामिल हैं। ठीक इसी प्रकार केटेगरी बीसी-सी में केवल ईसाई धर्म की वंचित जातियां दर्ज हैं। इन दोनों कैटेगरी में केवल मुस्लिम और केवल ईसाई धर्म विशेष की पिछड़ी जातियों के दर्ज होने से यह भ्रम उत्पन्न होता है कि यह आरक्षण धर्म के आधार पर है, जबकि यह पूरी तरह से संवैधानिक मंशा के अनुरूप शैक्षिक एवं सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर है। इस भ्रम को दूर करने के लिए ओबीसी के वर्गीकरण पर पुनः विचार करते हुए धर्म निरपेक्ष वर्गीकरण किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त देश के अन्य प्रदेशों में सारे मुसलमानों को नहीं,बल्कि मुस्लिम समाज के वंचित जातियों को ही ओबीसी और एसटी के आरक्षण में सम्मिलित किया गया।

सच्चर कमेटी के अनुसार ओबीसी आरक्षण के केन्द्र व राज्य सूची में असमानता अब भी मौजूद है। यह एक साधारण शिकायत है,जो केवल मुस्लिमों से ही जुड़ी हुई नहीं है। धार्मिक पहचान से परे ऐसे कई ओबीसी समूह हैं,जो राज्यसूची में हैं,लेकिन केन्द्र सूची में नहीं हैं। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के द्वारा अनुशंसित 95 सामाजिक समूहों को ओबीसी सूची में सम्मिलित किया गया है,लेकिन इनमें से केवल 65 समूहों को ही केंद्र सूची में जगह मिल पाई है। उत्तर प्रदेश की ओबीसी सूची में 74 जातियां सम्मिलित हैं, लेकिन केन्द्र की सूची में केवल 65 जातियां शामिल हैं। ऐसी विभिन्नता मुस्लिम ओबीसी की स्थिति में भी पाई जाती है। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश की राज्य सूची में 37 समुदाय, मुस्लिम समूहों के रूप में सम्मिलित हैं,लेकिन उनमें से केवल 27 ही केन्द्रीय सूची में हैं। बिहार में सूचियों के नवीनीकरण के बाद 17 ओबीसी समूह ऐसे हैं,जिन्हें केन्द्रीय सूची में जगह नहीं मिली है। उत्तर प्रदेश में 2 मुस्लिम समूह-मिर्शिकार व नानबाई को केन्द्रीय सूची में जगह नहीं मिली है। गुजरात में मुस्लिम समूह जैसे कि जिलाया, तरियातई, मंसूरी, बरब, सूमरा, तरक कलाल और नहवैया राज्य की पिछड़ा वर्ग सूची में हैं,लेकिन केन्द्रीय सूची में नहीं। इसी प्रकार महाराष्ट्र में कई मुस्लिम समूह जैसे कि मंसूरी, पान फरोश, अतार, मुस्लिम मदारी, मुस्लिम गावली, दरवेशी, हाशमी(डफाली), नालबंद ऐसे हैं,जिन्हें केन्द्रीय सूची में जगह नहीं मिली है। राज्य सरकारों द्वारा बनाई गई ओबीसी सूचियों में भी कई ऐसी वंचित जातियां और समुदाय हैं,जिन्हें सूची में जगह नहीं मिली है। ऐसे कुछ मुस्लिम समूह है,जिन्हें केंद्र की सूची में जगह मिली है, परंतु जिन्हें अभी राज्य सूची में सम्मिलित किया जाना बाकी है।

बिहार में कलवार,राजस्थान में मुसूरी,उत्तर प्रदेश में आतिशबाज,पश्चिम बंगाल में राईन, कलवार, रंगबाज और चूड़ीहार ऐसे मुस्लिम समुदायों के उदाहरण हैं। अभी भी ऐसे कई समूह हैं,जिन्हें न तो केन्द्र और न ही राज्य की सूची में जगह मिल पाई है। यह बात न्याय संगत है कि मुस्लिम समाज के वंचित जातियों का उत्थान उनके मजहबी पहचान के इतर सामाजिक, शैक्षिक, राजनीतिक एवं आर्थिक पिछड़ेपन के अनुरूप हो। इसीलिए यह उचित है कि अनुच्छेद 341 के पैरा 3 को हटाकर मुस्लिम धर्मावलंबी और ईसाई धर्मावलंबी दलित को भी एससी आरक्षण में सम्मिलित किया जाए और ओबीसी आरक्षण की तरह एससी आरक्षण में भी क्रीमी लेयर एवं वर्गीकरण किया जाए। दक्षिण भारत के प्रमुख राज्यों यथा कर्नाटका,तमिलनाडु और केरला के ओबीसी आरक्षण से शासक वर्गीय सशक्त अशराफ जातियों को बाहर निकाला जाए। साथ ही सच्चर कमेटी द्वारा दर्शायी गई केंद्रीय और राज्य सरकारों की जातिसूची की विसंगतियों को सुधारने का प्रयास हो। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी ईश्वरैया के मतानुसार केंद्र और राज्यों के अन्य पिछड़े वर्ग को तीन समूहों में विभाजित किया जाए ताकि मुस्लिम समाज में सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त हो और आरक्षण किसी भी स्तिथि में मुस्लिम सांप्रदायिकता का मुद्दा न बनने पाए।

प्रसंगवश

आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य

आठवीं सदी से पहले भारत धार्मिक अव्यवस्था से ग्रस्त हो गया था जिसे अनुशासित और व्यवस्थित करने के लिए आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य ने अद्वैत दर्शन को प्रतिष्ठित किया। श्रुतियों के भाष्यों में उन्होंने बताया की अनर्थ का मूल कारण भेद की भावना है,जो घृणा और भय उत्पन्न करती है। घृणा और भय ही जीवन और जगत के अशांति का कारण है। सर्वाहि घृणा तमनोन्यद दुष्टं पश्यतो भवति-अर्थात् जो नित्य अद्वैत आत्मा का अनुभव कर लेता है उसके लिए भय का कारण शेष नहीं रह जाता।

डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी

प्रयागराज

सर्वात्म भाव ही वेदांत दर्शन का मूलभाव है,जो परम कल्याण का साधन है। वैदिक युग के अंतिम चरण का द्योतक वेदांत दर्शन का मुख्य आधार प्रस्थान त्रयी-ब्रह्मसूत्र उपनिषद् और गीता है,जो आज के संकट को दूर करने का आचार, विचार और दर्शन प्रस्तुत करता है। वेदांत में उपनिषदों के तत्वदर्शन को विशेष रूप से ग्रहण करते हुए अन्यान्य समाजपरक तथ्यों को शंकराचार्य ने महत्व दिया। हिन्दू धर्म में नवाचार करते हुए सभी वर्णों के लोगों को संन्यास की दीक्षा को शंकर ने जायज करार दिया। मनुष्य पंचक में उन्होंने एक स्थान पर लिखा है-कोई भी तत्वदर्शी मनुष्य मेरा सच्चा गुरु है चाहे वह द्विज हो चाहे चांडाल।

वैष्णव और शैव आचार्यों ने अनेक स्थानों पर शंकर के मत का विरोध किया,पर वस्तुतः शंकर दिग्विजय ने ही सनातन धर्म में प्राण संचरण किया। अद्वैत दर्शन ही वस्तुतः एकमात्र ऐसा दर्शन है,जो परस्पर विरोधी मतों के अंतः में निहित सत्य है। शंकर ने स्थापित किया की धर्म जीवन के अंधकारमय संकटों का सामना करके केवल उसी अवस्था में जीवित रह सकता है,जब की वह विचार का उत्कृष्ट परिणाम हो। शंकर ने कहा की मनुष्य की आसुरी प्रवृत्ति उसकी भौतिक सत्ता का संयोग है उसकी आध्यात्मिक सत्ता का सत्य नहीं है। हमारी प्रवृत्तियों के अध्यात्मिककरण द्वारा मनुष्य जाति के आध्यात्मिक एकत्व में ही शांति और सुख के साम्राज्य की आशा निहित है। शंकर का वेदांत मनुष्य को उच्चतम आध्यात्मिक गौरव प्रदान करता है जिससे मनुष्य के हृदय में आत्मशक्ति दृढ़ होती है और वह लोभ, स्वार्थ, घृणा, द्वेष को अनुशासित कर पता है। सनातन संस्कृति के आद्य आचार्य को कोटि कोटि नमन।

विराट और उदार, कुदरत जैसी मां

अशोक पांडे

हल्द्वानी

मां अन्ना कॉर्नेलिया का एक पोर्ट्रेट विंसेंट ने 1888 के बरस एक ब्लैक-एंड-व्हाइट फोटो को देखकर बनाया था। उन दिनों एक तरफ तो वह अपनी कला के शिखर पर था,दूसरी तरफ उसकी दिमागी हालत भी लगातार बिगड़ रही थी। उस पर पागलपन के दौरे पड़ते थे,उसका हाल इस कदर खराब था कि एक दफा उसने अपने दोस्त पॉल गोगां पर चाकू से हमला किया तो एक दफा अपना बायां कान काट कर एक लड़की को दे दिया। जीवनभर साथ चली गरीबी तो थी ही,उसे अपने घर-परिवार और खास तौर पर मां की बहुत याद भी खूब आती थी। यह और बात थी कि लगातार पेन्टिंग करना उसने कभी नहीं छोड़ा।

मां का चित्र बनाते हुए उसने अपने छोटे भाई थियो को चिट्ठी में लिखा,"मां का बेरंग फोटो मुझसे बर्दाश्त नहीं होता। मैं उसे रंगों के ठीक वैसे संयोजन में देखना चाहता हूं,जैसे वह मुझे हमेशा याद आती है।" यह इत्तेफाक नहीं था कि उसने मां के इस चित्र में हरे रंग को इतनी सारी जगह दी। प्रकृति की विपुल उदारता के प्रतीक इस हरे से मोहब्बत करना उसे मां ने ही सिखाया था। यही हरा जब पकता है तो पीला बन जाता है और विन्सेन्ट के यहां यही दो रंग सबसे ज्यादा हैं।

उस जमाने के हिसाब से अन्ना कॉर्नेलिया की शादी काफी देर में हुई थी। खुद से तीन बरस छोटे पादरी थियोडोरस वान गॉग से विवाह के वक्त वे बत्तीस की हो चुकी थीं। उनके छह बच्चे हुए-तीन बेटे,तीन बेटियां। एक पादरी के घर पर जैसा धार्मिक और नैतिक माहौल होना चाहिए था,अन्ना कॉर्नेलिया ने उसे वैसा ही बनाया और अपने बच्चों को परिवार का सम्मान करना सिखाया। उनका मानना था कि संसार में मनुष्य की प्रसन्नता का रहस्य परिवार के साथ रहने में निहित है। मां के बताए इन शुरुआती सबकों का असर रहा होगा कि विन्सेन्ट और उसके भाई-बहनों ने अपने जीवनकाल में एक-दूसरे को हजारों खत लिखे। ज्यादातर चिट्ठियों में वे सब लगातार अपने बचपन को याद करते रहते हैं-गांव की पनचक्कियां, मां की बनाई डबलरोटी,बीमार घोड़े की आंख का आंसू,तकियों के गिलाफों पर मां की बनाई कशीदाकारियां।

अन्ना कॉर्नेलिया वाटरकलर्स पर शौकिया काम करना जानती थीं और अपने बनाए फूल-पत्तियों के चित्रों से उन्होंने ढेरों नोटबुक्स भर रखी थीं।

अन्ना कॉर्नेलिया वाटरकलर्स पर शौकिया काम करना जानती थीं और अपने बनाए फूल-पत्तियों के चित्रों से उन्होंने ढेरों नोटबुक्स भर रखी थीं। एक तरह से उन्हें विन्सेन्ट का पहला कला-गुरु भी कहा जा सकता है। अन्ना कॉर्नेलिया ने अपने बच्चों को कुदरत से मोहब्बत करना भी सिखाया। वे दिन में कम से कम घंटे के लिए सारे बच्चों को लेकर टहलने जाती थीं। घर पर उनके लगाए बगीचे में हर बच्चे को कुछ न कुछ काम करना अनिवार्य था-मां की संगत में वान गॉग परिवार के सारे बच्चों ने मिट्टी, बीज, अंकुर, पत्तों, टहनियों और जड़ों वगैरह को परिवार के संबंधों के मजबूत रूपकों के तौर पर देखना सीखा। यही रूपक विन्सेन्ट की सारी कला के गर्भ में पाए जा सकते हैं। पैसे की कमी से जीवनभर जूझते विन्सेन्ट को उसके छोटे भाई थियो ने लगातार सहारा दिया-अपनी कमाई का एक-एक पैसा उसके साथ बराबर बांटा और उसे कभी अकेला नहीं रहने दिया। जब 1885 में उनके पिता थियोडोरस वान गॉग की मृत्यु हो गई तो दो बरस बाद सबसे छोटा भाई इक्कीस साल का कॉर्नेलियस ड्राफ्ट्समैन की नौकरी करने अफ्रीका चला गया।

थियो पेरिस में रहता था,जबकि विन्सेन्ट को कभी कोई पक्का पता हासिल नहीं हुआ। बच्चों से बेपनाह मोहब्बत करने अन्ना कॉर्नेलिया को बेटों की लगातार फिक्र रहती थी। तीनों उससे दूर रहते थे और वे उन्हें लगातार चिट्ठियां लिखती थीं। इसके बावजूद उनके जीवन का आखिरी हिस्सा किस कदर मुश्किल बीता होगा इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। अपने जीते जी इस मां को अपन तीनों लाड़लों की असमय मौत देखनी पड़ी। लिख देने में कितना आसान लगता है कि बुढ़ापे में किसी मां के साथ ऐसा घटे। मानव सभ्यता के सबसे बड़े कलाकारों में से एक को जन्म देने वाली अन्ना कॉर्नेलिया अपने सबसे छोटे बेटे की मौत के सात साल बाद तक जीवित रहीं।

विन्सेंट की तीनों बहनें-एलिजाबेथ,अन्ना और विलेमिना-मां की देख-रेख में तत्पर रहीं और तीनों ने पिचहत्तर से ज्यादा बरस की उम्र पाई। हॉलैंड के बादशाह की लाइब्रेरी में किताबों के आधिकारिक बाइंडर रहे विलेम कारबेन्टस की इस बेटी अन्ना कॉर्नेलिया के इस हरे पोर्ट्रेट को देखना मुझे हमेशा भावुक बनाता है। दुनिया की हर मां की तरह विन्सेन्ट वान गॉग की मां भी अकल्पनीय रूप से विराट और उदार थीं- बिल्कुल मां कुदरत जैसी।

सोशल फोरम

सम्मान मांगने की चीज नहीं

मेरी मां मेरे बारे में एक बात अक्सर कहती है। "तुम्हारी रीढ़ की हड्डी में कुछ समस्या है ये जल्दी मुड़ती नहीं है" ये बात सच भी है। जब मैंने किसी के पैर छुए हों। ऐसा नहीं कि मैं लोगों का आदर नहीं करता,उन्हें इज्जत नहीं देता,लेकिन मेरा सम्मान केवल प्रणाम तक ही सिमटकर रह जाता है।

मेरे पिता भी मेरी इस आदत को अच्छी तरह जानते थे। इसलिए मेरी शादी की सारी रस्में समाप्त होने के बाद जब मैं सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने के लिए उनके चरण स्पर्श कर रहा था तो मेरे पिता ने मजाक में एक बात कही। बेटा और कही नहीं झुकना है तो मत झुको, लेकिन शादी के बाद एक जगह झुकने की आदत डाल लो तो सुखी रहोगे। नहीं झुकने की मेरी समस्या आज भी बरकरार है। आप मुझे संस्कारहीन,घमंडी वगैरह वगैरह कुछ भी कह सकते है,लेकिन मेरे कुछ अपने तर्क है। इज्जत, सम्मान,आदर मांगने की चीज नहीं है। ये कोई आपका अधिकार नहीं है। ये तो अपने व्यवहार,सोच,काम से हासिल किया जाता है। अगर आप सोचते है कि मैं आपके सामने केवल इसलिए झुकूं की आप मुझ से 10 या 15 साल पहले इस दुनिया में आए है तो ये कारण मुझे मंजूर नहीं। क्योंकि ये बुजुर्ग आज भी वैसे ही है,जैसा मैंने इन्हें आज से 30-35 साल पहले देखा था। अपनी सड़ चुकी मान्यताओं और पुरानी पड़ चुकी सोच के साथ ये आज भी वही के वही खड़े हैं। दुनिया तब से आज तक बहुत आगे निकल गई है,पर ये एक कदम भी चलने को तैयार नहीं।

तजिंदर सिंघ

जमशेदपुर, झारखंड

आज तक मैंने ऐसा कोई बुजुर्ग नहीं देखा जो आपको समय से आगे निकलने के लिए प्रेरित करे। सभी ढेर सारे हिले-हवाले देकर आपको बस पीछे खींचने में लगे रहते हैं। बुजुर्ग नाराज होकर कहते है कि हमने बाल धुप में सफेद नहीं किए,तो मन में आता है कि कह दूं जनाब आपने शायद बाल धुप में ही सफेद किए हैं,लेकिन कह नहीं पाता। कही न कही संस्कार आड़े आ जाते हैं। ऐसा नहीं कि झुकना,चरण स्पर्श करना गलत है और मुझे इसमें आपति है,लेकिन इसके लिए सामने वाले में पात्रता भी होनी चाहिए। योग्यता भी होनी चाहिए। उसे इस काबिल भी होना चाहिए। केवल उम्र का आधार मेरे लिए काफी नहीं है।

-फेसबुक वॉल से

डीके खापर्डे और दलित राजनीति

कांशीराम को बाबा साहब आंबेडकर और उनके आंदोलन के विषय में डीके खापर्डे जी ने ही विस्तृत ज्ञान दिया था। कांशीराम से खापर्डे जी को मिलवाने में मुख्य भूमिका महामना दीनाभना की थी। डीके खापर्डे ने ही डॉ आंबेडकर की लिखी प्रसिद्ध पुस्तक 'जातिभेद का उच्छेद' मान्यवर कांशीराम को पढ़ने को दी। यहीं से साहब कांशीराम से बहुजन नायक बनने और बहुजन राजनीति की कहानी बनती है। अब सवाल यह है कि स्वतंत्र दलित नेतृत्व की राजनीति क्या हाशिए पर है? इस लोकतंत्र के पर्व में अपने दम पर कितना दम दिखा पाएगी? अभी भी जो दलितों की बड़ी संख्या बहुजन समाज पार्टी के हिस्से में है, उसका कारण अनुसूचित जातियों का भावनात्मक लगाव भी है।

सुरेन्द्र सोनकर

सामाजिक चिंतक

मैं फिर कोड करना चाहता हूं डीके खापर्डे जी को, उनका मानना था कि सबसे पहले सामाजिक परिवर्तन उसके बाद राजनीतिक परिवर्तन और अंत में व्यवस्था परिवर्तन,व्यवस्था परिवर्तन का मतलब देश की सत्ता सरंचना में बदलाव। सत्ता सरंचना का स्वरूप नहीं बदलने से व्यवस्था परिवर्तन नहीं हो रहा है। डीके खापर्डे, दीनाभाना, कांशीराम ने बहुजन महापुरुषों से प्रेरणा लेकर बंजर जमीन को राजनीतिक उपजाऊ जमीन तैयार की थी। खापर्डे व मान्यवर साहब ने अपने को आगे बढ़ाने के बजाय योग्य और सक्षम कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाया। संगठन में व्यक्तिवाद के स्थान पर संस्थागत सामूहिक नेतृत्व में उनका विश्वास था,जो सामाजिक न्याय के आंदोलन कभी बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी के नाम थे। आज कांग्रेस के राहुल गांधी, अखिलेश यादव बहुत मजबूती के साथ जाति जनगणना, आरक्षण, संस्थाओं में हिस्सेदारी की बात सभाओं में रख बहुजनों को आकर्षित कर रहे हैं। तीनों साथियों ने और अन्य सामाजिक जागरूक लोगों को जोड़कर अनुसूचित जातियों/ जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग और धर्मान्तरित अल्पसंख्यक समाज का थिंकटैंक बनाया। फुले, आंबेडकरी विचारधारा के तहत गैर राजनीतिक जड़ें यानि सामाजिक जड़ें मजबूत करने के लिए काम किया। 6 दिसंबर 1978 को दिल्ली में इस वैचारिकी को मूर्त रूप देकर वामसेफ की दिल्ली में स्थापना की जिसका काम समाज को दिशा दिखाना था। यहीं से 1981 में डीएस 4 फिर 14 अप्रैल 1984 में बहुजन समाज पार्टी राजनीतिक दल की स्थापना हुई। मान्यवर कांशीराम अध्यक्ष बनें, डीके खापर्डे सामाजिक सोच को मजबूत करना चाहते थे जिनका जन्म 13 मई 1939 को महाराष्ट्र के नागपुर में हुआ था,जो कि व्यवस्था परिवर्तन में सहायक हो।

कांशीराम ने राजनीति को तरजीह दी जैसा कि डॉ आंबेडकर सोचते थे कि राजनीतिक सत्ता सामाजिक प्रगति की कुंजी है। बहुजन समाज पार्टी महापुरुषों की विचारधारा के मुताबिक जल्दी ही बहुजन समाज में जगह बनाने में कामयाब हुई और उत्तर प्रदेश में सत्ता तक पहुंची। अन्य कई राज्यों में भी सांसद व विधायक बनाने में कामयाब हुई। निश्चित ही अन्य राजनीतिक दलों को अपने एजेंडे बदलने पड़े,उन्होंने अपने दलों में पिछड़े व दलितों को राजनीति में तरजीह मिलने लगी। बाबा साहब आंबेडकर की पार्टी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ने भी उत्तर प्रदेश में एमपी बनाए थे। धीरे-धीरे हाशिए पर चली गई,जो भी अस्तित्व बचा वो महाराष्ट्र में ही है। समाजवादी आंदोलन से निकलकर रामविलास पासवान ने भी लोकजन शक्ति पार्टी का गठन कर बिहार में राजनीति को प्रभावित किया। उनके न रहने पर उनके परिवार के झगड़े में पार्टी कमजोर हुई। अब नेतृत्व उनके बेटे चिराग पासवान के हाथ है और भाजपा के साथ गठबंधन में है। बहुजन समाज पार्टी अपने बल पर लोकसभा चुनाव के समर में अकेले हैं। किसी से गठबंधन नहीं है, 2007 में अकेले ही पूर्णरूप से उत्तर प्रदेश में सत्ता पर स्थापित हुई मुख्यमंत्री बहन मायावती बनीं। यह राजनीतिक अचंभा था, जो समाज सामाजिक व्यवस्था में निम्नतम था वो भी महिला अनुसूचित समाज की पिछड़े दलित के अलावा अन्य सवर्णों ने भी उनके नेतृत्व को स्वीकार किया। भरपूर वोट देकर पूर्णरूप से सत्ता तक पहुंचाया,उनके निर्णय, सत्ता चलाने की कार्यशैली अपराध पर नियंत्रण ने उनको आयरन लेडी बना दिया। उन्होंने अपनी सरकार के दौरान लखनऊ व नोएडा में परिवर्तन स्थल प्रेरणा स्थल में उन महापुरुषों को स्थापित किया,जो सामाजिक क्रांतिकारी थे। वे आज भी और कल भी लोगों को प्रेरणा देते रहेंगे।

मां से मोहब्बत

अब क्या मां पर भी लिखना होगा! कैसे लिखेंगे, क्या लिखेंगे? वह तकलीफ लिखें जो उनके पेट में रहकर,अंदर से शरारतन हमारे पहली बार टांग मारने से उन्हें हुई थी। उस दर्द को लिखें जो हमारे पैदा होने में उन्होंने सहा था। उस एहसास को कैसे लिखें जब वह पहली बार मुझे देख तमाम तकलीफ को दबाकर मुस्कुराई थीं। अपने बड़े से हाथ में मेरा पूरा बदन लेकर कहा था आज से मैं तेरा साया हूं। कैसे लिखूं उन उंगलियों पर जिन्होंने पूरे बदन पर ऐसे मालिश कि मैं आज भी सख्त पत्थरों से जूझने लायक बना। उस दूध पर लिखने की सलाहियत मुझमे नहीं। उन निवालों पर क्या लिखा जाए,जो बिना मेरे भूख-भूख पुकारे मेरे मुंह में अनगिनत बार डाल दिए गए। मैं या कोई भी मां पर कैसे लिखे? आप और हम सारे एहसास, जज्बात,मोहब्बत सब लिख सकते हैं,मगर मां पर कलम खुद बच्चा हो जाती है।

हफीज किदवई

लेखक

हां एक बात जो मैं हमेशा सोचता हूं,वह यह कि मेरी मां मेरे सामने दुनिया छोड़े न कि उसके सामने मैं। मरना सभी को है,मगर मैं नहीं चाहता एक मां अपने बेटे के मरने का दर्द सहे। यह पीड़ा उसके जीवन की सबसे दर्दनाक पीड़ा है। हां, मैं बेटा होकर उस दर्द को उठा लेना चाहता हूं। मैं कोई अच्छा बेटा नहीं हूं,फिर भी मैं जब उनके पैरों को दबा रहा होता हूं,तब ही दुनिया के सबसे ऊंचे शिखर को छूने का एहसास होता है। तकलीफ तब होती है जब देखता हूं कोई नौजवान मां को नासमझ समझ कर उन्हें दुत्कारता है। मां का जिसके दिल में एहसास हो गया वह दूसरे को नुकसान तो नहीं ही पहुंचा सकता। मैं क्या कहूं यह उल्टा सीधा लिखते-लिखते दिल भरने लगता है। मां का एहसास लफ्ज से क्या लिखें? दिल खुद उसकी गवाही दे रहा होगा।

मदर्स डे पर मूसा की कैफियत को देखना। मूसा कोहेतूर (पहाड़) पर बेधड़क दौड़े चले जाते थे। एक रोज दौड़ते हुए पहाड़ पर जा रहे थे कि एक पत्थर पर ठोकर लगी और वह मुंह के बल गिर गए,तब आसमान की तरफ शिकायती अंदाज में देखा। उधर आसमान से आवाज आई "ऐ मूसा अब संभल कर चला करो। तुम्हारे लिए दुआ करने वाले अब हाथ नहीं रहे। वह मां खत्म हो गई, अब एहतियात रखना।" मूसा के आंसू आ गए। सोचिए वह तो पैगंबर थे तो हम और आप को उस मां की कितनी जरूरत है। उनकी दुआओं की कितनी दरकार है राम जी ने सौतेली मां के मान को रखकर,जंगल की पीड़ा चुनी,क्या तब भी हम यह नहीं समझे कि किसी भी मां की इज्जत करना ही हमारा धर्म है। मां के दिल में अगर किसी बेटे का खौफ आ गया तो वह बेटा जुल्मी है। मां से मोहब्बत तो जरूरी ही है उनकी इज्जत तो फर्ज है।

आज गिरह बांध लो मां की इज्जत की गिरह। उनके दिल को तकलीफ मत पहुंचाना वरना बिखर जाओगे। कई बार कुछ माएं गलत हो सकती हैं। बच्चों से हकतल्फी कर सकती हैं, मगर तभी राम जी जैसे किरदार उठ खड़े होकर बतलाते हैं,मां का कहना मानो। भले ही दर्द हो,भले ही दिल टुकड़े-टुकड़े हो जाएं,मगर मां पर गुस्सा मत पलटो। लोग कहेंगे,क्या सिर्फ एक दिन मां की इज्जत होगी,हम कहेंगे,जो पूरे साल इज्जत करते हैं,वही तो यह एक दिन मनाएंगे। आपने पूरे साल मां को आजिज किया है तो आज के एक दिन अगर दिखावटी प्यार उमेड़ोंगे,तो अनगिनत जोरदार तमाचे ही तो स्वागत करेंगे। यह एक दिन उनके लिए है,जो हमेशा इज्जत करते हैं और एक दिन व्यक्त कर देते हैं।

890 पोलिंग पार्टियां पहुंचीं, 3560 कर्मचारी कराएंगे वोटिंग

आज सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक पड़ेंगे वोट, 420 बूथों पर मतदान के लिए नवीन मंडी स्थल से रवाना की गईं पोलिंग पार्टियां



कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। लोकतंत्र के महापर्व पर चौथे चरण में इटावा लोकसभा सीट पर कुल 890 पोलिंग पार्टियां सोमवार को मतदान कराएंगी। लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा इटावा, भरथना, औरैया, दिबियापुर व सिकंदरा शामिल हैं। रविवार को इटावा विधानसभा क्षेत्र में कुल 420 बूथों पर मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी नवीन मंडी स्थल से की गयी। भरथना में बनें कुल 470 बूथ के लिए भी पार्टियों को यहां से रवाना किया गया। जिले में 49 मॉडल बूथ भी बनाएं गये हैं। जिनमें टेंट, साज-सज्जा के साथ मतदाताओं के लिए पेयजल व बैठने की व्यवस्था की गई हैं। ऐसे में 890 पोलिंग पार्टियों में 3560 कर्मचारी शामिल रहे।

इटावा के साथ ही मथुरा, सुल्तानपुर, एंटी करप्शन यूनिट, जीआरपी आगरा से 198 उप निरीक्षक, 1956 आरक्षी जिले में मतदान कराने पहुंचे हैं। 1619 होमगार्ड और सीआरपीएफ की 9 कंपनी व एक प्लाटून, पीएसी की एक कंपनी में दो प्लाटून जिले में चुनाव ड्यूटी करेगी। बूथ सुरक्षा के साथ ही जिले में अन्य सुरक्षा व्यवस्था के लिए कुल 18.5 सेक्शन सीएपीएफ व 15 सेक्शन पीएसी लगाई गई है। डीएम अवनीश राय, एसएसपी संजय कुमार, सीडीओ अजय, डीडीओ एस कृष्णा समेत अन्य अधिकारी व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

सभी बूथ पर रहेंगी सुविधाएं :इटावा। सीडीओ अजय कुमार गौतम ने बताया कि लोक सभा क्षेत्र इटावा के विधान सभा भरथना एवं विधान सभा इटावा के सभी 890 बूथों पर पोलिंग पार्टियों व मतदाताओं के लिए सभी सुविधाएं की गईं हैं। इनमें मतदाताओं एवं पोलिंग पार्टियों के लिए महिला एवं पुरुष शौचालय, दिव्यांग शौचालय की व्यवस्था की गई है। मतदाताओं एवं पोलिंग पार्टियों के लिए पेयजल, दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है।

नई मंडी से रवाना होते मतदान कर्मचारी। अमृत विचार

नई मंडी बूथ पर कोई व्यवस्था न होने से जमीन पर बैठकर काम करते कर्मचारी।

- डीएम व अन्य अधिकारी लेते रहे व्यवस्थाओं का जायजा

ये हैं विकल्प

- पासपोर्ट
- ड्राइविंग लाइसेंस,
- राज्य, केंद्र व सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा कर्मियों को जारी किए जाने वाले फोटो युक्त पहचान पत्र
- बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटो युक्त पासबुक
- पैन कार्ड
- आधार कार्ड
- एनपीआर
- मनरेगा जॉब कार्ड
- श्रम मंत्रालय योजना का स्वास्थ्य वीमा कार्ड
- फोटो युक्त पैंशन दस्तावेज
- निर्वाचन तंत्र द्वारा जारी प्रमाणिक फोटो मतदाता पर्ची

डा रामशंकर कठेरिया।

जितेंद्र दोहरे।

सारिका सिंह बघेल।

सपा, भाजपा समेत आठ प्रत्याशियों की किस्मत का होगा फैसला

इटावा। लोकसभा क्षेत्र में सपा, बसपा तथा भाजपा सहित कुल आठ प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे है। सोमवार की शाम को इन आठों प्रत्याशियों के भाग्य का ईवीएम में कैद हो जाएगा। यहां से भारतीय जनता पार्टी ने डॉ. रामशंकर कठेरिया, समाजवादी पार्टी ने जितेंद्र दोहरे तथा बहुजन समाज पार्टी ने सारिका सिंह बघेल को प्रत्याशी बनाया है। इसके अतिरिक्त पांच अन्य छोटे दलों के प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में कुल मिलाकर आठ प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे है। 18 लाख 27 हजार मतदाता इनके भाग्य का फैसला करने के लिए मतदान करेगें। यह मतदान सोमवार को सुबह सात बजे शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। मतदान के लिए सभी मतदान केदो पर विशेष इंतजाम किए गए हैं इसके लिए पोलिंग पार्टियां रविवार की शाम को मतदान केन्द्रों पर पहुंच गई हैं। इसके साथ ही पुलिस की कड़ी सुरक्षा भी सभी मतदान केन्द्रों पर रहेगी यहां सुरक्षा के लिए केंद्रीय बलों को भी तैनात किया गया है।

इटावा विधानसभा

मतदान केंद्र	242
मतदान बूथ	420
कुल वोटर	415655
महिला वोटर	193631
पुरुष वोटर	222020
अन्य वोटर	4
युवा वोटर	4915
दिव्यांग वोटर	3249
बुजुर्ग वोटर	2329
सर्विस वोटर	1127
सेक्टर	47
ज़ोनल	5

इटावा लोकसभा

इटावा लोकसभा सीट	41
कुल मतदाता	18,27,781
पुरुष मतदाता	9,83,960
महिला मतदाता	8,43,780
कुल मतदेय स्थल	2030
कुल मतदान केंद्र	1486

भरथना विधानसभा

मतदान केंद्र	362
मतदान बूथ	470
कुल वोटर	412856
महिला वोटर	190865
पुरुष वोटर	221987
अन्य वोटर	4
युवा वोटर	6233
दिव्यांग वोटर	3937
बुजुर्ग वोटर	5362
सर्विस वोटर	1656
सेक्टर	57
ज़ोनल	6

मतदान कर्मी जमीन पर बैठे

इटावा। लोकसभा क्षेत्र इटावा मतदान स्थल संख्या 92 किसान विश्राम गृह नई मंडी कक्ष संख्या दो बूथ पर कोई व्यवस्था न होने से मतदान पोलिंग कर्मी जमीन पर बैठने को मजबूर हैं। बूथ के अंदर मतदान कर्मियों को मतदान कराने के लिए मेज, कुर्सी, बिजली, पानी, जमीन पर फर्श आदि जैसी सुविधाएं आवश्यक हैं। मेज कुर्सी न होने से मतदान कर्मी जमीन पर ही बैठकर मतदान कार्य निपटा रहे हैं। सबसे अहम बात ये है कि सेक्टर मजिस्ट्रेट की ये जिम्मेदारी है कि उसके निर्वाचन क्षेत्र में कितने बूथ है और उन पर सभी मूलभूत सुविधाएं हैं या नहीं जिसकी रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को की जाती है। ऐसा लगता है कि सेक्टर मजिस्ट्रेट उक्त बूथ पर पहुंचे ही नहीं है।

अमर शहीदों का तीर्थ स्थल बना लोहिया गांव

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- महान क्रांतिकारी कमांडर अर्जुन सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर से दी गई श्रद्धांजलि

अमृत विचार। देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया की जयंती पर उनके पैतृक ग्राम लोहिया खुर्द में सेनानी मेले में गार्ड ऑफ ऑनर देकर श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कमांडर भदौरिया के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कमांडर साहब के साथी रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के तीन दर्जन से ज्यादा परिजनों को मंच पर सम्मानित किया गया।

कमांडर अर्जुन सिंह के पुत्र सुधींद्र भदौरिया ने कहा कि लगभग दो सप्ताह तक चलने वाले इस मेले में कमांडर साहब और उनके साथी रहे तमाम सेनानियों को साहित्यिक, सांस्कृतिक, वैचारिक और खेलकूद आदि के कार्यक्रमों के माध्यम से उनके क्रांतिकारी जीवन का स्मरण किया जाएगा। है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा भारत सरकार की तरफ से कमांडर साहब के जीवन पर प्रकाशित पुस्तक चंबल का महानायक कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया का मंच पर वितरण भी किया। संचालन कर रहे डॉ. जय चंद्र भदौरिया ने कहा कि इटावा की धरती पर ऐसा महान क्रांतिकारी पैदा हुआ जिसका संपूर्ण जीवन समाज की भलाई के लिए समर्पित था। खादिम अब्बास ने कहा कि कमांडर साहब का व्यक्तित्व इतना बड़ा है कि उसे चंद शब्दों में नहीं समेटा जा सकता। वे लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मानवीय मर्यादा को निभाने वाले व्यक्ति थे। सेनानियों के चित्रों पर सांसद डॉ. राम शंकर कठेरिया, पूर्व मंत्री राम सेवक यादव, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, डॉ. अजंट सिंह, बीरू भदौरिया, कुलदीप गुप्ता संटू, अनिल कुमार, सिपाहीराम यादव सलीम खान, संजय चौहान, अवधेश सविता, राजवीर सिंह, सिद्धार्थ भदौरिया, गुरु त्रिपाठी ने पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्षता ग्राम प्रधान अशोक यादव ने की।

कमांडर अर्जुन सिंह के जीवन पर प्रकाशित पुस्तक के साथ सुधींद्र भदौरिया, डॉ. जयचंद्र और रामसेवक यादव। अमृत विचार

तालाब में मिला अधेड़ का क्षत-विक्षत शव

संवाददाता बकेवर, इटावा

अमृत विचार। रविवार को तालाब में अज्ञात अधेड़ का शव देखे जाने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। गांव वालों ने हत्या करके शव फेंके जाने की आशंका जताई।

लवेदी थाना क्षेत्र में गांव ईकरी में लखना से ईकरी नवादा मार्ग पर मंदिर किनारे स्थित पंचायत के तालाब किनारे कुत्ते कुछ नोचते नजर आए। लोगों ने उधर जाकर देखा तो शव से बदबू आ रही थी। सूचना लवेदी थाना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी सनत कुमार चौधरी फोर्स के साथ पहुचे और तालाब में पड़े सड़े-गले शव को बाहर निकलवाया। शव किसी 55 वर्षीय अधेड़ का निकला।उसकी पहचान नहीं हो सकी है। गांव वालों ने किसी अन्य स्थान पर अधेड़ की हत्या करके शव तालाब में फेंके जाने की आशंका जताई। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए।

इस संबंध में लवेदी थाना प्रभारी ने बताया शव पांच से छह दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव पानी में पड़ा रहने की वजह से आगामी 72 घंटे तक उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया जाएगा।

अधेड़ का शव मिलने के बाद मौके पर जुटे लोग। अमृत विचार

आरएन वर्मा क्लब के उपमंडलाध्यक्ष बने

इटावा। लायंस क्लब इंटरनेशनल मंडल 321 सी 2 का वार्षिक अधिवेशन आदित्य 2024 का आयोजन मंडलाध्यक्ष एमजेएफ लायन पीके जैन, मंडल शिरोमणि अंतराष्ट्रीय निदेशक जितेंद्र कुमार सिंह एवं समस्त पूर्व मंडलाध्यक्षों के कुशल निर्देशन में संपंन हुआ। अधिवेशन में आगामी सत्र 2024-25 के लिए हुए चुनाव में उपमंडलाध्यक्ष द्वितीय के पद पर लायंस क्लब इटावा के वरिष्ठ सदस्य आरएन वर्मा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। वह सत्र 2026- 27 में मंडल 321 सी 2 के मंडलध्यक्ष की कमान संभालेंगे।

सजग रहें, बीएसआई केयर एप करें डाउनलोड

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कांधनी में भारतीय मानक ब्यूरो नोयडा शाखा की कार्यशाला का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन एमके सिंह ने स्टैंडर्ड क्लब क्रियाकलाप के अंतर्गत छात्रों को बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो भारत में राष्ट्रीय मानक निर्धारित करने वाली संस्था है। यह उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीन कार्य करती है। पहले इसका नाम भारतीय मानक संस्थान था इसकी स्थापना सन् 1947 में हुई थी। बीआईएस प्रमाणन उन लोगों के हर निर्माता (भारतीय या विदेशी) द्वारा आवश्यक है जो अनिवार्य प्रमाणन के तहत उत्पादों का निर्माण कर रहे हैं। उत्पाद प्रमाणन में दो योजनाएं शामिल हैं, पहली भारतीय मानक संस्थान और दूसरी अनिवार्य पंजीकरण योजना। प्रत्येक उत्पाद पर निर्धारित चिह्न होता है। होल मार्क, आईएसआई, पीएफओ, एगमार्क क्रमशः सोने चांदी की वस्तुओं, इलेक्ट्रानिक, मसालों आदि पर प्रयोग किए जाते हैं। प्रधानाचार्य डॉ. निर्मल चंद्र वाजपेयी ने बताया कि उपभोक्तावादी युग में हमें सजग रहने की जरूरत है। इसके लिए प्रत्येक उपभोगता को अपने मोबाइल पर बीएसआई केयर एप डाउनलोड कर लेना चाहिए। अंत में मानक लेखन प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें प्रथम अंशमन कक्षा10, द्वितीय शहदेव कक्षा 12, तृतीय आदित्य दुबे कक्ष 10 व शोहिल खान कक्षा 12 रहे। सोनी यादव, रामकृपाल, अभिषेक भास्कर, मेघा सिंह, पुष्पराज सिंह, राकेश कुमार, अर्चना यादव, संगीता प्रजापति, कुमकुम उपस्थित रहे।

छात्र को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य डॉ. निर्मल चंद्र वाजपेयी। अमृत विचार

- राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में मानक ब्यूरो की कार्यशाला

तीन गांवों में आग से भूसा और उपले जलकर राख

संवाददाता भरथना, इटावा

अमृत विचार। भरथना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत तीन गांवों में भूसा भरे तीन बिठ्ठा और गोबर के उपलों से भरे दो बिठ्ठा सहित कुल पांच बिठ्ठा धु-धूकर जलकर राख हो गए।

फायर कर्मी सुभाष यादव ने बताया कि आग की सबसे पहले सूचना पर सवा 9 बजे क्षेत्र के ग्राम नगला भगत में मोहित कुमार पुत्र सोभाराम के भूसा में अज्ञात कारणों से लगी आग को फायर मशीन से बुझाया गया। ग्राम थारी में रवींद्र सिंह व श्रीपाल सिंह के एक-एक गोबर के बिठ्ठा में लगी भीषण आग को को बुझाया।

उन्होंने बताया कि दोपहर साढ़े 12 बजे क्षेत्र के ग्राम लखनपुरा पचार में एक साथ दो भूसा भरे बिठ्ठा में आग लगने की खबर पर फायर मशीन ने मौके पर पहुंच कर सुरेश चंद व भूप सिंह के दो बिठ्ठा की आग बुझाई।

भूसे के कूप में आग

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के गांव सिसहाट के किसान बबलेश कुमार के खेत में रखे भूसे के कूप में बीती रात आग लग गई। किसान के परिजन व अन्य लोग घटना स्थल पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस व फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया गया। पीड़ित किसान ने बताया कि आग लगने से हजारों का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया। किसान ने स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की दुर्घटना में मौत

संवाददाता ताखा, इटावा

- कार सवार ने बाइक में मारी टक्कर, अमथरी गांव के पास हुई दुर्घटना

अमृत विचार। शिकोहाबाद से घर आते समय अमथरी गांव के पास कार सवार ने बीएड की परीक्षा देकर लौट रहे बाइक सवार छात्र को सामने से टक्कर मार दी। जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव नगला ढकाऊ निवासी प्रांशू (21) शनिवार को घर से बीएड की परीक्षा देने गया था। शाम को पेपर देकर आपस आ रहा था। गांव से करीब सात किमी की दूरी पर समथर-वैवाह चौपला मार्ग पर अमथरी गांव के पास कार सवार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भर्ती कराया। जहां देर रात छात्र ने दम तोड़ दिया। मृतक छात्र के पिता कायमसिंह पुलिस में कार्यरत हैं जिनकी तैनाती आगरा में पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। थाना प्रभारी बेचन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

वाहन की टक्कर से महिला की गई जान

इटावा। बढ़पुरा थाना क्षेत्र की रहने वाली अनुराधा उर्फ उपमा (40) पत्नी पंकज सिंह निवासी उदी शनिवार शाम करीब 6:30 बजे मंदिर के लिए पैदल जा रही थी। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। चालक गाड़ी लकर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की मदद से उन्हें सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

सार-संक्षेप

संगीतमय सुंदरकांड में झूमें भक्त

इटावा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की महिला जिला महामंत्री दीपिका गुप्ता के बॉबी चिल्ड्रन एकेडमी तिकोनिया में संगीतमय सुंदर कांड का पाठ कराया गया। देवेश शास्त्री, प्रखर गोड़ सहित मंडली ने संगीतमय पाठ कर भक्तो को भावविभोर किया। जिला महामंत्री आकाशदीप जैन ने बताया विश्व शांति की कामना के लिए भारतीय उधोग व्यापार मण्डल समय समय पर धार्मिक आयोजन करता है। जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, शहर अध्यक्ष रजत जैन, मण्डल उपाध्यक्ष डॉ.सुधीर गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष रीना जैन, वरिष्ठ सदस्य शुभा चौहान, उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, हिमांशू सैनी, शहर कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता, वीरेन्द्र सिंह चौहान, संध्या चौहान, अर्चना चौहान, गार्गी, दीपाली सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे। दीपिका गुप्ता ने प्रसाद वितरण किया।

मतदान कर जागरूक मतदाता होने का परिचय दें

इटावा। मौलाना सैयद अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने मुस्लिम समाज सहित लोकसभा क्षेत्र इटावा के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि वह 13 मई को अपने पोलिंग बूथ पर मतदान कर जागरूक मतदाता होने का परिचय दें। लोकसभा क्षेत्र इटावा के मतदाताओं से तरनपाल सिंह अध्यक्ष गुरद्वारा कमेटी एवं डायरेक्टर कुलदीप मोटर्स इटावा ने भी लोगों से मतदान का आह्वान किया है।

आत्मनिर्भरता की ओर सफारी, उगाया जाने लगा चारा

इटावा। इटावा सफारी पार्क को आत्मनिर्भर बनाए जाने की कवायद शुरू हो गई है। प्रयास किया जा रहा है कि सफारी में जो जमीन है उस पर सफारी में रहने वाले वन्य जीवों के लिए हरा चारा उगाया जा सके और इसकी शुरुआत भी कर दी गई है। सफारी में एक स्थान पर चरी उगाई गई थी और तैयार होने के बाद शनिवार को उसकी कटाई भी शुरू कर दी गई। डायरेक्टर डॉ. अनिल पटेल, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विनय कुमार सिंह ने इसकी कटाई शुरू की। बताया गया है कि एक क्विंटल से अधिक चरी यहां पैदा की गई है। इसे हिरनो को खिलाया जाएगा। सफारी के रेंज ऑफिसर रुपेश श्रीवास्तव तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त विकास अधिकारी को दी विदाई

भरथना। भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा भरथना में विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत रवीन्द्र कुमार मिश्रा के सेवानिवृत होने पर विदाई दी गई। माल्यार्पण कर प्रतीक चिह्न व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अनुज सक्सेना ने माल्यार्पण, प्रतीक चिह्न व अंगवस्त्र भेंटकर उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही अन्य सहकर्मियों व अभिकर्ताओं ने भी उनके व्यवहार व कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर एलआईसी के समस्त अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।

बकेवर में लगे वाटर कूलर बने शोपीस

बकेवर, इटावा। कस्बा के मुख्य चौराहे सहित अन्य स्थानों पर शीतल जल के लिए लगे वाटर कूलर सिर्फ शोपीस बन कर रह गए हैं। भीषण गर्मी में आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को पैसे देकर पानी की बोतल खरीदकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। वहीं नगर पंचायत बकेवर खराब पड़े वाटरकूलरों को सही नहीं करवा पा रही है। कस्बा बकेवर के मुख्य चौराहे पर दो, लखना रोड पर जनता कॉलेज के सामने, परम हंस मंदिर के समीप वाटर कूलर लगे हैं। सभी बीते कई दिनों से खराब पड़े हुए हैं। नगर के लोगों ने इस संबंध में कई बार नगर पंचायत अध्यक्ष से शिकायत की। इसके बाद भी समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों को शीतल जल के लिऐ भटकना पड़ रहा है। लोगों ने उपजिलाधिकारी सहित नगर पंचायत के चेयरमैन से उक्त खराब पड़े वाटर कूलरों को जल्द से जल्द सही करवाने की मांग की है।

आयोजन यूपीयूएमएस में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस

सेवाभाव से परिपूर्ण होता है नर्सिंग प्रोफेशन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक, खेलकूद गतिविधियों व रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन मासिक उत्सव के रूप में हुआ। कुलपति प्रो. प्रभात कुमार सिंह ने द लेडी ऑफ़ लैंप फ्लोरेंस नाइटेंगल के चित्र पर लाइटिंग सेरेमनी व केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि नर्सिंग प्रोफेशन सेवाभाव व मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण होता है। इसीलिए दुनियां भर में नर्सिंग स्टाफ का काम हमेशा सम्माननीय रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एसपी सिंह ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में मरीज के बेहतर उपचार के लिए नर्सों ने हमेशा से काम किया है। चीफ नर्सिंग ऑफिसर लवली जेम्स ने कहा कि हाल ही में संस्थान में हुई क्रिटिकल सर्जरी (प्लास्टिक सर्जरी व बाल रोगविभाग) में भी नर्सिंग स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

कार्यक्रम में एसपीजीआई (लखनऊ) नर्सिंग एसोसिएशन की पदाधिकारी लता सचान, सुजान सिंह, रवींद्र चौधरी का स्वागत यूपीयूएमएस नर्सिंग एसो. अध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी व संजय शर्मा, अनमोल रत्न ने किया। कार्यक्रम में नर्सिंग ऑफिसर प्रमोद कुमार शर्मा की पुस्तक का विमोचन कुलपति ने किया। कुलपति डॉ. रमाकांत, कुलसचिव डॉ. चंद्रवीर, संकायाध्यक्ष डॉ. आदेश, डॉ. कमला पाठक, प्रो. बिजी बीजू, नर्सिंग सुपरीटेंडेंट गीता कुमारी, रूपम दीक्षित, मधु काला, निर्मला कुमारी व नर्सिंग ऑफिसर और नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा।

फ्लोरेंस नाइटेंगल को नमन करते कुलपति डॉ. प्रभात कुमार सिंह। अमृत विचार

ब्लड सेंटर का उद्घाटन करते रेडक्रॉस के संरक्षक संजय त्रिपाठी एवं आदेश यादव।

शहर फाउंडेशन के ब्लड सेंटर का हुआ उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। शहर फाउंडेशन चैरिटेबल संस्था ने पक्का बाग तिराहे पर ब्लड सेंटर खोला है। इसका उद्घाटन इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी नोएडा के संरक्षक संजय त्रिपाठी ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान करके किसी का जीवन बचा सकता है।

मैनेजिंग ट्रस्टी आदेश यादव ने बताया कि थैलेसीमिया, हीमोफीलिया, सिकल सेल, एनीमिया, जननी सुरक्षा योजना की लाभार्थी महिलाएं, बीपीएल कार्डधारक मरीजों को विशेष सहूलियत दी जाएगी। डायरेक्टर निधि यादव, ब्रजेंद्र यादव, भूपेंद्र यादव, डॉ. ईश्वर प्रसाद, दिलीप त्रिपाठी, निकिता तिवारी, डॉ. फूल सिंह यादव, डॉ. एके सिंह, जसवीर सिंह, मलिखान सिंह मौजूद रहे।

6.70 लाख मतदाता आज चुनेंगे इटावा का सांसद

बिधूना विधानसभा के तीन लाख 67 हजार मतदाता करेंगे कन्नौज सांसद के भाग्य का फैसला

संवाददाता ककोर, औरैया

अमृत विचार। औरैया जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को 735 पोलिंग स्टेशन पर वोट डाले जाएंगे। जिसमें दिबियापुर औरैया विधानसभा के 6,70, 292 मतदाता इटावा सभा सांसद की किस्मत का फैसला करेंगे। जबकि जिला औरैया की विधानसभा बिधूना कन्नौज लोकसभा के सांसद का चुनाव तीन लाख 67 हजार मतदाता करेंगे। जिले में पहली बार 14483 युवा मतदाता अपने वोट डालेंगे।

जिले के मतदाता दो संसदीय क्षेत्रो के लिए सोमवार को मतदान करेंगे। जनपद की औरैया व दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को इटावा सांसद के लिए मतदान करना है जबकि जिले की बिधूना विधानसभा कन्नौज में लगती है। यहां के लोग बिधूना सांसद के लिए अपना वोट डालेंगे। तीनों विधानसभा में 1139 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। औरैया और दिबियापुर में 735 पोलिंग स्टेशन बने हैं। पिछले लोकसभा चुनाव से इस बार वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है। वहीं पहली बार दिबियापुर औरैया बिधूना की विधानसभा में 14,483 युवा वोटर अपने मत का प्रयोग करेंगे। जिसमें बिधूना विधानसभा में 5047 युवा वोटर व दिबियापुर विधानसभा में 4687 व औरैया विधानसभा में 4749 वोटर अपने मत का प्रयोग पहली बार करेंगे।

जिला औरैया में तीनों विधानसभा में बिधूना विधानसभा में 287 पोलिंग तथा 404 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। यहां 200293 पुरुष 167316 महिलाएं अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 25 थर्ड जेंडर मिलकर 367634 वोटर प्रत्याशी की किस्मत का फैसला करेंगे। वहीं दिबियापुर विधानसभा में 361 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। 177 315 पुरुष मतदाता तथा 148966 महिला मतदाता मिलाकर कुल 326287 मतदाता अपना सांसद चुनेंगे। वहीं 18 से 19 साल के 4687 युवा भी पहली बार मत का प्रयोग करेंगे।

जिले में बनाए गए 1139 पोलिंग स्टेशन

- औरैया विधानसभा में 374 पोलिंग स्टेशन में 181147 पुरुष, 152849 महिला वोटर के साथ कुल 334005 लोग मत का प्रयोग करेंगे। औरैया में 4749 युवा पहली बार वोट डालेंगे। वहीं बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या 1287 है। जिला औरैया में कल 1139 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। जिनमें से कुल मतदाता 10 लाख 27 हजार 926 है। वहीं जिले के कुल युवा मतदाता 14483 पहली बार वोट करेंगे।

4556 मतदान कार्मिक कराएंगे मतदान

औरैया। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में संपन्न होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए विधानसभा क्षेत्र बिधूना में 1616 मतदान कार्मिक (404 मतदान पार्टियां) विधानसभा क्षेत्र औरैया में 1496 मतदान कार्मिक(374 मतदान पार्टियां तथा विधानसभा क्षेत्र दिबियापुर में 1444 मतदान कार्मिक (361 मतदान पार्टियां) अपने-अपने मतदेय स्थल पर मतदान संपन्न करायेगी इसके साथ प्रत्येक मतदान केंद्र /मतदेय स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात रहेगा। साथ ही जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाएं देखेंगे जिससे किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न होने पाए। अपर जिला मजिस्ट्रेट /उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि जनपद के 632 बूथ(मतदेय स्थल) की वेब कास्टिंग की जाएंगे जनपद में चार पिंक बूथ ,तीन दिव्यांग बूथ तथा तीन युवा बूथ बनाए गए हैं जनपद के कुल 1027926(दस लाख सत्ताईस हजार नौ सौ छब्बीस)मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

50 प्रतिशत बूथों की होगी लाइव वेब कास्टिंग

औरैया। लोकसभा चुनाव में 50 प्रतिशत से अधिक बूथों पर आयोग की सीधी नजर रहेगी। इन बूथों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है। इसका कंट्रोल रूम ककोर स्थित मुख्यालय में बनाया गया है और वहीं से सभी बूथों पर आयोग नजर रखेगा।

जनपद में तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतदान के लिए 1139 बूथ बनाए गए हैं। 570 बूथों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है। इनमें लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए कंट्रोल रूम से मतदान केंद्रों पर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। साथ ही इनका रिकार्ड भी रखा जाएगा। बरनरेबल व क्रिटिकल बूथों पर भी आयोग की निगरानी रहेगी। इन बूथों में माइक्रो आब्जर्वर भी तैनात हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि 50 प्रतिशत बूथों पर लाइव वेब कास्टिंग हो रही है। इसका कंट्रोल रूम ककोर स्थित जिला मुख्यालय में बनाया गया है।

मालगाड़ी की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

संवाददाता कंचौसी, औरैया

अमृत विचार। दिल्ली-हावड़ा रेल रूट के कंचौसी रेलवे स्टेशन के पास से निकले रेलवे फ्रंट कॉरिडोर (डीएफसी) रेल रूट पर इटावा से कानपुर की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आने से रविवार सुबह लगभग 11 बजे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

रविवार को आनंद सिंह (62) पुत्र बीरेंद्र सिंह निवासी भेसोल, औरैया अपनी बहन निवासी अशोक सम्राट नगर कंचौसी नगर पंचायत, कानपुर देहात उमा देवी पत्नी राकेश सिंह से मिलने गए थे। कंचौसी रेलवे स्टेशन पर निकले रेलवे फ्रंट कॉरिडोर के ट्रैक को पार कर रहे थे। तभी ट्रेन की चपेट में आ गया।

टक्कर से वह उछलकर दूर जा गिरा। आसपास काम कर रहे लोगों ने उन्हें प्लेटफार्म नंबर-2 पर लिटाया। सिर पर गंभीर चोट के कारण उपचार के लिए इलाज के लिए ले जाते समय दम तोड़ दिया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक कंचौसी गांव स्थित भोले नाथ के मंदिर पर पुजारी थे। मालगाड़ी क़रीब 20 मिनट तक रेलवे स्टेशन और क्रासिंग के बीच खड़ी रही। चौकी इंचार्ज कंचौसी ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

आग से डीसीएम जलकर खाक

जलकर खाक हुई डीसीएम।

बिधूना, औरैया। रविवार को लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर उमरैन के पास 139किलोमीटर के पास एक डीसीएम में आग लग गई। जिसमें चालक परिचालक बाल बाल बच गए।फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। डीसीएम लखनऊ से शिकोहाबाद आलू लादने जा रही थी। डीसीएम के चालक रोमी यादव ने ऐरवाकटरा थाना में घटना की लिखित तहरीर दी है। थाना प्रभारी संत प्रकाश ने कहा मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

वैदिक कॉलेज के मुख्य द्वार का हुआ लोकार्पण

संवाददाता, ककोर

अमृत विचार। दिबियापुर के वैदिक टेक्निकल एवं औद्योगिक इंटर कॉलेज के मुख्य द्वार का लोकार्पण विद्यालय के अध्यक्ष रामकुमार अवस्थी ने किया। कई सालों से कालेज का मुख्य द्वार नहीं बना था। वैदिक इंटर कॉलेज दिबियापुर का बहुत पुराना विद्यालय है। यहां हजारों विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते हैं। विद्यालय में योग्य प्रशिक्षित अध्यापक हैं। प्रधानाचार्य डॉ. संतोष शुक्ला, राहुल दीक्षित, महावीर प्रसाद, डॉक्टर अजब सिंह तथा अन्य कार्यकारी सदस्य मौजूद रहे।

वैदिक कॉलेज के मुख्य द्वार का लोकार्पण करने के बाद खड़े अतिथि। अमृत विचार

निष्पक्षता से मतदान कराएं चुनाव में लगे कार्मिक

पीठासीन अधिकारी को समझातीं जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम नेहा प्रकाश।

प्रस्थान से पहले सामग्री मिलान करते मतदान कार्मिक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- कहा, प्रत्येक बूथ पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था

अमृत विचार। जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने 13 मई को होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को शांतिपूर्ण व निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए मतदान पार्टी के कार्मिकों से कहा कि मतदान की शुचिता बनाए रखने में आप सभी की महती भूमिका है। इसका निर्वहन निष्पक्ष रहकर करते हुए कार्य को संपन्न कराएं।

उन्होंने कहा कि अपनी- अपनी जिम्मेदारी को भली भांति समझते हुए कार्य करें। उक्त निर्देश जिला मजिस्ट्रेट ने मतदान पार्टी कर्मियों को गल्ला मंडी में रवानगी के पूर्व मतदान सामग्री मिलान करने के अवसर पर दिए।

उन्होंने कहा कि संबंधित मतदेय स्थल के अनुरूप मतदान सामग्री का भली भांति मिलान कर लें और यदि कोई सामग्री अवशेष हो तो अभी प्राप्त कर लें जिससे मतदान के समय कोई समस्या न होने पाए। कहा कि अपनी टीम के साथ मतदेय स्थल पर पहुंच कर वहां की व्यवस्थाओं को भी देख लें और जो भी कार्य आवश्यक हो उसे समय रहते पूर्ण करा लें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा के लिए आवश्यकतानुसार पुलिस बल, अर्धसैनिक बल की तैनाती की गई है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर अमित कुमार त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

फ्लैगमार्च कर डीएम व एसपी ने कहा, निर्भीक होकर डालें वोट

खानपुर में फ्लैगमार्च करतीं एसपी।

डीएम-एसपी ने बूथ पर परखी व्यवस्था

औरैया। जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए पूर्व माध्यमिक विद्यालय खानपुर के पांच बूथों में सभी मूलभूत व्यवस्थाएं देखी और उन्होंने सीसीटीवी, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, शौचालय, रैम्प ,फर्नीचर, आवागमन के रास्ते सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मतदान के समय किसी प्रकार की कोई समस्या मतदाताओं को न हो इसके लिए सभी आवश्यक आधारभूत व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाये। उक्त द्वय अधिकारियों ने कहा कि आधार भूत व्यवस्थाओं की पर्याप्त उपलब्धता होने से आने वालों को छाया, पीने के लिए पानी, बैठने एवं शौचालय आदि की सुविधा प्राप्त होती है तो ऐसी परिस्थिति में किसी प्रकार की अव्यवस्था होने की स्थिति नहीं रहती है। उन्होंने साफ-सफाई के भी निर्देश दिये।

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने औरैया शहर एवं कस्बा खानपुर में पीएससी व पुलिस सुरक्षा बल के साथ फ्लैग मार्च करते हुए कहा कि आप लोग बिना किसी लोभ लालच के बिना किसी के बहकावे में आये मनपसंद प्रत्याशी को 13 मई को मतदान करें। अधिक मतदान से अच्छे और मजबूत लोकतंत्र की स्थापना होती है इसलिए मतदान के पर्व पर अपना मत देकर लोकतंत्र के सहभागी बने।

उन्होंने कहा कि कोई भी आपको डरा धमकाकर मतदान के लिए कहता है तो टोल फ्री नंबर 1950 पर तत्काल सूचना दें। फ्लैग मार्च के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक बूथ पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है जिससे किसी को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए डरने की जरूरत नहीं है और प्रातः 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे के मध्य अपने मत देय स्थल पर अवश्य पहुंचे और अपने मत का प्रयोग कर मतदान के साक्षी बनें।

आग लगने से धू-धू कर जलता ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

स्पार्किंग से धू-धू कर जला ट्रांसफार्मर, सप्लाई बाधित

संवाददाता ककोर, औरैया

अमृत विचार। औद्योगिक नगर दिबियापुर में रविवार अपरान्ह 3:00 बजे अतुल पेट्रोल पंप के सामने ट्रांसफार्मर में आग लग गई। इससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

लोगों ने विद्युत कर्मचारी व अवर अभियंता को सूचना दी। अवर अभियंता विजय सिंह ने एनटीपीसी फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

अवर अभियंता विजय सिंह ने बताया कि आग लगने से 250 केवीए तथा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। केबिल भी जल गई हैं। सप्लाई चालू करने में समय लगेगा। आग विकराल होने के कारण सड़क के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। इस कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

जिलाबदर आरोपी गांव में तमंचा के साथ गिरफ्तार

कालपी (जालौन)। 6 माह के लिए जिलाबदर आरोपी को गांव में खुलेआम घूमना भारी पड़ गया। थाना आटा पुलिस ने घेराबंदी करके जिलाबदर आरोपी को अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार करके जेल भेज है। जानकारी के अनुसार अपराधिक क्रियाकलापों में लिप्त रहने पर जिलाधिकारी जालौन के द्वारा आरोपी रंजीत पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम उकासा थाना आटा को दिनांक 19 फरवरी 24 को 6 माह के लिए जिलाबदर घोषित करने के आदेश जारी किए थे लेकिन आरोपी के क्षेत्र में खुलेआम घूमने की खबर पुलिस को मिली। बीती रात को आटा थाना उपनिरीक्षक अतुल कुमार दलबल सहित गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम उकासा पुलिया के पास आरोपी रंजीत को दबोच लिया। तलाशी में रंजीत के पास से एक तमंचा 315 बोर तथा कारतूस बरामद किया।

सार-संक्षेप

शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

औरैया। रविवार को थाना अजीतमल पुलिस टीमों द्वारा चेकिंग के दौरान अलग-अलग स्थानों से 34 क्वार्टर देशी शराब बरामद की गई। इस संबंध में आरोपियों रूपेंद्र सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी अमवता, थाना अजीतमल, औरैया, राहुल कुमार पुत्र लाखन सिंह निवासी बहादुरपुर ऊंचा, थाना अजीतमल को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के खिलाफ थाना अजीतमल में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

गुमशुदा बालक दो घंटे में बरामद

औरैया। शनिवार को गुमशुदा बालक चार वर्षीय अली पुत्र छोटे पठान निवासी ग्राम खानपुर, थाना कोतवाली औरैया बिना बताये घर से कही चला गया था। थाना कोतवाली औरैया पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए खोजबीन कर बालक को दो घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर परिवारीजनों को सौंप दिया। इस कार्य के लिए परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।

बिछड़े परिवारों को मिलाया

औरैया। रविवार को पुलिस अधीक्षक चारू निगम के पर्यवेक्षण में महिला थाना प्रभारी रीना गौतम व महिला परामर्श केंद्र बिधूना प्रभारी अनूप जादौन की अध्यक्षता में रविवार को 19 फाइलें दायर की गईं। इस दौरान मनमुटाव के कारण अलग रह रहे 6 दंपतियों समझा बुझाकर एक साथ रहने को राजी किया गया। परिवार से मिलाकर उन्हें हंसी-खुशी विदा किया गया।

निमंत्रण खाने गए युवक पर हमला

अछल्दा। अछल्दा थाना में दी तहरीर में अबदेश कुमार पुत्र सरनाम सिंह निवासी गांव सादाबाद जिला इटावा ने बताया कि 11 मई को शाम लगभग 5 बजे मोटरसाइकिल से निमंत्रण खाने गांव नगला खगी जा रहा था। तभी घसारा नहर पुल के पास बाबू व दीपू निवासी हरनारायणपुर ने मोटरसाइकिल रोक ली और गालियां देने लगे। विरोध किया तो उक्त लोगो ने लात-घूसों व लाठी डंडों से हमला कर सिर फोड़ दिया। थानाप्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि घायल का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट

अछल्दा। अछल्दा कस्बा के नेविलगंज निवासी निशा पत्नी गोविंद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि 10 मई को दोपहर 11 बजे वह मायके से ससुराल आयी थी। तभी श्रीकृष्ण, सास विद्या देवी पत्नी व ननद मोहिनी व देवर केशव निवासी नेबिलगंज ने गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे लात-घूंसों से पीटा।

मारपीट में दो महिलाएं घायल

कालपी(जालौन)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लुहरगांव में दो पक्षों में मारपीट की घटना हो गई। मारपीट के दौरान दो महिलाएं भी घायल हो गई, जिसमें गर्भवती महिला की हालत खराब होने पर कालपी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां हालत ज्यादा गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय उरई के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम लुहरगांव में किसी बात को लेकर दो पक्षो में कहा सुनी हो गई। देखते ही देखते दोनो पक्षों में लाठी डंडे चलने लगे, विवाद के दौरान दो महिलाएं भी घायल हो गई। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गया।चिकित्साधिकारी डॉ. गोपाल जी द्विवेदी ने बताया कि 23 वर्षीय घायल महिला संध्या पत्नी कल्लू निवासी ग्राम लुहरगांव गर्भवती थी। चोट की वजह से उसकी ब्लीडिंग शुरू हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर महिला को जिला चिकित्सालय उरई के लिए रिफर कर दिया गया। वही दूसरे पक्ष से 17 वर्षीय दिव्या पुत्री परशुराम भी चुटहिल हो गई। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

पत्रकार प्रदीप त्रिपाठी का निधन, दी श्रद्धांजलि

उरई। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बीते 1 वर्ष से जूझ रहे एक न्यूज चैनल के जिला संवाददाता प्रदीप त्रिपाठी का शुक्रवार शाम को निधन हो गया। उनके निधन पर आज जनपद जालौन की प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उरई के गांधी चबूतरे पर एकत्रित हुए पत्रकारों ने कैंडल जलाकर त्रिपाठी की फोटो पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार केपी सिंह, डिस्ट्रिक प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष मनोज राजा, अजय श्रीवास्तव, अलीम सिद्धीकी, संजय गुप्ता, आविद नकवी, अनुज कौशिक, विनय गुप्ता, श्यामबिहारी शिवहरे, महेश प्रजापति, महावीर याज्ञिक, नितिन याज्ञिक, आशीष शिवहरे, ओमप्रकाश राठौर सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

पारिवारिक बहन को नदी में धकेला, मौत

उरई (जालौन)। जालौन में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां परिवार के भाई ने नाबालिग बहन को नदी में धक्का दे दिया। इससे नदी में डूबकर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर गोताखोरों की मदद से शव को ढूंढ निकाला। घटना से गांव में तरह-तरह की चर्चा हो रही हैं। पूरा मामला माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के करमरा गांव का बताया जा रहा है। इसी गांव के निवासी के घर के पड़ोस में रहने वाले परिवार के ही नरेश पाल का रोजाना आना-जाना रहता था। शुक्रवार को यहां के निवासी की नाबालिग बेटी गायब हो गई, परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। उधर, परिजनों ने माधौगढ़ थाने में तहरीर दी और नरेश के बेटे शिवकुमार पर नाबालिग को ले जाने का आरोप लगाया। इधर, पुलिस तक बात पहुंचने पर शिवकुमार गायब हो गया। इससे उस पर शक हो गया और पुलिस ने तलाश शुरू की। रविवार को पुलिस ने शिवकुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने नदी में फेंक कर हत्या करने की बात कबूली। आरोपी ने यह भी कबूला कि किसी को शक न हो इसलिए वह दो दिन तक मृतका के परिजनों के साथ ढूंढता रहा। आरोपी शिवकुमार ने बताया कि वह रोज मृतका के घर जाता था 11 मई को वह नाबालिग को घूमाने के लिए पहुज नदी किनारे ले गया। यहां किसी बात को लेकर आरोपी ने नाबालिग को नदी में धक्का दे दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

70 गर्भवती महिलाओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण

माधोगढ़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान दिवस चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रदीप राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। 70 गर्भवती महिलाओं ने महिला डॉक्टर शिप्रा राजपूत को परेशानी बताकर उपचार लिया। मालूम रहे कि केंद्र सरकार की पीएमएसएमए योजना के तहत समय समय पर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और पेट में पल रहे बच्चे की विधिवत चिकित्सीय जांच करने का प्रावधान सभी प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सभी शासकीय चिकित्सालयों में है। जिसके तहत आज 70 गर्भवती महिलाओं का परीक्षण किया गया। जिसमें 15 एचआरपी गर्भवती महिलाएं मिली तथा 25 गर्भवतियों को अल्ट्रासाउंड वाउचर दिए गए। उक्त कार्यक्रम के दौरान आज स्टाफ नर्स के द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण के दौरान सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

लोकसभा चुनाव | एक विचित्र पहल सेवा समिति की बैठक में मतदाता जागरुकता पर दिया जोर

बनो देश के भाग्य विधाता, जागो प्यारे मतदाता

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति की बैठक रविवार को क्रॉनिक एकेडमी औरैया में संपन्न हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव में मतदान करने पर विचार विमर्श किया गया। समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि भारत के संविधान द्वारा प्राप्त मत प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। प्रत्येक नागरिक का मत ही देश के भविष्य की नीव रखता है।

मतदाताओं को जागरुक करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व में भारत का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। वोट डालने का अवसर हम लोगों को पांच वर्ष में प्राप्त होता है।शिक्षक अनुराग गुप्ता ने कहा कि कुछ अपवादों को छोड़कर मतदान का प्रतिशत आदर्श स्थिति तक न पहुंच पाना चिंताजनक है।

गौरतलब है कि अनभिज्ञता, मतदाता के अनुकूल परिस्थितियां या मनपसंद प्रत्याशी न होने के कारण काफी लोग "नोटा" का भी प्रयोग कर रहे हैं। जिससे मतदान प्रतिशत पर काफी प्रभाव पड़ रहा हैं। उन्होंने कहा कि "बनो देश के भाग विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता" जागरूकता अभियान के उपरांत कल लोकतंत्र के महापर्व पर अपने वोट की ताकत का एहसास कराते हुए लोगों को समय से स्वयं मतदान करने व लोगों को मतदान के महत्व को बताकर जागरुक करते हुए वोट डालने की अपील की गई और मतदान करने की शपथ दिलाई(

सखी ग्रुप की संरक्षक लक्ष्मी बिश्नोई, मंगला शुक्ला, गुड्डन गुप्ता, स्वाती मिश्रा, डॉ. अनिल पोरवाल, आदित्य पोरवाल, संजय अग्रवाल, अखिलेश पोरवाल, राजेश गुप्ता, आशीष गहोई, सुशील भाटिया, राजकुमार पोरवाल, अरविंद पोरवाल, राजीव पोरवाल (रानू) हिमांशु दुबे, आनन्द गुप्ता (डाबर), मनीष पुरवार (हीरु) आदि लोग मौजूद रहे।

मतदान करने की शपथ लेते संस्था के सदस्य। अमृत विचार

एक नंबर की दो गाड़ियां मिलीं विभाग ने दर्ज करवाया केस

उरई, जालौन। एक ही नंबर की दो गाड़ियां मिलने पर परिवहन विभाग ने मामला दर्ज करवाया है। राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रथम दल को निरीक्षण के दौरान एक ही नंबर की दो गाड़ियों की जानकारी मिली। इस पर कार्रवाई के तहत वाहन स्वामी अजय कुमार पुत्र रक्षा पाल सिंह एवं वाहन ड्राइवर मनोज के विरुद्ध नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट लगाकर संचालित करने एवं अन्य के सम्बन्ध में थाना कोतवाली डकोर में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी।

परविहन विभाग के अधिकारियों द्वारा एक ही नम्बर के दो वाहन, एक वाहन थाना डकोर व एक वाहन कोतवाली जालौन में निरुद्ध किया गया। यह तथ्य संज्ञान में आया कि एक ही नम्बर प्लेट के दो वाहनों को अलग-अलग थाना, कोतवाली में निरुद्ध है, जिसकी जांच की गयी व फर्जी नम्बर प्लेट वाले वाहन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए वाहन स्वामी व चालक के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी।

थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक डकोर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बता दें कि जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने जनपद में बिना नम्बर प्लेट, धुंधली नम्बर प्लेट, क्षतिग्रस्त नम्बर प्लेट, ग्रीस मिट्टी लगी नम्बर प्लेट, कपड़ा बंधी नम्बर प्लेट, पंजीयन अंक छुपी प्लेट व बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाए संचालित हो रहे वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के आदेश जारी किए थे।

एक नजर

फ्रांस के राजनयिक ने किए गुरु गोरखनाथ के दर्शन

अमृत विचार, लखनऊ: फ्रांस के राजनयिक लॉरेंट त्रिपोने ने रविवार को गोरखपुर पहुंचकर गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने गीताप्रेस, रामगढ़ताल क्षेत्र समेत गोरखपुर के कुछ प्रमुख स्थलों का भी दौरा किया। इसके बाद उन्होंने इसे नव विकसित शहर बताया। लॉरेंट त्रिपोने, भारत स्थित फ्रांसीसी दूतावास में प्रधान राजनीतिक काउंसलर के पद पर तैनात हैं।

आजमगढ़: 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

अमृत विचार: आजमगढ़ पुलिस ने रविवार को 50 हजार के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। अपराधी के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में 13 मुकदमें दर्ज थे। लंबे समय से पुलिस अपराधी की तलाश कर रही थी। लंबे समय तक न मिलने पर आईजी रेंज ने 50 हजार का इनाम भी घोषित किया था। रविवार की सुबह जिले की फूलपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि 13 मुकदमों में वांछित अपराधी दिलशाद ग्राम कौड़िया स्थित प्राथमिक पाठशाला के पास किसी से बातचीत कर रहा है।

चौथे चरण की 13 सीटों पर मतदान आज

पोलिंग पार्टियां पहुंचीं, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए किए गए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में चौथे चरण की 13 सीटों पर मतदान 13 मई को होगा। मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रविवार शाम तक बूथों पर पहुंच गई। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों को अर्धसैनिक बलों के साथ प्रदेश पुलिस बल की तैनाती की गई है। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। गर्मी व लू को देखते हुए मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर छाया की व्यवस्था, बुजुर्गों, महिलाओं व दिव्यांगजनों के बैठने के लिए कुर्सियां, स्कूल बेंच की व्यवस्था की गई है। पैरामेडिक्स व आशा कार्यकर्ताओं के साथ पर्याप्त ओआरएस व मेडिकल किट उपलब्ध कराया गया है। इस चरण में शाहजहांपुर (अजा), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच (अजा) मतदान होगा। इन 13 सीटों पर 130 प्रत्याशी मैदान में हैं। इसके अलावा शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

20,415 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) व 12339 मतदान केंद्र हैं।

उन्होंने बताया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केंद्रों व मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं व मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिये गये हैं। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचाने व स्वास्थ्य के दृष्टि से मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएगी।

पत्रकारों को जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा। अमृत विचार

पहचान पत्र न होने पर भी 12 विकल्पों से डाल सकेंगे वोट

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान मतदाता पहचान पत्र न होने की स्थिति में मतदाता 12 अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों की ओर से जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई की ओर से जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र-राज्य सरकार, लोक उपक्रम व पब्लिक लिमिटेड कंपनियों की ओर से अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों-विधायकों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से निर्गत कार्ड शामिल हैं।

आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट व 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 11 मई तक पुलिस विभाग की ओर से आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4715 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांतिभंग की आशंका में 27,38,825 लोगों को पाबंद करने के नोटिस भेजे गए हैं। 25,01,487 लोगों को पाबंद किया जा चुका है।

131.49 लाख रुपये, शराब और ड्रग पकड़ी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में 131.49 लाख रुपए, शराब और ड्रग जब्त की गई है। निर्वाचन में लगे अधिकारियों को कार्रवाई और तेज करने के निर्देश दिये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों और उड़नदस्तों के जरिये अवैध शराब, नकदी आदि को जब्त किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस, नार्कोटिक्स विभाग व अन्य प्रवर्तन एजेंसियों ने एक मार्च से अब तक 4,1,664.92 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त की है।

इसमें 3368.46 लाख रुपये, 5162.16 लाख रुपये कीमत की शराब, 23154.24 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2289.87 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 4935.67 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार और 2754.53 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई है।

रिणवा ने बताया कि बीते दिन झांसी की झांसी नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10.20 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 40.80 ग्राम ड्रग पकड़ी गई। इसी क्षेत्र में 18.91 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 23640 ग्राम बहुमूल्य धातु पकड़ी गई।

▸▸ चुनाव आचार संहिता के तहत कई विभागों ने की कार्रवाई

गाजीपुर से अफजाल या नुसरत, फैसला आज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ हाईकोर्ट के आज के फैसले पर निर्भर होगी अफजाल की पात्रता

▸▸ गाजीपुर संसदीय सीट पर इंडी गठबंधन और एनडीए दोनों की नजर

अमृत विचार: पूर्वांचल की सबसे चर्चित गाजीपुर संसदीय सीट पर अफजाल लड़ेंगे य उनकी बेटी नुसरत इसका फैसला आज होगा। अफजाल ने अपने और बेटी के लिए शनिवार को पर्चा खरीद लिया था। हाईकोर्ट से फैसला पक्ष में न आने पर बेटी नुसरत का लड़ना तय माना जा रहा है। इंडी और एनडीए दोनों गठबंधन के नेता बारीकी से इस सीट पर नजर रखे हैं।

गाजीपुर संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय मैदान में हैं। वह चुनाव प्रचार भी कर रहे हैं। इंडी गठबंधन से अभी अधिकृत रूप से कोई मैदान में नहीं है। इसका कारण अफजाल के मामले में हाईकोर्ट में विचाराधीन मामला है। इंडी गठबंधन कोर्ट के फैसले के इंतजार है। हाईकोर्ट अगर सजा से छूट मिलती है, तो अफजाल स्वयं चुनाव लड़ेंगे, नहीं तो उनकी बेटी नुसरत का लड़ना तय माना जा रहा है। उधर, अफजाल घराने में नाराजगी अब शहर में चर्चा का विषय बन गई है। मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी इस चुनाव में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक उमर स्वयं चुनाव लड़ना चाहते हैं। ऐसे में उमर के पक्ष से भी टिकट के लिए पैरोकारी की जा रही है। टिकट को लेकर गाजीपुर शहर के मतदाता भी दो खेमों में बंटे नजर आ रहे हैं। एक पक्ष अफजाल को टिकट मिलने की उम्मीद लगाए बैठा है, तो दूसरा पक्ष उमर के लिए। अब ऐसे में सपा का शीर्ष नेतृत्व किसे टिकट दे रहा है यह जल्द ही पता चल जाएगा। हालांकि सपा सूत्रों का कहना है कि उमर को टिकट मिलना होता तो अब तक मिल जाता। अफजाल के पक्ष में ही टिकट जाना है इसलिए न्यायालय के फैसले का इंतजार किया जा रहा है।

पांचवें चरण में 53 प्रत्याशी करोड़पति, भाजपा के अनुराग शर्मा सबसे अमीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 29 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले, सपा के रविदास पर सबसे ज्यादा 18 मुकदमें

▸▸ पांचवें चरण में 14 सीटों पर 144 उम्मीदवार मैदान में

अमृत विचार: पांचवें चरण में 14 सीटों पर होने वाले चुनाव में 53 प्रत्याशी करोड़पति हैं, इनमें झांसी से भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा सबसे ज्यादा अमीर हैं, उनके पास लगभग 2,012 करोड़ की संपत्ति है। वहीं आपराधिक मामलों की बात करें तो 29 उम्मीदवारों पर दर्ज हैं, सबसे ज्यादा लखनऊ से सपा प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा पर डेढ़ दर्जन मुकदमें दर्ज हैं।

उप्र. इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में 144 प्रत्याशी मैदान में हैं और टिकट देने में सभी बड़ी पार्टियों ने धनबलियों को ही तवज्जो दी है। भाजपा के 13 उम्मीदवार करोड़पतियों में भाजपा के कैसरगंज प्रत्याशी करण भूषण सिंह 49 करोड़ की संपत्ति के साथ दूसरे नंबर पर है।

गोंडा के भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह के पास लगभग 37 करोड हैं। इसके अलावा सपा के सभी 10 प्रत्याशी करोड़पति हैं, जिनकी औसतन संपत्ति चार करोड़ की है। वहीं बसपा के 14 में 10 प्रत्याशी करोड़पति हैं, जिनकी औसतन संपत्ति पांच करोड़ है, कांग्रेस के भी सभी चार प्रत्याशी करोड़पति हैं, जिनकी औसत संपत्ति लगभग नौ करोड़ है।

अनुराग शर्मा

13 महिलाएं लड़ रहीं चुनाव

पांचवे चरण में लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बाँदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा में मतदान होगा। इन 14 सीटों पर 144 प्रत्याशियों में मात्र 13 महिला चुनाव लड़ रही है।

20 हजार रुपये लेकर लड़ रहे लोकसभा चुनाव

एडीआर के राज्य संयोजक ने बताया कि सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों में हमीरपुर से अल हिन्द पार्टी के धर्मराज हैं, इनके पास कुल 20 हज़ार रुपये हैं। दूसरे नंबर पर इसी पार्टी के 22 हजार की संपत्ति के स्वामी दीपक कुमार वर्मा है। तीसरे नंबर पर फैजाबाद से भारत महापरिवार पार्टी से चुनाव लड़ने वाले अम्बरीश देव गुप्ता ने 32 हज़ार रूपए बताई हैं।

दो निरक्षर उम्मीदवार भी लड़ रहे चुनाव

आधुनिक युग में पांचवे चरण में दो उम्मीदवार निरक्षर हैं और तीन प्रत्याशी केवल साक्षर है। इसके अलावा आधा दर्जन प्रत्याशी डिप्लोमा धारक हैं। पांचवी से 12 वीं के बीच तक पढ़ाई करने वाले 44 प्रत्याशी हैं, वहीं 89 उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा की हैं।

29 प्रत्याशियों पर आपराधिक मुकदमें

यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि पांचवें चरण में 29 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। सपा के 50 फीसदी यानि पांच प्रत्याशियों पर मुकदमें दर्ज हैं, वहीं बसपा के भी पांच प्रत्याशियों पर दर्ज हैं। भाजपा और कांग्रेस के चार-चार प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा अपना दल (कमेरावादी) के एक उम्मीदवार पर दर्ज हैं। आपराधिक मामलों में रविदास के बाद दूसरे नम्बर पर कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप जैन आदित्य हैं, आधा दर्जन मामले दर्ज़ हैं, वही तीसरे नंबर पर कैसरगंज सीट पर सपा के भगत राम है।

राजनाथ की जीत के लिए महापौर, पूर्व महापौर ने की अरदास

अमृत विचार, लखनऊ: चंदरनगर गुरुद्वारे में रविवार को महापौर सुषमा खर्कवाल और पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की ऐतिहासिक जीत के लिए अरदास की। राजनाथ सिंह के भांजे अनिल सिंह भी मौजूद रहे। गुरुद्वारे में लखनऊ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष सतबीर सिंह राजू की ओर से कराए गए अखंड पाठ का समापन भी हुआ। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र और सिंधी अकादमी के उपाध्यक्ष नानक चंद लखमनी भी मौजूद रहे। गुरुद्वारा कमेटी ने मेहमानों को सरोपा भेंटकर सम्मानित किया। अनीता अग्रवाल, राजू गांधी, पीयूष दीवान, अजय त्रिपाठी, सतबीर सिंह राजू, दिलप्रीत सिंह, रजिंदर सिंह बग्गा, निर्मल सिंह को भी सम्मानित किया गया।

14 को प्रदेश में चुनाव प्रचार में उतरेंगे खरगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ गोरखपुर व महाराजगंज में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे

▸▸ राहुल गांधी झांसी में जनसभा को संबोधित करेंगे

अमृत विचार: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 14 मई को प्रदेश में चुनाव प्रचार में उतरेंगे। वह महाराजगंज से इंडी गठबंधन प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी व गोरखपुर में बांसगांव लोकसभा सीट के प्रत्याशी सदल प्रसाद के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी झांसी में चुनाव सभा को संबोधित करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खरगे दोपहर में जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज महाराजगंज में कांग्रेस प्रत्याशी वीरेन्द्र चौधरी के पक्ष में जनसभा में शामिल होंगे। दोपहर बाद वह सर्वोदय किसान इंटर कॉलेज गोरखपुर में बांसगांव लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी सदल प्रसाद के पक्ष में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। दोनों क्षेत्रों में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय समेत गठबंधन के नेता मौजूद रहेंगे। दूसरी ओर, 14 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी झांसी के क्राफ्ट मेला मैदान पर झांसी सीट से इंडी गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य के पक्ष में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

अविनाश पांडेय आज श्रावस्ती में: कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय 13 मई को श्रावस्ती में इंडी गठबंधन में शामिल दलों की समन्वय बैठक को सम्बोधित करेंगे। साथ ही, कांग्रेस के न्याय पत्र को घर-घर तक वितरण कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। दोपहर बाद गोंडा में गोंडा व कैसरगंज लोकसभा सीट के लिए आयोजित बैठकों में शामिल होंगे। इसके बाद रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी राहुल गांधी के पक्ष में आयोजित जनसम्पर्क कार्यक्रम में शामिल होंगे।

भाजपा सरकार में बेटियां लगाती हैं गुहार, मिलती है सजा: कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: वर्ष 2014 में महिलाओं के खिलाफ अपराध दर 54 प्रतिशत थी, लेकिन मोदी के मोदी के सत्ता में आने के बाद ये बढ़कर 64.4 प्रतिशत हो गई है। भाजपा सरकार में बेटियां सुरक्षा की गुहार लगाती हैं, उन्हें सुरक्षा के बजाय सजा मिल रही है। ये आरोप कांग्रेस नेत्रियों ने रविवार को प्रदेश मुख्यालय आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में लगाया।

मातृत्व दिवस पर कांग्रेस की राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, चित्रा निषाद बाथम व प्रदेश प्रवक्ता शुचि विश्वास ने पत्रकारों से चर्चा की। इन नेत्रियों ने कहा कि मां परिवार की धुरी है। मातृशक्ति के बगैर सृष्टि की कल्पना अधूरी है। मोदी-योगी सरकार में महिलाएं सबसे ज्यादा प्रताड़ित हैं। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। 2014 में महिलाओं के खिलाफ प्रति वर्ष 3,37,922 अपराध होते थे, अब बढ़कर 4,45,256 हो गये हैं। देश में रोज 1219 महिलाएं अपराधियों का शिकार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हाथरस से हासन तक, मणिपुर से उन्नाव तक, पौड़ी गढ़वाल से सोनभद्र तक, कैसरगंज से वाराणसी तक भाजपाई सत्ता की सरपरस्ती में बलात्कारियों के साथ हैं। महिलाएं भाजपा सरकार में हर तरह से प्रताड़ित की जा रही हैं। दुष्कर्म से, महंगाई से, अपनी काबिल संतानों की बेरोजगारी से, कुपोषण से व कार्यस्थलों पर हो रहे भेदभावों से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कैसरगंज से भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह पर अन्तर्राष्ट्रीय महिला कुश्ती पहलवान बेटियों के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप तय कर दिये गये हैं, पर भाजपा ने उनके पुत्र को प्रत्याशी बनाकर महिला पहलवानों का अपमान किया है।

कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता करतीं राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौंधी, चित्रा निषाद बाथम व प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता शुचि विश्वास।

▸▸ देश में रोज 1219 महिलाएं हो रहीं अपराधियों का शिकार

वर्ग पहेली-68

बाएं से दाएं

4.1. सेंधा नमक 2. कांस नामक घास 3. जलबेंत 4. सुरमा।

5. हित या कल्याणकामना, शुभकामना, बधाई, दुआ।

6.1. पैसे रखने की छोटी थैली 2. चमड़े आदि से बनी कई खानों वाली एक प्रकार की छोटी थैली।

7.1. मगध का निवासी 2. पीपल 3. मगह देश, मगध 4. शाक द्वीप का भाग।

ऊपर से नीचे

1.1. अड़ियल होने की अवस्था या भाव 2. घमंड, अक्खड़ता, अकड़ूपन, झक्कीपन।

2. उचित, मुनासिब, विहित, जो नियम या विधान से सही हो, ठीक, वाज़िब, वैध, मानने लायक, मान्य, अधिकृत।

3. मस्त, मदमस्त, मयमत्त।

4.1. जो कामयाब न हुआ हो नाकाम, असफल मनोरथ 2. अनुत्तीर्ण, (फ़ेल)।



वर्ग पहेली -67 का हल

1 मा	ह	2 वा	र		3 रौ	4 ब
		ई				धा
5 मो		फ़ा				ई
6 ह	वा	ई	ज	7 हा	ज़	
ति				थी		8 ध
मि				ना		रु
म		9 खं	ड	ल	व	ण

सुडोकू -147

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1			2		3			
						4		3
		6	7					
3			6		1			
4	2							1
			4		8			
				7	9	2		
8		3						
			8		5			

सुडोकू -146 का हल

8	9	7	1	4	5	2	6	3
1	2	6	7	9	3	8	5	4
3	5	4	2	8	6	1	9	7
9	6	3	4	2	8	5	7	1
5	7	8	3	6	1	9	4	2
2	4	1	5	7	9	6	3	8
6	3	2	8	5	7	4	1	9
4	1	5	9	3	2	7	8	6
7	8	9	6	1	4	3	2	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 मई सोमवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 14 मई 02 .50 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 11 .24 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। कड़ी धूप से आपको एलर्जी की शिकायत हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण बैठक में आम सम्मिलित हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ने के योग बन रहे हैं।

वृष — आज धन को लेकर आ रही समस्याओं का निपटारा होगा। वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को घर पर भी बहुत कुछ काम करना पड़ेगा। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर कुछ बौद्धिक लोगों से परामर्श ले सकते हैं।

मिथुन — आज अपने किसी शौक को करियर के रूप में चुन सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके प्रति नकारात्मक हो सकता है। शांतिपूर्वक सभी मामलों को सुलझाने का प्रयास करें। बड़े आर्थिक निवेश के लिए समय अनुकूल नहीं है।

कर्क — आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। भविष्य को लेकर आप काफी सावधान होकर योजना बनाएंगे। व्यापार में स्थितियां सम्भलती हुई प्रतीत होंगी। समय अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

सिंह — आज ज्यादा आदर्शवादी होने से आपको बचना चाहिए। किसी के भी सामने अपनी प्रशंसा स्वयं अपने मुख से न करें। कोई बड़ा खर्च अचानक सामने आ सकता है। पार्टनरशिप से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

कन्या — आज महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ मीटिंग कर सकते हैं। निजी रिश्तों में मधुरता बनाए रखने में आपकी बड़ी भूमिका होगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आप करियर को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे।

तुला — आज कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। आपके काम धीमी गति से पूरे होंगे। सलाहकर्ता सेवाओं से जुड़े लोगों की पदोन्नति भी हो सकती है। आपको शरीर में सुस्ती महसूस हो सकती है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

वृश्चिक — आज ऐसे मुद्दों से दूर रहें जिसके विषय में आपके पास कम जानकारी है। दूसरे लोगों की काफी मदद करेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। कारोबारी अपने कार्यों की समीक्षा कर सकते हैं। घर पर कुछ मरम्मत जैसा कार्य करवाने की योजना बनेगी।

धनु — आज दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है। अनजानी जगहों पर अकेले यात्रा करने से बचें। हमेशा अपने दिमाग का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा नहीं है। धन को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

मकर — आज अविवाहितों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। पारिवारिक वातावरण मधुर रहेगा। रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

कुंभ — आज संतान के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। घर का माहौल सुखद रहेगा। नए वस्त्र और आभूषण खरीद सकते हैं। प्रेम संबंध काफी रोमांटिक रहेंगे। समय का सदुपयोग करने की प्रवृत्ति के कारण आप काफी सक्रिय रहेंगे।

मीन — आज कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें। व्यापारी वर्ग के लोगों को उधार करने से बचना चाहिए। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। आंखों में कुछ समस्या रहेगी। आप दूसरों के झगड़ों को सुलझाने का प्रयास कर सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जान से प्यारा — सुबह : 10 .53
- फर्ज — रात : 07 .00

&pictures
- रोबोट — सुबह : 10 .50
- जाने तू या जाने न — रात : 08 .00

SONY PIX
- एज ऑफ टूमारो — सुबह : 10 .09
- द शौशैंक रिडेम्प्शन — रात : 08 .38

ZEE CINEMA
- जानवर — सुबह : 10 .55
- सहर — रात : 07 .55

colors CINEPLEX
- येवडु — दोपहर : 01 .00
- फिर हेरा फेरी — शाम : 06 .31

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे।
पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी,मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत...

पुलिस- घर में मालिक होते हुए तूने चोरी कैसे की?
चोर- साहिब आपकी नौकरी भी अच्छी है, सैलरी भी अच्छी है,फिर आप ये सब सीख कर क्या करोगे?
चोर की बात सुनकर पुलिस की हैरान रह गई।

भाजपा पर प्रदर्शन दोहराने का दबाव, सपा की साख का सवाल

हैट्रिक लगाने के लिए भाजपा के योद्धा दिख रहे हैं व्यग्र, गठबंधन गढ़ छीनने को तैयार

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। प्रदेश में चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों पर सोमवार को वोट पड़ेंगे। अवध, सेंट्रल यूपी और तराई क्षेत्र में आने वाली इन सीटों पर मुख्य संघर्ष भाजपा और सपा-कांग्रेस के बीच ही नजर आ रहा है। हालांकि कुछ सीटों पर बसपा प्रत्याशी जातीय समीकरण के बूते मुकाबला त्रिकोणीय बनाते नजर आ रहे हैं। मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा के सामने पिछले लोकसभा चुनाव की तरह सभी 13 सीटों पर कमल खिलाने की चुनौती है, तो विपक्षी इंडिया गठबंधन इस बार कुछ सीटें भाजपा से छीनने की कोशिश करता नजर आ रहा है। हालांकि भाजपा ने 2019 के चुनाव में इन 13 सीटों में 09 सीटों पर बड़े अंतर से चुनाव जीता था। इसके साथही इस बार पिछले चुनाव की तरह सपा का बसपा से गठबंधन भी नहीं है।

कानपुर में भाजपा-कांग्रेस में सीधी टक्कर दोनों प्रत्याशियों की जीत के तीन बड़े फैक्टर

- ब्राह्मण बाहुल्य मानी जाने वाली कानपुर लोकसभा सीट पर पिछले चुनावों की ही तरह भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई है। इस संघर्ष में दोनों प्रत्याशियों के सामने तीन बड़ी चुनौतियां हैं, जिनसे पार पाने पर ही जीत का रास्ता आसान होता नजर आ रहा है। भाजपा सांसद सत्यदेव पचौरी की जगह चुनावी समर में उतरे रमेश अवस्थी को मजबूत संगठन और मोदी के चेहरे के नाम पर जीत का भरोसा है। लेकिन जानकारों के मुताबिक उनकी राह में सबसे बड़ी तीन चुनौतियां बाहरी प्रत्याशी का ठप्पा, कहीं-कहीं भितरघात का खतरा और ध्रुवीकरण की आशंका है। इसी तरह इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी आलोक मिश्रा की भी जीत की उम्मीद तीन फैक्टर समाजवादी पार्टी की बूथ पर मेहनत, ब्राह्मण वोटों में हिस्सेदारी के साथ मुस्लिम मतों के एकमुश्त समर्थन पर टिकी है। दरअसल, कुछ कांग्रेस नेताओं के चुनाव से पहले पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने से कांग्रेस प्रत्याशी को कमजोर संगठन की चुनौती से जूझना पड़ा है, जबकि सपा के लोकसभा क्षेत्र में तीन विधायक हैं।

बसपा कमजोर पर बन सकती सहारे की डोर

- भाजपा-कांग्रेस की चुनावी लड़ाई में बसपा से कुलदीप भदौरिया भी हैं। माना जा रहा है कि वह क्षत्रिय वोटों का बड़ा हिस्सा हासिल कर पाते हैं, तो भाजपा के लिए थोड़ी परेशानी का सबब बन सकते हैं। इसी के साथ जिस तरह पूर्व में बसपा का कॉडर वोट श्रीप्रकाश जायसवाल की जीत में मददगार साबित होता था, वैसे ही अगर इस बार भी संविधान और आरक्षण बचाने के मुद्दे पर दलित मतदाता कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन करता है, तो मुकाबला रोचक हो सकता है।

कन्नौज में कांटे की टक्कर में किसका इत्र महकेगा

- कन्नौज लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और भाजपा सांसद सुब्रत पाठक के बीच कांटे की टक्कर हो रही है। हालांकि यहां बसपा के इमरान बिन जफर भी मैदान में हैं, लेकिन वह सीधी लड़ाई में पीछे छूटते नजर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि सपा अध्यक्ष यहां 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक से अपनी पत्नी डिंपल यादव की करीबी हार का बदला लेने आए हैं। 2019 के चुनाव में डिंपल यादव को रसूलाबाद क्षेत्र में सबसे बड़ी हार मिली थी, इसलिए अखिलेश ने अपने चुनावी अभियान की शुरुआत रसूलाबाद में ही रोड शो करके की थी। इस दौरान दलित मतदाताओं को लुभाने के लिए अपने रथ पर एक बालक को भीमराव आंबेडकर की वेशभूषा में सवार करके भाजपा द्वारा संविधान बदलकर आरक्षण खत्म करने का डर भी दिखाया था। भाजपा ने भी मतदान से पहले इस सीट पर पूरी ताकत झोंक रखी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभाओं के अलावा गृह मंत्री अमित शाह भी मतदाताओं को खास संदेश दे गए हैं। ऐसे में सारा दारोमदार अब मतदान पर टिक गया है। जिसके समर्थक घरों से निकल कर ज्यादा वोट ज्यादा करेंगे, उसकी जीत की संभावनाएं उतनी ही बढ़ जाएंगी।

09
सीटें 32 फीसदी तक वोटों के अंतर से 2019 में भाजपा ने जीती थीं

अपनों के कदमताल पर टिकी भोले की बड़े अंतर से तीसरी जीत

- अकबरपुर संसदीय सीट पर लगातार दो बार से जीत रहे भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले और सपा के राजाराम पाल में मुकाबला तो कांटे का है। लेकिन यहां तीन ऐसे बड़े समीकरण ऐसे हैं जो भोले की हैट्रिक की राह आसान बना सकते हैं। इनमें सबसे प्रमुख है अपनों की कदमताल। रनिया की विधायक एवं मंत्री प्रतिभा शुक्ला वारसी और बिठूर के विधायक अभिजीत सिंह सांगा पिछले कुछ दिनों से जिस तरह उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं, वैसी ही मेहनत वोट डलवाने में भी दिखानी होगी। हालांकि भोले के समर्थकों को कुछ स्थानों पर भितरघात का डर भी सता रहा है। ब्राह्मण मतदाताओं में बसपा के राजेश द्विवेदी की सेंधमारी रोकने की रणनीति भी भोले की बड़े अंतर से जीत का सिलसिला कायम रखने में अहम भूमिका अदा करेगी। हालांकि बारा टोल प्लाजा बंद कराने की उनकी घोषणा पूरी न होने से इलाके में कुछ नाराजगी दिखती है, लेकिन यह किसी नुकसान का कारण बनेगी, ऐसा नहीं लगता। सपा के राजाराम पाल सजातीय वोटों के साथ ही पिछड़ी जाति के मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने का दावा कर रहे हैं पर उन्हें कांग्रेस का भरपूर समर्थन जरूरी है। पाल बसपा में रहे हैं, वे बसपा के काडर वोट को अपने पक्ष में मोड़ने के लिए लगातार जुटे रहे हैं। लेकिन कांग्रेस के संगठनात्मक रूप से कमजोर होने का खामियाजा भी उन्हें उठाना पड़ रहा है।

खीरी में टेनी की तीसरी जीत रोकने के प्रयास

- किसान आंदोलन के दौरान चर्चा में आयी खीरी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी तीसरी बार जीत हासिल करना चाहते हैं। सपा ने यहां जातीय समीकरण देखकर कुर्मी समाज के उत्कर्ष वर्मा को उतारा है। लोकसभा क्षेत्र में कुर्मी और अन्य ओबीसी के वोटर छह लाख से ज्यादा हैं। बसपा ने सिख समुदाय से आने वाले युवा अंशय कालरा को उम्मीदवार बनाकर तिकुनिया कांड से नाराज सिखों और दलित बिरादरी के करीब ढाई लाख वोट साधने का दांव खेला है।

सीतापुर में जीत की हैट्रिक रोक पाएगी कांग्रेस

- सीतापुर लोकसभा सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद राजेश वर्मा फिर मैदान में हैं। वह यहां से चार बार सांसद रह चुके हैं। इस बार हैट्रिक लगाने की कोशिश में हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने बसपा के नकुल दुबे पर एक लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। यहां इंडिया गठबंधन से कांग्रेस ने राकेश राठौड़ को उनके मुकाबले में उतारा है। 2019 में कांग्रेस की कैसर जहान ने लगभग एक लाख वोट पाए थे। बसपा ने भाजपा छोड़कर आए महेंद्र यादव को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है।

अन्नू से लड़ाई में साक्षी महाराज को सजातीय वोट का सहारा

- उन्नाव लोकसभा सीट पर भाजपा सासंद साक्षी महाराज लगातार तीसरी बार जीतेंगे या नहीं यह सोमवार को तय होना है। उन्हें विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ ही सजातीय (लोध जाति) मतदाताओं के पूर्ण समर्थन का भरोसा है। हालांकि कुछ जनप्रतिनिधियों की नाराजगी का डर उनके समर्थकों को सता रहा है। ये जनप्रतिनिधि नेतृत्व के दबाव में साथ तो दिख रहे हैं पर उनका साथ वोट में कितना तब्दील होगा यह तो समय बताएगा। हालांकि संगठन और आरएसएस व उसके अनुसांगिक संगठनों के मिल रहे सहयोग से उनकी हैट्रिक लग सकती है। यहां बसपा से ब्राह्मण उम्मीवार अशोक पांडेय भाजपा के साथ जा चुके काडर वोट को साथ लाने की कोशिश कर तो रहे हैं। ब्राह्मण वोटों के बंटवारे में सपा की अन्नू टंडन अपनी जीत का आधार देख रही हैं पर ब्राह्मण मतदाता बड़ी संख्या में भाजपा से छिटकेंगे ऐसा दिख नहीं रहा है। अन्नू टंडन के समर्थन में हुईं अखिलेश यादव की सभाओं में भीड़ तो खूब जुटी है पर यह भीड़ में कितना तब्दील हुई तो अन्नू की बल्ले- बल्ले होगी। यह सपा और कांग्रेस के रणनीतिकार भी मान रहे हैं। कांग्रेस का थोड़ा परेशानी का कारण तो है पर बूथ स्तर पर युवाओं मजबूत टोली जीत का रोडमैप तैयार करने में जुटी है।

इटावा में नजर आ सकता है नजदीकी मुकाबला

- इटावा लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद राम शंकर कठेरिया पर भरोसा जताते हुए जीत की हैट्रिक लगाने का ताना-बाना बुना है। सपा की तरफ से यादव लैंड से जुड़ी इस सीट पर जितेंद्र दोहरे ने कड़ी मेहनत की है। बसपा से पूर्व सांसद सारिका सिंह बघेल हैं। लेकिन वह त्रिकोणीय संघर्ष में पिछड़ रही हैं। भाजपा ने पिछला चुनाव करीब 65 हजार मतों से जीता था। भाजपा से सीधी लड़ाई में सपा ने साइकिल दौड़ाने के लिए ताकत लगाई है।

बहराइच में भाजपा को तीसरी जीत का भरोसा

- बहराइच लोकसभा सीट पर भाजपा ने तीसरी जीत के लिए इस बार भी नए चेहरे मौजूदा सांसद अक्षयवरलाल गोंड के बेटे अरविंद गोंड को मैदान में उतारा है। सपा ने पूर्व विधायक रमेश गौतम को उतारकर चुनौती दी है। बसपा से बृजेश कुमार सोनकर उम्मीदवार हैं। पिछली बार भाजपा यहां सपा से करीब सवा लाख मतों से जीती थी। इस बार भी दोनों दलों में मुकाबला माना जा रहा है।

मिश्रिख में बसपा बना रही लड़ाई त्रिकोणीय

- कानपुर, हरदोई और सीतापुर जिले में फैली मिश्रिख लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां भाजपा से सांसद डॉ. अशोक रावत ने जीत के लिए व्यूह रचना की है। इंडिया गठबंधन में सपा से संगीता राजवंशी उन्हें चुनौती दे रही हैं, जो रिश्ते में सांसद रावत की सलहज लगती हैं। बसपा से पूर्व अधिकारी डॉ. बीआर अहिरवार भाजपा-सपा के बीच सिमटते मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में सफल होते नजर आ रहे हैं।

धौरहरा में जातीय समीकरणों की लड़ाई

- धौरहरा सीट से भाजपा की मौजूदा सांसद रेखा वर्मा फिर मैदान में हैं। पिछले 10 साल से सांसद रेखा वर्मा ने बसपा के अरशद इलियास को डेढ़ लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। कांग्रेस के जितिन प्रसाद 1.63 लाख वोट पाकर तीसरे नंबर थे। इस बार सपा ने यहां आनंद भदौरिया पर दांव लगाया है, तो बसपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए श्याम किशोर अवस्थी को उम्मीदवार बनाया है। यहां ओबीसी और सवर्ण वोट निर्णायक हैं।

हरदोई में फिर दिख रहा पुराना मुकाबला

- हरदोई लोकसभा सीट पर भी पिछले दो चुनाव से भाजपा का कब्जा है। इस बार पार्टी ने मौजूदा सांसद जयप्रकाश रावत फिर कमल खिलाने उतरे हैं। सपा ने भी दोबारा पूर्व सांसद उषा वर्मा को उतार कर मुकाबला कड़ा कर दिया है। बसपा ने यहां भीमराव अंबेडकर को उम्मीदवार बनाया है। पिछली बार जयप्रकाश ने सपा की उषा वर्मा को 1.30 लाख मतों से हरा दिया था। हरदोई सीट पर आज तक बसपा का खाता नहीं खुला है।

फर्रुखाबाद में जातीय समीकरण की चुनौती

- फर्रुखाबाद लोकसभा सीट पर साल 2014 से भाजपा का कब्जा है। सांसद मुकेश राजपूत इस बार जीत की हैट्रिक के लिए प्रयासरत हैं। इंडिया गठबंधन की तरफ से सपा ने डॉ. नवल किशोर शाक्य को इतार कर जातीय समीकरण में उन्हें उलझाने का प्रयास किया है। नवल किशोर पहले बसपा में थे और पेशे से कैंसर सर्जन हैं। बसपा के क्रांति पांडे प्यवसायी हैं और भाजपा के लिए यहां परेशानी बढ़ाते नजर आ रहे हैं।

शाहजहांपुर में बसपा ने फंसाया खेल

- शाहजहांपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद अरुण कुमार सागर को मैदान में उतारा है। पिछले चुनाव में अरुण कुमार ने ढाई लाखों से ज्यादा वोटों से बसपा प्रत्याशी पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस तीसरे नंबर पर थी। इस बार इंडिया गठबंधन से सपा ने यहां ज्योत्सना गोंड को मैदान में उतारा है। पार्टी ने पहले राजेश कश्यप को टिकट दिया था। बसपा ने दोदराम वर्मा को उम्मीदवार बनाया है।

कहां क्या था 2019 में भाजपा की जीत का आंकड़ा

कन्नौज	1.1%
इटावा	6.3%
मिश्रिख	9.8%
सीतापुर	9.5%
अकबरपुर	26.8%
बहराइच	13.0%
खीरी	19.2%
धौरहरा	15.2%
हरदोई	12.6%
उन्नाव	32.4%
फर्रुखाबाद	22.1%
शहजहांपुर	22.6%
कानपुर	18.5%

सहानुभूति और सपा के बीच ददरौली में फंसा है चुनाव

अमृत विचार। 13 मई को शहजहांपुर की ददरौली विधान सभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अरविंद सिंह को जहां पिता के निधन से मिलने वाली सहानुभूति और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का भरोसा है, वहीं सपा से पूर्व मंत्री और दो बार के विधायक अवधेश कुमार वर्मा इस सीट पर साइकिल दौड़ाने में लगे हैं। ददरौली विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक मानवेंद्र सिंह के निधन के बाद इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। भाजपा ने मानवेंद्र सिंह के बेटे अरविंद सिंह को मैदान में उतारा है। भाजपा की जीत रोकने के लिए सपा ने पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा और बसपा ने सर्वेश चंद्र मिश्रा उर्फ धांधू पर दांव लगाया है। ददरौली विधानसभा सीट पर 2017 में भाजपा को पहली बार जीत मिली थी। 2022 में भी भाजपा जीती।

बागी बिगाड़ पाएगा समीकरण या तीसरी बार जीतेंगी अनुप्रिया पटेल

मिर्जापुर संसदीय सीट

अनंत कृष्णन

मऊ। विंध्य क्षेत्र की लोकसभा सीटों पर भाजपा के लिए चुनौती बढ़ती जा रही है। यहां भाजपा को अपने बागियों से ही खतरा हो गया है। पहले पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार ने बगावत कर सपा का दामन थामा। सपा ने उन्हें राबर्ट्सगंज से उम्मीदवार बनाया तो अब भदोही के सांसद रमेश बिंद सपा से मिर्जापुर सीट पर उम्मीदवार बन गए। ये दोनों सीटें भाजपा की सहयोगी अपना दल के खाते में हैं, लेकिन पार्टी के चार सौ पार लक्ष्य की पूर्ति में इन दोनों सीटों पर जीत भी बहुत ही जरूरी है। अब भाजपा के रणनीतिकार इन सीटों पर जीत के लिए नए सिरे से रणनीति बना रहे हैं। अब भाजपा के रणनीतिकार इन सीटों पर जीत के लिए नए सिरे से रणनीति बना रहे हैं। जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विंध्य क्षेत्र में रैलियां कराने की तैयारी है तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृह मंत्री अमित शाह की ज्यादा से ज्यादा जनसभाओं का आयोजन कराने पर विचार किया जा रहा है।

इसलिए नाराज हुए रमेश बिंद

अनुप्रिया पटेल।

- विंध्य क्षेत्र में भाजपा के वर्तमान और पूर्व सांसद को सपा ने बनाया उम्मीदवार
- मिर्जापुर में अनुप्रिया तो राबर्ट्सगंज में रिंकी कोल से होना है मुख्य मुकाबला

अनुप्रिया और रमेश बिंद के बीच मुख्य मुकाबला

- समाजवादी पार्टी ने राजेंद्र एस बिंद को उम्मीदवार बनाया था। राजेंद्र ने प्रचार भी शुरू कर दिया था, लेकिन पार्टी के रणनीतिकार उन्हें प्रचार में कमजोर मान रहे थे। ऐसे में भदोही सीट से टिकट न मिलने से नाराज चल रहे सांसद रमेश बिंद पर सपा नेताओं ने डेरा डाला और उनकी मुलाकात तीन दिन पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव से कराई गई। अब टिकट फाइनल हो गया तो रमेश ने प्रचार भी तेज कर दिया है। वे निषाद, बिंद, मझवार समाज के मतदाताओं को एकजुट करने में लग गए हैं। इस सीट पर बसपा ने मनीष तिवारी को उतारा है लेकिन यहां मुख्य मुकाबला अपना दल एस की उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और रमेश बिंद के बीच होना है। बसपा यहां मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास कर रही है। उधर भाजपा और अपना दल नेताओं ने टिकट कटने से नाराज राजेंद्र एस बिंद पर डोरे डालने शुरू कर दिए हैं। हालांकि इसमें उन्हें कितनी सफलता मिलती है यह वक्त बताएगा। फिलहाल हैट्रिक की तैयारी कर रहीं अनुप्रिया पटेल के पक्ष में निषाद मतदाता बनें रहें इसके लिए कैबिनेट मंत्री संजय निषाद और उनकी टीम भी यहां डेरा डालेगी।

रमेश बिंद ने 2019 में बसपा के रंगनाथ मिश्र से 43 हजार से अधिक वोटों से जीते थे। भाजपा के आंतरिक सर्वे में यह बात सामने आई थी कि इस बार उनकी स्थिति कमजोर रहेगी। यही वजह है कि पार्टी ने उनका टिकट काटकर मंझवा सीट से निषाद पार्टी के विधायक डॉ. विनोद कुमार बिंद को प्रत्याशी बना दिया। इसी बात से रमेश बिंद नाराज चल रहे थे।

राबर्ट्सगंज में भी कांटे का मुकाबला : राबर्ट्सगंज सीट भी अपना दल एस के कब्जे में है। यहां से पिछले चुनाव में पार्टी पकौड़ी लाल कोल जीते थे, जबकि 2014 में भाजपा के छोटेलाल खरवार यहां से सांसद बने थे।

पकौड़ी लाल कोल का टिकट काटकर उनकी विधायक बहू रिंकी कोल को अनुप्रिया पटेल ने टिकट दिया है। जबकि भाजपा से त्यागपत्र देने वाले छोटेलाल खरवार उन्हें चुनौती दे रहे हैं। छोटेलाल यहां ब्राह्मण मतदाताओं की नाराजगी को भुनाना चाहते हैं। ब्राह्मण मतदाताओं की नाराजगी के कारण पकौड़ी लाल कोल का टिकट कटा था। हालांकि भाजपा और अपना दल के नेता इस नाराजगी को दूर करने के लिए भरपूर प्रयास कर रहे हैं। यहां कांटे के मुकाबले में फंसी राजग गठबंधन की हैट्रिक पूरी हो इसके लिए मध्य प्रदेश के कोल जाति के बड़े नेताओं को भी प्रचार में लगाया गया है। बसपा ने यहां से धनेश्वर गौतम को उतारा है। वे मुकाबला त्रिकोणीय बनाने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं। यहां बसपा नेता सतीश चंद्र मिश्र और मायावती की सभा कराने की तैयारी है। ताकि परंपरागत मतदाता साथ आ जाएं।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

उठाया मुद्दा
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में पश्चिम बंगाल के हुगली में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने संदेशखालि में महिलाओं के उत्पीड़न का मुद्दा उठाया।

आरक्षण बचाओ
राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और विकासशील इंसाफा पार्टी के अध्यक्ष मुकेश साहनी के साथ मुजफ्फरपुर में जनसभा को संबोधित किया।

50 लाख वोट एकमुश्त साधने की छटपटाहट कुछ यूं ही नहीं

सपा, भाजपा व अन्य दल व्यापारियों को अपने पाले में लाने के लिए जुटे

व्यापारी सम्मेलन के बहाने वोट बैंक पर नजर: भाजपा

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार: व्यापारियों को अपने पाले में लाने की छटपटाहट दलों में यूं ही नहीं है। वजह है एक एकमुश्त बड़ा वोट बैंक। प्रदेश में पंजीकृत और गैर पंजीकृत करीब पचास लाख व्यापारी है। वहीं राजधानी लखनऊ में इनकी संख्या 50 हजार के पार है। परिवार में अगर पांच सदस्यों को उनसे परोक्ष और अपरोक्ष रूप से जुड़ा मान लिया जाए तो सूबे में व्यवसायियों की संख्या करीब ढाई करोड़ और राजधानी में ढाई से तीन लाख पहुंच जाती है। छोटे, मंझोले और बड़े व्यापारियों की संख्या जोड़ी जाए तो आंकड़ा और बड़ा हो जाता है। यानी यह एक ऐसा बड़ा वोट बैंक है जो दिखता नहीं लेकिन चुनावी गणित के फेरबदल में अपनी महती भूमिका अदा करता है। ऐसे में सभी दल कारोबारियों को जोड़ने की फिराक में हैं। यह बात अलग है कि भाजपा इन सभी दलों में सबसे आगे है। वहीं सपा पोल खोलो अभियान के जरिए व्यापारियों के दिलों में जगह बनाने की कोशिश में है। यही नहीं जनपदवार दौरे कर व्यापारियों को साधा जा रहा है। मतदान के करीब आधे चरण पूरे होने को हैं लेकिन दो बड़े दलों के अलावा अन्य ने अभी बाजारों में न तो कोई बड़े कार्यक्रम लगाए हैं और न ही कोई कारोबारी सम्मेलन किए हैं।

सपा हो या भाजपा। सभी दल व्यापारियों को अपने पाले में लाने के लिए जी-जान से जुटे हुए हैं। सपा समर्थित व्यापारी नेता कहते हैं कि चुनाव की फेजवार रणनीत बना जिलों का दौराकर व्यवसायी समाज से सीधे जुड़ने की कोशिश है। वहीं भाजपा और उसके आनुषंगिक संगठन व्यापारी सम्मेलन की रूपरेखा तैयार कर आगे बढ़ चुके हैं। मतदान तिथियों से पूर्व हुए सम्मेलन फिलहाल यही संदेश दे रहे हैं कि प्रदेश के दोनों बड़े दल व्यापारियों को जोड़ने में पीछे नहीं रहना चाहता है।

हुए ये काम

- प्रदेश सरकार ने मंडी शुल्क घटाकर 1.5 प्रतिशत किया। रंगदारी रुकी। मंडी में पंजीकृत व्यापारियों को तीन लाख रुपये का बीमा दुर्घटना दिया जा रहा है। दो लाख क्षतिपूर्ति बीमा। एक मुश्त 15 साल का पंजीकरण शुल्क लेकर आजीवन लाइसेंस दिया गया। व्यापार मंडल के अनुरोध पर ओबरा विस्तारीकरण के दौरान एक हजार व्यापारियों की सुधि ली गई। शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण तीन वर्ष से बढ़ाकर पांच साल कर दिया गया। जिन दुकानों में कर्मी नहीं वहां का पंजीकरण श्रम विभाग से किया गया मुक्त। डेढ़ गुना शुल्क लेकर साप्ताहिक बंदी से मुक्त किए गए दुकानदार। जल्द ही व्यापारियों के दस लाख रुपये का बीमा किए जाने की उम्मीद। वहीं केंद्र सरकार ने व्यापारियों को दस लाख का बीमा प्रदान किया गया। 40 लाख से कम का कारोबार करने वाले व्यापारी को जीएसटी से मुक्त किया गया। कालाबाजारी से मुक्त कर गैस सिलेंडर को उनके तय स्थानों तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई। कम ब्याज पर कर्ज उपलब्ध कराए जाने समेत कई मामलों को धरातल पर लाया गया।

इस गणित पर करें गौर

- प्रदेश में पंजीकृत और गैर पंजीकृत करीब –50 लाख व्यापारी
- एक परिवार के 5 सदस्यों को साथ जोड़ा जाए तो प्रदेश में यह संख्या– 2.5 करोड़ कारोबारी
- लखनऊ क्षेत्र में व्यापारी – 50,000 व्यवसायी
- पांच सदस्यों को शामिल करने पर संख्या ढाई से 3,00,000 व्यापार
- प्रदेश में छोटे–बड़े बाजारों की संख्या 5,000

पोल खोलो अभियान के जरिए बता रहे हैं व्यापारियों को हकीकत: सपा

सरकार के काम बताते हैं। जिन मांगों पर काम हुआ उसे भी गिनाया। दस फीसद व्यापारियों को सीट दी गई है। प्रदेश की 80 सीट में से आठ पर व्यापारी ताल ठोंक रहा है। व्यापारी संदेश यात्रा निकाल कारोबारियों को सरकार से जोड़ रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने कई मांगें पूरी की हैं। लंबित मांगों पर भी ध्यान दिया जाए। **–बनवारी लाल कंछल**, प्रांतीय अध्यक्ष उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

व्यापारियों की पहली प्राथमिकता उनकी सुरक्षा है। जो दल उनको सुरक्षा और सम्मान की गारंटी दे रहा है व्यापारी समाज उसके साथ है। चुनाव का माहौल बनाने में भी समाज का बड़ा योगदान रहता है। दूसरे सीधे आमजन से जुड़ता है। कर्मचारियों की मिला लिया जाए तो और बड़ा वोट बैंक बन जाता है। कई मुद्दों पर व्यापारी सरकार के साथ है। **–संजय गुप्ता**, अध्यक्ष उप्र. आदर्श व्यापार मंडल

यह सही है कि व्यापारियों को जोड़ने में भाजपा अन्य दलों से आगे है। सरकार के काम गिनाते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब पूरा देश ठप था तब व्यापारी खाना, राशन और दवाएं पहुंचा रहा था। लेकिन व्यापारियों की कई मांगों पर अभी ठोस पहल की आवश्यकता है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए अफसरशाही पर अंकुश लगाना होगा।

–अमरनाथ मिश्र, अध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल

व्यापारी सरकार के साथ हमेशा खड़ा रहता है। इस बार भी वह पीछे नहीं है। मतदान में आगे दिखेगा। डोर–टू–डोर व्यापारियों से जाकर मिला जा रहा है। लेकिन कोई तो उसकी समस्या सुने। सरकारों को व्यापारी वर्ग की प्रमुख ज्वलंत समस्याओं की ओर ध्यान देना होगा। जीएसटीएन में तमाम दिक्कतें हैं। व्यापारी इससे उबर नहीं पा रहा है।

–संदीप बंसल, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

व्यापारियों के समक्ष रख रहे पक्ष, खोल रहे पोल

अमृत विचार : केन्द्र सरकार व्यापारियों के हित में नहीं है। नोटबंदी के दौरान सबसे अधिक उत्पीड़न व्यापारियों का हुआ है। इसी को लेकर सपा की व्यापार सभा इकाई प्रदेश के हर लोक सभा क्षेत्र में भाजपा की पोल खोलो अभियान चला रही है। इसमें कोरोना काल के दौरान व्यापारियों के उत्पीड़न सहित अन्य विषयों को शामिल किया गया है। बताया कि सपा धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम से जुड़े मामले में व्यापारियों के पक्ष में नहीं हैं। महत्वपूर्ण योजनाओं में सपा सरकार ने व्यापारियों के लिए दस लाख रुपये निशुल्क बीमा योजना की स्कीम चलाई थी। सरकार ने पटरी दुकानदारों के साथ सौतेला व्यवहार किया है।

प्रदीप जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष, सपा व्यापार सभा

जिलों के दौरे ला रहे रंग

व्यापारियों को सपा के साथ लाने के लिए जनपद स्तरीय दौरे तय किए गए हैं। चुनावी फेज को देखते हुए चरणवार चुनावी जिलों की ओर रुख किया जा रहा है। व्यापारी नेता कारोबारियों को साथ लाने के लिए जिलों में निरंतर दौरे कर रहे हैं। सम्मेलन के बजाए व्यापारियों तक सीधे पहुंचने की कोशिश है। व्यापारियों के साथ सख्ती की जाती है।

पवन मनोचा, प्रवरिष्ठ व्यापारी नेता

इलेक्शन बायस्कोप

रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। यह जनसभा में मौजूद भारी भीड़ देखकर गदगद मुख्यमंत्री ने कहा अयोध्या में परिंदा भी पर न मारने की बात करने वाले देख लें, आज रामभक्तों को रेला उमड़ रहा। –अमृत विचार

कम सीटों के साथ कांग्रेस का बड़ा लक्ष्य

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

- कांग्रेस ने 2014 में जीती थीं केवल दो सीटें, 2009 से गिरता गया ग्राफ

अमृत विचार: वर्तमान में चल रहे चुनावी समर में सभी पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी हैं। जहां कांग्रेस अपनी खोई प्रतिष्ठा को वापस पाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहीं है। वहीं दूसरी ओर भाजपा अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहती है। लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि प्रदेश में 2019 में केवल रायबरेली सीट जीतने वाली कांग्रेस कैसे यूपी फतह कर पाएगी। सात में से तीन चरण का मतदान हो चुका है और चौथे चरण का मतदान आज सोमवार को है।

कांग्रेस इस बार अब तक के चुनावी इतिहास में सबसे कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस इस बार प्रदेश में 17 सीटों पर चुनाव लड़ रहीं है। सीटों की संख्या के लिहाज से छोटी नजर आ रही इस चुनावी जंग के लिए कांग्रेस ने बड़ा लक्ष्य तय करने की रणनीति बनाई है। कांग्रेस कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है लेकिन उसे गठबंधन की बाकी पार्टियों से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। कांग्रेस की रणनीति है कि पार्टी भले ही कम सीटों पर चुनाव लड़ रही हो लेकिन उनका गठबंधन सीटें ज्यादा जीते। पिछले चुनाव की बात करें तो यूपी में कांग्रेस अकेले लड़कर केवल एक रायबरेली सीट ही जीत सकी थी। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी भी अमेठी सीट से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस ने 1999 में 76 सीट पर चुनाव लड़ा था जिसमें उसकी सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय लोक दल और रिपब्लिकन पार्टी थीं। इसमें कांग्रेस को 10 सीट पर जीत मिली थी और वोट प्रतिशत 14.72 था। लेकिन तब उत्तर प्रदेश में लोक सभा सीटें 85 थी। 2004 में 73 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ी थी और उसे महज 9 सीटों पर ही जीत मिली थी। यह चुनाव भी कांग्रेस ने रालोद के साथ गठबंधन में लड़ा था और उसे 12.4 प्रतिशत वोट मिला था।

2009 में कांग्रेस बिना गठबंधन के 80 सीट पर चुनाव लड़ी थी और उसे 21 सीट पर जीत मिली थी और वोट प्रतिशत 18.3 प्रतिशत था। इस चुनाव में कांग्रेस को पिछले चुनाव की अपेछा ज्यादा सीटें मिली थीं। वहीं सपा को 23, बसपा को 20 और बीजेपी को 10 सीटे मिली थी। 2014 के चुनाव ने पूरा समीकरण ही बदल दिया था। कांग्रेस 21 से सीधे दो सीट पर आ गई थी और वह भी उसकी परम्परागत सीट अमेठी और रायबरेली थीं। वहीं बीजेपी ने चमत्कारिक प्रदर्शन करते हुए 71 सीट पर जीत दर्ज की थी। सबसे बुरा हाल 2019 के चुनाव में कांग्रेस के साथ हुआ। राहुल गांधी अपनी परम्परागत सीट अमेठी भाजपा की स्मृति ईरानी से हार गए और केवल सोनिया गांधी रायबरेली से अपनी सीट बचा पाईं। इस बार अमेठी से कांग्रेस के चाणक्य कहे जाने वाले किशोरी लाल शर्मा उम्मीदवार है।

मतदाताओं ने रोचक बनाया मुकाबला

बहराइच सुरक्षित सीट पर रोमांचक होगा मुकाबला

भाजपा के आनंद व रमेश के बीच मुख्य मुकाबला

राजू जायसवाल, बहराइच

अमृत विचार : बहराइच सुरक्षित सीट के लिए सोमवार को मतदान होगा। लेकिन इस बार का चुनाव एक तरफा नहीं होगा। मतदाताओं की चुप्पी ने लड़ाई को और ही रोमांचक बना दिया है। अब मतदान और मतगणना के बाद ही प्रत्याशी के जीतने के बारे में पता चलेगा।

बहराइच सुरक्षित सीट पर इस समय भाजपा का कब्जा है। इससे पूर्व भी वर्तमान सांसद ने भाजपा सीट पर जीत दर्ज की थी, लेकिन पुत्र डाक्टर आनंद कुमार गौड़ के टिकट मिलने के चलते वह हैट्रिक लगाने से चूक गए। समाजवादी पार्टी ने इस बार रमेश को प्रत्याशी बनाया है। जबकि बहुजन समाज पार्टी ने प्रोफेसर बृजेश सोनकर को प्रत्याशी बनाया है। वहीं इस बार के चुनाव में जनता की चुप्पी से सभी प्रतयाशियों की मुश्किलों को बढ़ाने के साथ ही चुनाव को रोचक बना दिया है।

पार्टी के समर्थकों को छोड़ दिया जाए तो आम मतदाता कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। ऐसे में मतदाताओं की चुप्पी से भी भाजपा और सपा प्रत्याशी के मन में संशय है। हालांकि अब ज्यादा समय भी नहीं बचा है। सोमवार सुबह से बहराइच सुरक्षित सीट के लिए मतदान शुरू हो जाएगा।

आनंद कुमार गौड़



रमेश गौतम

बृजेश सोनकर

- सपा, बसपा और भाजपा समेत 10 प्रत्याशी मैदान में

इसके बाद ही किसी भी प्रत्याशी के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है।

हालांकि चुनाव मैदान में सपा, बसपा और भाजपा समेत 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मतदान के बाद शाम छह से सात बजे के बाद ही चुनाव के हवा का रुख पता चल जायेगा। मालूम हो कि अभी तक इस सीट से आरिफ मोहम्मद खान तीन बार, वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गोंड और पदम सेन चौधरी ही दो दो बार चुनाव जीत चूक हैं। मनरेगा लहर में कांग्रेस प्रत्याशी कमांडो कमल किशोर भी चुनाव वर्ष 2009 में जीत चुके हैं।

बहराइच लोकसभा सीट पर मतदाता



डुमरियागंज: महिला प्रत्याशी नहीं जीत पाई चुनाव

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में आजादी के बाद से लेकर आज तक लोकसभा डुमरियागंज से कोई भी महिला दिल्ली की श्रेष्ठ पंचायत में नहीं पहुंची। यहां के लोकसभा चुनाव में महिलाओं ने तो चुनाव लड़ने के लिए अपनी सहभागिता दर्ज कराई है किंतु अभी तक कोई भी महिला लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाई। जबकि लोकसभा डुमरियागंज से कांग्रेस के कद्दावर नेता मोहसिना किदवई और सीमा मुस्तफा जैसी बड़ी नेता लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा चुकी हैं। मालूम हो कि डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र आज भी पिछड़ों में गिना जाता है और केंद्र सरकार की सूचि में जनपद आकांक्षा जनपद के रूप में प्रचलित है।

मोहसिना किदवई

सीमा मुस्तफा

- मोहसिना किदवई और सीमा मुस्तफा लड़ चुकी हैं चुनाव

विकास की दृष्टि से देखा जाए तो अभी भी है जनपद उद्योग विहीन जनपद है। भारत नेपाल सीमा पर होने के कारण यह जनपद विकास से काफी अछूता है। यहां महिलाओं की भागीदारी दिल्ली की पंचायत में ना के बराबर है जबकि सरकार महिला सशक्तिकरण पर काफी फोकस करती है। आजादी के बाद से लोकसभा डुमरियागंज में अभी तक महिलाओं ने अपनी किस्मत तो आजमाई किंतु चुनाव जीतने में काफी पीछे रही इस बार भी एक निर्दल महिला चुनावी समर में कूद कर अपनी किस्मत आजमा रही हैं लेकिन अभी देखा जाए तो इस चुनावी दौर में हो काफी पीछे दिखाई दे रही है।

चुनावी चक्कर

- उस्ताद बिस्मिल्लाह के परिजन शहनाई से करेंगे मोदी का स्वागत :

शंखनाद, डमरुओं की निनाद और मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को काशी की सड़कों पर रोड शो निकालेंगे। यह रोड शो देश के अन्य रोड शो से बिल्कुल जुदा होगा। नरेंद्र मोदी अपने रोड शो में शामिल होने के लिए काशीवासियों के घर–घर निमंत्रण भेज रहे हैं। पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए मुस्लिम समाज के लोग भी आगे आ रहे हैं। भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह के परिवार के सदस्य मदनपुरा के पास शहनाई वादन से नरेंद्र मोदी का स्वागत करेंगे। मदनपुरा में ही पूर्व सांसद राजेश मिश्रा के नेतृत्व में मुस्लिम लोग पुष्प वर्षा करेंगे। पूर्व सांसद से लेकर विधायक, एमएलसी और मंत्री सभी अपने सांसद का स्वागत करेंगे। रोड शो में देश के लगभग हर प्रांत के लोग अपनी संस्कृति और परंपरा के अनुसार स्वागत करेंगे। रोड शो के दौरान मिनी इंडिया की झलक के साथ उत्तर प्रदेश की संस्कृति भी देखने को मिलेगी। 11 बीट के अन्तर्गत 10 –10 प्वाइंट यानि लगभग 100 प्वाइंट बनाए गये हैं, जिन पर मराठी, गुजराती, बंगाली, माहेश्वरी, मारवाड़ी, तमिल, पंजाबी आदि समाज के लोग अपनी परंपरागत वेशभूषा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करेंगे। इन प्वाइंट पर फूलों की बरसात की जाएगी। ढोल–नगाड़े बजाए जाएंगे। शहनाई, शंखनाद, डमरू दल के साथ काशी की जनता प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करेगी। इसके साथ ही जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, लोकगीत गाते हुए बनारस के कलाकार व वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए बटुक पीएम मोदी का स्वागत करेंगे। रोड शो में प्रधानमंत्री का अपनी माँ की पैर छूते हुए तस्वीर भी दिखाई देगी।

इस बार मोहनलालगंज में त्रिकोणीय मुकाबला

उमेश गुप्ता, निगोहां/ लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो रही हैं। प्रत्याशियों ने चुनावी रणभूमि में पूरी ताकत झोंक रखी है।

सांसद कौशल किशोर

आरके चौधरी

राजेश कुमार

बात करे मोहनलालगंज लोकसभा सीट की तो इस बार भी केन्द्रीय राज्यमंत्री व सांसद कौशल किशोर तीसरी बार चुने जाने के लिये दिन-रात जुटे हैं वहीं इंडिया गठबंधन के सपा उम्मीदवार आर के चौधरी जो कि मोहनलालगंज विधानसभा से कई बार विधायक व बसपा सरकार में मंत्री रह चुके हैं कि क्षेत्र की जनता से अच्छी पकड़ है। अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान ने पार्टी के कोर वोट के सहारे इस सीट के मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।

मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के सासंद व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर से कुछ क्षेत्रों के मतदाता नाराज हैं ,जनता की मांग के बाद भी अब तक मोहनलालगंज व निगोहां रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव, आरक्षण केन्द्र, समेत मोहनलालगंज मऊ रोड पर रेलवे क्रासिंग पर आये दिन लगने वाले जाम से निजात दिलाने हेतु ओवरब्रिज का निर्माण ना कराये जाने व नहरों में पानी का न आना है। यहां के मतदाताओं की नाराजगी का प्रमुख कारण हैं। लेकिन वहीं मोदी और योगी का चेहरा इनके लिए फायदेमंद साबित हो रहा है और ये जनता से मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए खुद को जिताने की अपील कर रहे हैं।

दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार आरके चौधरी यहां अपनी बिरादरी समेत यादव व मुस्लिम वोटों से अपनी जीत निश्चित मान रहे हैं। आरके चौधरी बसपा की सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। इसके अलावा वह मोहनलाल गंज सीट से 3 बार लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत अपना चुके हैं। जहां उन्हे हार का सामना करना पड़ा है , इस बार ये भाजपा प्रत्याशी को सीधी टक्कर देते आ रहे हैं। यह सीट 1962 से ही अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है, इसके बाद भी बसपा यहां से कभी नहीं जीती। इस बार वैतरणी पार करने के लिए बसपा ने राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान पर दांव लगाया है, जातीय समीकरण देखें तो यहां सबसे अधिक 34.14 फीसदी आबादी अनुसूचित जाति की है। बसपा इन्हें अपना कैडर वोट समझती हैं, बसपा प्रत्याशी इसी को जीत का अधार मान कर इन मतदाताओं में अपनी पकड़ बनाने में जुट हैं।

11 उम्मीदवार लड़ रहे चुनाव

वहीं लखनऊ से सटी मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर बीजेपी ने केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर पर फिर से भरोसा जताया है। इसके अलावा सपा ने आरके चौधरी, बसपा ने राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान, राष्ट्रीय समाज पार्टी से बृजेश कुमार विक्रम को टिकट मिला है। साथ ही पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेट पार्टी से एसएल सिंह, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से सूरज कुमार, आम जनता पार्टी इंडिया से सुनीता छेदा पासी को टिकट मिला है। जबकि सुशील कुमार रावत, रमेश कुमार, जितेंद्र कुमार और महेंद्र निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ताल ठोक रहे हैं। इस तरह मोहनलालगंज सीट से 11 कैंडिडेट ताल ठोक रहे हैं।

विस की सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा

मोहनलालगंज लोकसभा सीट के अंदर विधानसभा की पांच सीटें आती हैं, पांचों सीट पर भाजपा का कब्जा है, इस लोकसभा सीट के अंतर्गत मलीहाबाद, बख्शी का तालाब , सरोजिनी नगर और मोहनलालगंज और सीतापुर जिले की सिधौली सीट आती है।

2019 में किसको मिले कितने मत



अपनी ढपली अपना राग

चैनल पिक करिए, एंकर चुनिए, दोनों भाई बहन एक तरफ और भाजपा के एक प्रवक्ता एक तरफ़..दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। – स्मृति ईरानी

छोटे व्यवसायी, महिलाएं परेशान हैं। 10 वर्षों में स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है, आपको चैनलों पर सारी अच्छी चीजें दिखाई जाती हैं। – प्रियंका गांधी

सरकार की नीयत और नीति दोनों में खोट है। वह भेदभाव की राजनीति करते हैं। समाज में भेद लगाकर वोट हथियाना चाहते है। – डिंपल यादव

पिछड़ा, मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक के तौर पर न लें। शिक्षा, सदन, कमाई, पढ़ाई में हमारी हिस्सेदारी जाति के आधार पर होनी चाहिए। – पल्लवी पटेल

भाजपा के सामने अपने ही चक्रव्यूह में उलझने का खतरा

कुछ गांवों में जरूर नजर आ रही बदलाव की बयार, लेकिन शहरी इलाके में मोदी की गारंटी पर दिख रहा भरोसा

हरियाणा का रणक्षेत्र

मनोज त्रिपाठी



अमृत विचारः हरियाणा में लोकसभा की 10 सीटें हैं। भाजपा सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि इंडिया गठबंधन से कांग्रेस नौ सीटों पर तो एक सीट कुरुक्षेत्र में आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी मैदान में है। 2019 में भाजपा ने राज्य की सभी 10 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन इस बार कांग्रेस आधा दर्जन सीटों पर कड़ी चुनौती पेश कर रही है। यही वजह है कि चुनाव प्रचार का घमासान आगे बढ़ने के साथ भाजपा और कांग्रेस के बीच छिड़ी वर्चस्व की जंग दिलचस्प होती जा रही है। तीन निर्दलीय विधायकों की समर्थन वापसी से राज्य की भाजपा सरकार पर खतरे के बादल मंडराते देखकर कांग्रेस ने बढ़त बनाने के लिए स्थानीय मुद्दों को उछालकर आगामी विधानसभा चुनाव में किए जाने वाले वादों को भी जनता के सामने परोसना शुरू कर दिया है। राज्य में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसके मुकाबले भाजपा 400 पार के लक्ष्य को सफल बनाने के लिए एक बार फिर 2019 की तरह क्लीन स्वीप करके सभी 10 सीटों का तोहफा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालना चाहती है। इसके लिए मोदी की गारंटी के साथ मतदाताओं के ध्रुवीकरण के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा के लिए इस चुनाव में जहां सात सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है, वहीं कांग्रेस पर पिछली बार की तरह सीटों का सूखा खत्म करने की दबाव है। भाजपा ने दूसरी बार राज्य में क्लीन स्वीप करने के लिए इस बार गैर-जाट मतदाताओं पर दांव लगा रखा है। इस रणनीति में जाटलैंड मानी जाने वाली रोहतक और सोनीपत लोकसभा सीट पर भी पार्टी ने ब्राह्मण प्रत्याशी उतारे हैं। अन्य सीटों पर ओबीसी पर ज्यादा भरोसा किया है। राज्य में जाट मतदाता 22 प्रतिशत तो ओबीसी 21 प्रतिशत हैं। लेकिन जाट मतदाता कांग्रेस, जेजेपी और इनेलो के बीच बंटे हुए हैं और कुछ हद तक भाजपा से किसान आंदोलन के कारण नाराज भी हैं। ऐसा आकलन है कि भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा 74 प्रतिशत सामान्य जाति, 72 प्रतिशत ओबीसी और करीब 58 प्रतिशत दलित समुदाय का वोट मिला था। पार्टी के अनुमान के अनुसार उसे जाट वोट 50 फीसदी के आसपास मिला था। भाजपा की रणनीति के मुकाबले कांग्रेस ने जाट समुदाय पर भरोसा जताते हुए अन्य वर्गों को भी साधने की बिसात बिछाई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा इस बार हरियाणा में कांग्रेस की जोरदार वापसी के लिए दिन-रात एक किए हैं। राज्य के इस चुनावी माहौल में फिलहाल आठ सीटों पर भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर होती नजर आ रही है। कुरुक्षेत्र एकमात्र सीट है, जहां भाजपा के नवीन जिंदल, इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता और इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने में आ रहा है।

राज्य का जातीय संतुलन अनुमानित

जाट	22%
दलित	20 %,
ब्राह्मण	10%
पंजाबी	8%
वैश्य	5%
राजपूत	4%
गुर्जर	3%
सैनी	3%
विश्नोई	2%
अन्य पिछड़ा	18%
मुस्लिम	4%

2014
में मोदी लहर के दौरान भाजपा ने 41% वोट प्राप्त करके राज्य की 10 में से सात सीटें जीती थीं

भाजपा पर पिछले चुनाव में हुई थी रिकार्ड तोड़ वोटों की बरसात

- 2019 के चुनाव में भाजपा ने राज्य की सभी 10 सीटें जीती थीं। उसे प्रदेश में पहली बार रिकॉर्ड 58.21% वोट मिले थे। वर्ष 2014 की मोदी लहर के दौरान भाजपा ने 41% वोट प्राप्त करके राज्य की 10 में से सात सीटें जीती थीं, तब इनेलो ने दो सीटें हिसार और सिरसा तथा कांग्रेस अकेली रोहतक लोकसभा सीट ही जीत पाई थी। 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने राज्य में बड़ी जीत दर्ज करते हुए 10 में से नौ सीटों पर विजय हासिल की थी, तब एक सीट कुलदीप बिश्नोई की पार्टी हरियाणा जनहित कांग्रेस (हजकां) को मिली थी। अब वोट शेयर के लिहाज से कांग्रेस का प्रदर्शन देखें तो 2009 में पार्टी के 42% वोट मिले थे जो 2019 में गिरकर 28% पर आ गए।

2019 चुनाव में किसको कितने वोट

भाजपा	58.02%
कांग्रेस	28.42%
जेजेपी	4.9%
इनेलो	1.89%

कांग्रेस का तीन बार सूपड़ा साफ, सिर्फ एक बार किया क्लीन स्वीप

- कांग्रेस ने हरियाणा में सिर्फ एक बार पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद साल 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में सभी 10 सीटों पर विजय पताका फहरायी है, जबकि तीन बार पार्टी को शून्य हासिल हुआ है। 2019 के अलावा इमरजेंसी हटने के बाद 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हरियाणा में एक भी सीट नहीं जीत सकी थी। इसी तरह 1999 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का राज्य में खाता नहीं खुला था। इस चुनाव में भाजपा और इनेलो गठबंधन ने पांच-पांच लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी।

भाजपा से आधे वोट और सीट एक भी नहीं

2019 के चुनाव में भाजपा को हरियाणा में कुल 73,57,347 मत प्राप्त हुए थे। इसके मुकाबले कांग्रेस ने करीब आधे 36,04,106 वोट हासिल किए थे, लेकिन पार्टी को एक भी सीट पर सफलता नहीं मिली थी, जबकि भाजपा ने सभी 10 सीटें जीत ली थीं। 2019 मैं जेजेपी को 6,19,970 तथा इनेलो को 2,40,258 वोट मिले थे।



जाट बाहुल्य फरीदाबाद में गुर्जर नेताओं का मुकाबला

फरीदाबाद में जातीय समीकरणों के लिहाज से जाट मतदाता सबसे ज्यादा हैं, लेकिन भाजपा और कांग्रेस दोनों ने जाट उम्मीदवार नहीं उतारकर गुर्जर बिरादरी पर दांव लगाया हैं। यहां से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह और भाजपा के सांसद केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के बीच विधानसभा चुनाव में कई मुकाबले हुए हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव में दोनों पहली बार भिड़ रहे हैं। इससे पहले 2004 के विधानसभा चुनाव में दोनों के बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें महेंद्र प्रताप सिंह विजयी हुए थे। वह पांच बार के विधायक तथा चौधरी भजनलाल और भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार में मंत्री रह चुके हैं। इस सीट पर इनेलो ने सुनील तेवतिया और जेजेपी ने नलिन हुड्डा को मैदान में उतारा है। दोनों ही जाट समुदाय से आते हैं। जाट लैंड कही जाने वाली सोनीपत लोकसभा सीट पर भी इस बार भाजपा और कांग्रेस ने जाट नेताओं को चुनाव मैदान में नहीं उतारा है। इस लोकसभा सीट पर 35 प्रतिशत तक जाट मतदाता हैं और यहां अब तक हुए 12 लोकसभा चुनावों में नौ बार जाट नेता ही जीते हैं। सोनीपत में भाजपा ने दो बार के ब्राह्मण सांसद रमेशचंद्र कौशिक की जगह राई के विधायक मोहन लाल बडोली को टिकट दिया है, जबकि कांग्रेस ने जींद जिले के रहने वाले सतपाल ब्रह्मचारी पर दांव लगाया है। ब्रह्मचारी के हरिद्वार में आश्रम हैं। यहां इन्हीं दोनों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को यहां तगड़ा झटका लगा था। पार्टी के दिग्गज क्षत्रप और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा इस सीट पर डेढ़ लाख से ज्यादा वोटों से चुनाव हार गए थे। हुड्डा को भाजपा के रमेश चंद्र कौशिक ने हराया था। कौशिक यहां से 2014 में भी चुनाव जीते थे। इस सीट पर इनेलो ने अनूप दहिया, जेजेपी ने भूपेंद्र मलिक और बसपा ने उमेश गहलावत को मैदान में उतारा है। तीनों ही जाट समुदाय से आते हैं।

भिवानी-महेंद्रगढ़ में भाजपा की हैट्रिक रोकने के लिए कांग्रेस ने बदला प्रत्याशी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट पर भी भाजपा-कांग्रेस में सीधा मुकाबला हो रहा है। यहां से धर्मबीर सिंह सांसद हैं। भाजपा ने उन्हें तीसरी बार मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी का टिकट काटकर गैर जाट राव दान सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। इससे किरण चौधरी नाराज हैं। जेजेपी ने अहीरवाल इलाके से ताल्लुक रखने वाले राव बहादुर सिंह को और इनेलो ने शेर सिंह राणा की राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के सुभाष परमार को समर्थन दिया है। बसपा से कंमाडर सुनील शर्मा मैदान में हैं। इस सीट पर ग्रामीण मतदाताओं की संख्या काफी ज्यादा है। कांग्रेस की स्थिति जातीय समीकरण के अलावा ग्रामीण वोट बैंक में मजबूत दिख रही है। लेकिन शहरी मतदाताओं पर भाजपा की मजबूत पकड़ है। लोकसभा में क्षेत्र में जाट मतदाता तीन लाख से ज्यादा हैं। दूसरे नंबर पर यादव (अहीर) मतदाता हैं, जिनकी संख्या पौने तीन लाख तक गिनी जाती है। 2019 में भाजपा के धर्मबीर सिंह ने 7,36,699 वोट पाए थे। कांग्रेस की श्रुति चौधरी को 2,92,236 और जेजेपी की स्वाति यादव को 84,956 वोट मिले थे। इससे पहले 2014 में भाजपा के धर्मबीर सिंह ने इनेलो के बहादुर सिंह को 1,29,394 वोटों से हराया था। कांग्रेस प्रत्याशी श्रुति चौधरी 2,68,115 वोट पाकर तीसरे नंबर पर रही थीं। अंबाला में राजनीतिक विरासत वाले नए चेहरों पर दांव अंबाला सुरक्षित लोकसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने इस बार यहां नए चेहरों पर दांव लगाया है। भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रतनलाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया को चुनावी मैदान में उतारा है, तो कांग्रेस ने मुलाना से विधायक और प्रदेश सरकार में मंत्री रहे और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष फूलचंद मुलाना के बेटे वरुण मुलाना पर दांव खेला है। भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया भाजपा संगठन की मजबूती, मोदी की गारंटी और पति रतन लाल कटारिया के नाम पर सहानुभूति के आधार पर वोट मांग रही हैं। लेकिन बंतो कटारिया को कई स्थानों पर किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। उधर, कांग्रेस उम्मीदवार वरुण मुलाना भी पिता के राजनीतिक अनुभव का लाभ उठाने में लगे हैं। इनेलो ने इस सीट पर सिख उम्मीदवार एडवोकेट गुरप्रीत सिंह सहोटा को टिकट दिया है। 2019 के चुनाव में दिवंगत सांसद रतनलाल कटारिया को 7,46,508 (57.06) प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस की प्रत्याशी कुमारी शैलजा को 4,04,163 (30.89) प्रतिशत वोट हासिल हुए थे।

करनाल में अनुभव और युवा जोश की टक्कर पूर्व सीएम खट्टर के सामने कांग्रेस से बुद्धिराजा

मनोहर लाल खट्टर

दिव्यांशु बुद्धिराजा।

करनाल लोकसभा सीट पर अनुभव और युवा जोश के बीच रोचक चुनावी भिड़ंत हो रही है। यहां भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने उनके खिलाफ युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा को मैदान में उतारा है। मनोहर लाल के विरुद्ध पंचकूला में दो साल पहले पोस्टर लगाने के आरोप में पंचकूला की अदालत ने बुद्धिराजा को भगोड़ा घोषित कर दिया था। हालांकि पिछले हफ्ते उन्हें जमानत मिल गई है। यहां खट्टर के सामने दोहरी चुनौती है। उन्हें करनाल लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत की हैट्रिक बनाने के लिए अपना पहला लोकसभा चुनाव तो जीतना ही है, करनाल विधानसभा सीट पर उपचुनाव में अपने उत्तराधिकारी मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सैनी की जीत भी सुनिश्चित करनी है। दो माह पहले मुख्यमंत्री पद से खट्टर के इस्तीफे के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में करनाल में संजय भाटिया ने बड़ी जीत हासिल की थी। उन्होंने कांग्रेस के कुलदीप शर्मा को 6,54,269 लाख वोटों से हराया था। संजय भाटिया को 9,09,432 (70 फीसदी) वोट मिले थे, जबकि कुलदीप शर्मा 2,55,163 लाख (20 फीसदी) वोट ही पा सके थे। तीसरे नंबर पर बसपा के पंकज थे, जिन्हें 67,091 (5 फीसदी) वोट मिले थे।

बाहरी का प्रचार और कमजोर संगठन राज बब्बर की बढ़ा रहा मुसीबत


राज बब्बर।

राव इंद्रजीत सिंह।

गुड़गांव लोकसभा सीट पर भाजपा के सांसद राव इंद्रजीत सिंह फिर से मैदान में हैं, उनके सामने कांग्रेस ने पूर्व फिल्म अभिनेता राज बब्बर को उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है। यहां जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) से राहुल यादव फाजिलपुरिया ताल ठोंक रहे हैं। गुरुग्राम सीट पर 23 प्रत्याशी होने के कारण हर बूथ पर दो ईवीएम मशीन लगेंगी। राव इंद्रजीत सिंह गुड़गांव से लगातार तीन बार सांसद चुने जा चुके हैं। 2009 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीता था। 2019 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के कैप्टन अजय सिंह को 4,95,290 वोटों से हराया था। इंद्रजीत सिंह को 8,81,546 लाख वोट मिले थे। 2014 के चुनाव में वह पहली बार भाजपा से चुनाव लड़े थे और भारतीय राष्ट्रीय लोकदल (इनेलो) के जाकिर हुसैन को हराया था। इस बार उनके मुकाबले में उतरे राज बब्बर तीन बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। लेकिन गुड़गांव में राज बब्बर को कांग्रेस का संगठन नहीं होने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाले पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका और नूंह में मुस्लिम वोटर चार लाख माना जाता है, जबकि गुड़गांव पंजाबियों का गढ़ है। पंजाबी समाज में भाजपा का मजबूत प्रभाव है। राज बब्बर खुद के पंजाबी होने के चलते अपनी दम पर पंजाबी समाज में पकड़ बनाने में जुटे हैं।

रोहतक में हुड्डा परिवार के सामने इस बार साख बचाने का सवाल

दीपेंद्र हुड्डा।

डॉ. अरविंद शर्मा।

जाटलैंड रोहतक में इस बार का लोकसभा चुनाव नरेंद्र मोदी बनाम हुड्डा परिवार की साख का सवाल बन गया है। कांग्रेस की ओर से राज्यसभा सदस्य पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बेटे दीपेंद्र हुड्डा चौथी बार मैदान में हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा उन्हें चुनौती दे रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर जनता के बीच हैं, तो दीपेंद्र हुड्डा कांग्रेस सरकार के समय में हुए विकास कार्यों के नाम पर वोट मांग रहे हैं। दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने तीन बार 2005 का उपचुनाव, 2009 और 2014 में रोहतक से लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। 2019 में भाजपा उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा ने दीपेंद्र हुड्डा को 7500 हजार वोटों के अंतर से हरा दिया था। ऐसे में कांग्रेस की कोशिश फिर से रोहतक सीट जीतकर इस इलाके में अपनी चौधराहट वापस लाने की है। रोहतक सीट कांग्रेस के लिए इसलिए भी अहम है, क्योंकि यहां से चार बार भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी चुनाव जीत चुके हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पिता रणबीर सिंह हुड्डा भी यहां से दो बार जीते थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के अरविंद कुमार शर्मा को 5,73,845 और कांग्रेस के दीपेंद्र सिंह हुड्डा 5,66,342 वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में दीपेंदर सिंह हुड्डा ने भाजपा को ओपी धनखड़ को 1,70,627 लाख वोटों से हराया था। 2009 में दीपेंदर सिंह हुड्डा ने इनेलो के नफे सिंह को साढ़े चार लाख वोटों से शिकस्त दी थी।

कुरुक्षेत्र के दंगल में फंसते नजर आ रहे हैं भाजपा से उतरे नवीन जिंदल

नवीन जिंदल।

डॉ. सुशील गुप्ता।

कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट हरियाणा का सबसे बड़ा चुनावी कुरुक्षेत्र बनने के साथ ही हॉट सीट बनी है। यहां पर सभी पार्टियों के बड़े दिग्गज नेता चुनावी मैदान में एक-दूसरे को मात देने के लिए जोर लगाए हैं। कुरुक्षेत्र सीट पर भाजपा ने पिछले दो चुनाव में दोनों बार प्रत्याशी बदला है और जीत हासिल की है। इस बार भी भाजपा ने प्रत्याशी बदलते हुए कांग्रेस से आए उद्योगपति और पूर्व सांसद नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र से उतारा है। इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अगले एक-दो दिन में प्रचार के लिए आने वाले हैं। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला पहले ही यहां जमे हैं। ऐसे में इस सीट पर त्रिकोणीय संघर्ष होता नजर आ रहा है। अब नए घटनाक्रम में कुरुक्षेत्र से दो बार की पूर्व सांसद कैलाशो सैनी को पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा ने तोड़कर कांग्रेस में शामिल कर लिया है। कैलाशो को कुरुक्षेत्र में प्रमुख ओबीसी नेता माना जाता है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सुशील गुप्ता के लिए प्रचार करने की बात कही है। पिछले 2019 के चुनाव में मौजूदा सीएम भाजपा के नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस के निर्मल सिंह को करीब चार लाख वोटों से शिकस्त दी थी। नायाब सिंह को 56 फीसदी वोट, जबकि निर्मल सिंह को 25 फीसदी वोट प्राप्त हुए थे।यहां जाट मतदाता भाजपा से नाराज बताए जा रहे हैं, जबकि गांवों में इनेलो मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है।

सिरसा के मैदान में कांग्रेस के दो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हैं आमने-सामने

कुमारी सैलजा।

अशोक तंवर।

सिरसा लोकसभा सीट पर भी इस बार चुनावी मुकाबला काफी रोचक है। यहां कांग्रेस के दो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आमने-सामने हैं। कुमारी सैलजा कांग्रेस से चुनाव लड़ रही हैं तो अशोक तंवर भाजपा की तरफ से मैदान में उतरे हैं। हालांकि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस से ही सांसद रह चुके अशोक तंवर ने 2019 के बाद से तीन पार्टियां बदलकर अपने राजनीतिक समीकरण थोड़े बिगाड़ लिए हैं। अशोक तंवर ने 2019 में समर्थकों का टिकट कटने से नाराज होकर कांग्रेस छोड़ दी थी। इसके बाद उन्होंने अपनी पार्टी बनाई, लेकिन कुछ ही दिन में टीएमसी में शामिल हो गए, लेकिन साल भर बाद ही उन्होंने टीएमसी भी छोड़ दी और आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया, लेकिन इसी साल चुनाव से पहले उन्होंने आम आदमी पार्टी को छोड़ दिया और भाजपा में शामिल हो गए। उधर, कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा दो बार सांसद रह चुकी हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा की सुनीता दुग्गल ने सिरसा में 7,14,351 वोट पाए थे, कांग्रेस से चुनाव लड़े अशोक तंवर 4,04,433 वोट पाकर दूसरे तो जेजेपी के निर्मल सिंह मलरी 95,914 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। सिरसा सीट कांग्रेस का गढ़ रही है। यहां से कांग्रेस नौ बार जीत चुकी है। 1991 से 2014 तक तो कांग्रेस लगातार यहां से चुनाव जीती थी। लेकिन 2014 में इनेलो के उम्मीदवार चरणजीत सिंह रोड़ी के बाद 2019 में भाजपा की सुनीता दुग्गल को सिरसा से जीत मिली थी। सिरसा से 2004 के बाद से कोई नेता लगातार दो बार संसद नहीं जा पाया है। भाजपा यहां सिर्फ एक बार 2019 में ही जीत हासिल कर पायी थी।

जीत की हुंकार भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने दिल्ली के चांदनी चौक सीट से उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल के लिए रोड शो किया और मोदी की गारंटी पर वोट मांगे।

मांगे वोट दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ दिल्ली के मोती नगर में रोड शो कर इंडिया गठबंधन उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे।

जांच सीबीआई को सौंपने से सिद्धरमैया का इनकार

बोले- हमें एसआईटी पर भरोसा, लोगों में भ्रम पैदा करने वाला बयान देने का भाजपा पर लगाया आरोप

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों से संबंधित मामले की जांच सीबीआई को सौंपने से इनकार करते हुए रविवार को कहा कि उन्हें प्रकरण की जांच कर रहे राज्य पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) पर भरोसा है। उन्होंने ऐसी मांग करने के लिए भाजपा सें पूछा कि उसे पुलिस पर भरोसा क्यों नहीं है। उन्होंने भाजपा पर एसआईटी के बारे में लोगों के मन में भ्रम पैदा करने के उद्देश्य से भ्रामक बयान देने का आरोप लगाया।

सिद्धरमैया ने सीबीआई जांच की भाजपा की मांग पर कहा, हम एसआईटी से जांच करा रहे हैं, हमें अपनी पुलिस पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक बार सीबीआई को भ्रष्टाचार जांच ब्यूरो कहा था और सत्ता में रहते हुए पार्टी ने कांग्रेस की बार-बार मांग के बावजूद कभी भी केंद्रीय एजेंसी को एक भी मामला नहीं सौंपा। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि मुझे सीबीआई पर भरोसा नहीं है, जिन मामलों को सौंपने की जरूरत है, उन्हें दिया जाएगा। जब मैं पहले मुख्यमंत्री था, तो मैंने सात मामले सीबीआई को दिए थे, लेकिन एक भी मामले में दोष सिद्धि नहीं हुई। इसका मतलब यह नहीं कि मुझे सीबीआई पर भरोसा नहीं है। जनता दल (सेक्लुयर) के प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल रेवन्ना (33) महिलाओं के यौन शोषण के आरोप का सामना कर रहे हैं। इस मामले को लेकर राजनीतिक बवाल खड़ा हो गया है और सत्तारूढ़ कांग्रेस तथा भाजपा-जद(एस) आमने-सामने है।

यौन उत्पीड़न मामला

- भाजपा कर रही सीबीआई से प्रज्ज्वल रेवन्ना के मामले की जांच कराने की मांग

एसआईटी रेवन्ना को लाने नहीं जाएगी विदेश : परमेश्वर

बेंगलुरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को कहा कि प्रज्ज्वल के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों की जांच कर रहा एसआईटी उन्हें वापस लाने के लिए विदेश नहीं जाएगा और इंटरपोल इसकी जानकारी साझा करेगा। उन्होंने नेताओं को मामले में बयान देने या ऐसी जानकारी साझा करने के प्रति भी आगाह किया, जो संवेदनशील है। ऐसा कहा जा रहा है कि प्रज्ज्वल कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को विदेश चले गए थे। परमेश्वर ने कहा कि ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर दिया गया है और इंटरपोल जानकारी साझा करेगा। भाजपा नेता देवराजे गौड़ा की गिरफ्तारी के पीछे साजिश का आरोप लगाने वाले केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के बयान पर परमेश्वर ने कहा, यदि कोई कुछ भी कहता है, तो मैं उस पर प्रतिक्रिया नहीं दे सकता।

प्रज्ज्वल मामले की जांच पटरी से उतरी: बोम्मई

बेंगलुरु। कनार्टक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना मामले में चल रही एसआईटी जांच के संबंध में रविवार को गंभीर आशंकाएं व्यक्त कीं और मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई के हस्तक्षेप की आवश्यकता पर बल दिया। बोम्मई ने हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े मामले में मुखबिरों की गिरफ्तारी और आरोपियों को पकड़ने में हो रही देरी का हवाला देते हुये एसआईटी के प्रबंधन की खुले तौर पर आलोचना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि जांच की वर्तमान दिशा पटरी से उतर गई है और इसे तत्काल सीबीआई के अधिकार क्षेत्र में पुनर्निर्देशित करने की आवश्यकता है।

विपक्ष के नेताओं को निशाना बना रहा निर्वाचन आयोग : कांग्रेस

खरगे के हेलीकॉप्टर की ली गई तलाशी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को चुनाव अधिकारी निशाना बना रहे हैं और दावा किया कि बिहार के समस्तीपुर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं को स्वतंत्र रूप से घूमने की इजाजत दी जा रही है।

खरगे ने शनिवार को बिहार के समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया था। कांग्रेस नेता राजेश राठौड़ ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर एक वीडियो संदेश में दावा किया, केरल में राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई और अब बिहार के समस्तीपुर में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई है। पार्टी की बिहार इकाई के मुख्य प्रवक्ता राठौड़ ने कहा कि बिहार की मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने खुद समस्तीपुर में खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली। वीडियो में एक हेलीकॉप्टर के चारों ओर पुलिसकर्मी और अधिकारी दिखाई देते हैं। राठौड़ ने अपने वीडियो संदेश में कहा, निर्वाचन आयोग को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या कांग्रेस नेताओं के हेलीकॉप्टरों की ऐसी जांच नियमित है और अगर नियमित है तो क्या राजग के शीर्ष नेताओं की भी इसी तरह की जांच की गई है।

- चुनावी रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लगाए आरोप
- बोले- राजग नेताओं को स्वतंत्र रूप से घूमने की दी है इजाजत

विपक्ष के पत्र पर आयोग की प्रतिक्रिया अनुचित

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों को लिखे गए पत्र पर चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया को अनुचित एवं अनचाही करार दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि खड़गे द्वारा उठाए गए सवालों पर आए चुनाव आयोग के इस पत्र की भाषा एक संवैधानिक संस्था से ज्यादा राजनीतिक दल की लग रही है।

एक नजर

रियासी में हथियार व गोला बारूद बरामद

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) सहित हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए सेना, पुलिस और विशेष अभियान समूह की संयुक्त टीम ने माहौर के कोट बुधन वन क्षेत्र में तलाशी शुरू की। सूत्रों ने बताया कि तलाशी के दौरान इलेक्ट्रिक डेटोनेटर के अलावा नौ आईईडी, तीन पिस्तौल, तीन मैगजीन, पिस्तौल की 20 गोलियां, एक किलो पाउडर विस्फोटक, एके-47 की 15 गोलियां, एके-47 के छह खोखे व अन्य सामान बरामद किया। उन्होंने कहा, इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

बांदीपोरा में आतंकवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक संयुक्त अभियान के दौरान आतंकवादियों के एक सहयोगी को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने बांदीपोरा में संयुक्त रूप से तलाश अभियान चलाया और इस दौरान आतंकवादियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से पिस्तौल, पिस्तौल मैगजीन और राउंड सहित कुछ हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए है। इस सिलसिले में पेठकोटे थाना में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



वाराणसी में रविवार को गंगा सप्तमी उत्सव से पहले श्री काशी विश्वनाथ धाम को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। इस दौरान बाबा का स्वर्ण शिखर एक अलग ही आभा बिखेर रहा था। ● एजेंसी

पीडीपी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी पर मुफ्ती ने की आयोग से हस्तक्षेप की मांग

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र में मतदान से एक दिन पहले अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के कथित उत्पीड़न और गिरफ्तारी को रोकने के लिए रविवार को निर्वाचन आयोग से हस्तक्षेप की मांग की।

श्रीनगर सीट से पीडीपी उम्मीदवार वहीद परा ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पर उन क्षेत्रों में कम मतदान के लिए निर्देश देने का आरोप लगाया है जहां पार्टी का मजबूत जनाधार है। मुफ्ती ने आयोग को लिखे पत्र में कहा कि, यह मेरे ध्यान में आया है कि केंद्र सरकार के नियंत्रण में राज्य प्रशासन, पीडीपी के मतदाताओं और समर्थकों को डराने-धमकाने की गतिविधियों में लगा हुआ है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में 1987 के विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि यह दुखद है कि इतिहास खुद को दोहरा रहा है, जब धांधली के कारण इस क्षेत्र को गहरा नुकसान झेलना पड़ा था।

दिल्ली के दो अस्पतालों और जयपुर हवाई अड्डे को फिर मिली बम विस्फोट की धमकी

नई दिल्ली/ जयपुर, एजेंसी

- पुलिस ने ई-मेल मिलने के बाद चलाया तलाशी अभियान

दिल्ली के दो अस्पतालों को ई-मेल के जरिये धमकी मिली है, जिसमें उनको बम विस्फोट से उड़ाने की बात कही गयी है। वहीं जयपुर स्थित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की रविवार को फिर धमकी मिली है।

उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त एम के मीणा ने कहा, बुराड़ी अस्पताल में बम की धमकी को लेकर ई-मेल मिला था। पुलिस, बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्ते की टीम अस्पताल की जांच कर रही हैं। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक, संजय गांधी अस्पताल को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूचना मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और अस्पताल की जांच शुरू कर दी है। वहीं जयपुर हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की रविवार को फिर धमकी मिली है। अपराह्न साढ़े तीन बजे ई-मेल से धमकी दी गई। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई और हवाई अड्डे पर तलाशी शुरू किया गया लेकिन हवाई अड्डे पर किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

फिल्म जॉली एलएलबी-3 के खिलाफ केस

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के बाद केकड़ी में भी फिल्म जॉली एलएलबी-3 के खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया है, जिसकी सुनवाई 13 मई को होगी। केकड़ी जिले के सिविल न्यायालय की मुंसिफ कोर्ट में वकील मनीष छीपा ने वाद दायर किया है। बताया जा रहा है कि केकड़ी के राजकीय चिकित्सालय बांदनवाड़ा में फिल्मांकन किया जा रहा है। एडवोकेट छीपा द्वारा दायर वाद में केकड़ी जिला कलक्टर सहित फिल्म प्रोड्यूसर, अभिनेता, फिल्म यूनिट को इस आधार पर पाबंद करने कि गुहार लगाई है कि फिल्मांकन के दौरान तमाम दृश्यों और डायलॉग में न्यायालय एवं अधिवक्ताओं की गरिमा का ध्यान रखा जाये और किसी भी रूप में इन्हें ठेस न पहुंचे। इस पर न्यायालय से पक्षकारों को नोटिस भी जारी किये जा चुके हैं। मामले की सुनवाई सिविल न्यायायिक मजिस्ट्रेट शुभम गुप्ता सोमवार को करेंगे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने संदेशखालि पुलिस स्टेशन पर किया प्रदर्शन

संदेशखालि (प. बंगाल)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को संदेशखालि पुलिस थाने के समक्ष प्रदर्शन किया और डकैती के झूठे मामले में गिरफ्तार एक कार्यकर्ता की रिहाई की मांग की। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थानीय नेताओं की छवि खराब करने के लिए वीडियो जारी किये जाने का भी विरोध किया।

भाजपा की बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवार रेखा पात्रा ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कथित गुंडों की गिरफ्तारी की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पार्टी के स्थानीय नेताओं की छवि खराब करने के लिए प्रसारित किए जा रहे कई वीडियो को लेकर पुलिस सक्रियता नहीं दिखा रही है।

50 फीसद से ज्यादा वोट हासिल करने पर ही नोटा असरदार: पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

- कांग्रेस प्रत्याशी के नाम वापसी के बाद नोटा को लेकर छिड़ी बहस

मौजूदा हालात में नोटा को प्रतीकात्मक करार देते हुए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने कहा है कि किसी सीट पर नोटा को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिलने के बाद ही मतदान के इस विकल्प को चुनाव परिणाम पर कानूनी रूप से असरदार बनाने के बारे में सोचा जा सकता है।

इंदौर लोकसभा सीट पर 13 मई (सोमवार) को होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा मतदाताओं से नोटा (उपरोक्त में से कोई नहीं) को वोट देने की अपील के बाद मतदान के इस विकल्प को लेकर फिर बहस शुरू हो गई है। कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए नामांकन वापसी की आखिरी तारीख 29 अप्रैल को अपना पर्चा वापस ले लिया और वह इसके तुरंत बाद भाजपा में शामिल हो गए थे। नतीजतन इस सीट के 72 साल के इतिहास में कांग्रेस पहली बार चुनावी दौड़ में नहीं है।

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त रावत ने रविवार को कहा, वर्तमान स्थिति में नोटा एक प्रतीक की तरह है और यह किसी सीट के चुनाव परिणाम पर कोई भी असर नहीं डाल सकता। उन्होंने इसे विस्तार से समझाते हुए कहा, अगर किसी चुनाव में 100 में 99 वोट नोटा को मिल जाएं और किसी अन्य उम्मीदवार को महज एक वोट मिल जाए, तब भी नोटा नहीं, बल्कि यह उम्मीदवार ही विजेता घोषित किया जाएगा। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, एक बार मतदाताओं को किसी सीट पर नोटा को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट देकर राजनीतिक जमात को दिखाना पड़ेगा कि वे आपराधिक पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों या अन्य अप्रिय प्रत्याशियों को अपने मत के लायक नहीं समझते हैं। इसके बाद ही संसद व चुनाव आयोग पर दबाव बढ़ेगा और उन्हें सोचना पड़ेगा कि नोटा को चुनाव परिणाम पर प्रभावकारी बनाने के लिए कानूनों में बदलाव किया जाए।

48 किलो हेरोइन बरामदगी मामले में 10 और गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब में हेरोइन की सबसे बड़ी जब्ती मामले में एक बड़ी सफलता में, जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने पहले बरामद की गई 48 किलोग्राम हेरोइन के अलावा 500 ग्राम और हेरोइन बरामद की है और इस रैकेट को संचालित करने वाले 10 और लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने पिछले सप्ताह तीन लोगों की गिरफ्तारी और 48 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी के साथ इस रैकेट का भंडाफोड़ किया था। जांच से पता चला कि गिरोह को 10 शातिर अपराधियों द्वारा चलाया जा रहा था, जिन्हें कमिश्नरेट पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

कारोबार/कृषि

सर्राफा

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	73,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	73,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	84,100
चांदी तैयार	84,000
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

एफपीआई ने शेयरों से 17,000 करोड़ निकाले

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने चालू माह मई के पहले 10 दिन में भारतीय शेयर बाजारों से 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। आम चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच ऊंचे मूल्यांकन और मुनाफा काटने के लिए विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजारों से निकासी कर रहे हैं। इससे पहले पिछले अप्रैल महीने मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने की वजह से एफपीआई ने शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी।

- चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता के चलते विदेशी निवेशकों ने की निकासी

इससे पहले एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। माना जा रहा है कि आम चुनाव के बाद भारतीय कंपनियों के मजबूत वित्तीय नतीजों की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार में निवेश बढ़ाएंगे। ट्रेडजिनी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) त्रिवेश डी ने कहा कि चुनाव परिणाम स्पष्ट होने तक एफपीआई सतर्क रुख अपना सकते हैं, लेकिन नतीजे अनुकूल रहने और राजनीतिक स्थिरता की स्थिति में वे भारतीय बाजारों में बड़ा निवेश कर सकते हैं।

देश का कोयला आयात 7.7 प्रतिशत बढ़ा

गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने और ढुलाई की लागत कम होने से आया आयात में इजाफा

नई दिल्ली, एजेंसी

समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतें घटने और गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना के चलते बीते वित्त वर्ष (2023-24) में भारत का कोयला आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 26.82 करोड़ टन पर पहुंच गया है। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

पिछले वित्त वर्ष में भारत ने 24.90 करोड़ टन कोयला का आयात था। मार्च, 2024 में भी भारत का कोयला आयात बढ़ा है। यह पिछले साल के समान महीने के 2.11 करोड़ टन से बढ़कर 2.39 करोड़ टन पर पहुंच गया है। मार्च में आयातित कुल कोयले में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.53 करोड़ टन रहा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में यह 1.38 करोड़ टन था। मार्च में कोकिंग कोयले का आयात 53.4 लाख टन रहा, जो इससे पिछले साल के समान महीने में 39.6 लाख टन था। बीते वित्त वर्ष में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 17.59 करोड़ टन रहा, जो 2022-23 में 16.24 करोड़ टन था। कोकिंग कोयले का आयात 2023-24 में 5.72 करोड़ टन रहा, जबकि 2022-23 में 5.44 करोड़ टन रहा था।

एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा, समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों में नरमी और गर्मियों के सीजन में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना से देश का कोयला आयात बढ़ा है। हालांकि, घरेलू बाजार में कोयले की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए यह देखने वाली बात होगी कि आगामी महीनों में कोयले का आयात मजबूत रहता है या नहीं।

- गत वित्त वर्ष में 24.90 करोड़ टन कोयले का किया गया था आयात

कपड़ा निर्यात बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही सरकार



नई दिल्ली। सरकार कपड़ा निर्यात को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही है। बीते वित्त वर्ष (2023-24) में लगातार दूसरे साल कपड़ा निर्यात में गिरावट आई है। इसके बाद सरकार ने निर्यात बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने का फैसला किया है। कपड़ा सचिव रचना शाह ने यह बात कही है। सरकार ने 2030 तक कपड़ा उत्पादों के निर्यात को 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 के बीच भारत का कुल कपड़ा और परिधान निर्यात 3.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 34.4 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 35.5 अरब डॉलर का था। वित्त वर्ष 2021-22 में कपड़ा और परिधान निर्यात 41 अरब डॉलर से अधिक रहा था। कपड़ा सचिव शाह ने कहा, 2023-24 में भारत के कपड़ा निर्यात में गिरावट की एक बड़ी वजह लाल सागर संकट था। हालांकि, भू-राजनीतिक चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। कपड़ा सचिव ने कहा कि कुछ निर्यातकों ने पहली तिमाही में अपनी ऑर्डर बुक में सुधार की सूचना दी है और आने वाले महीनों में निर्यात में सुधार होने की संभावना है। शाह ने बताया, हम उन उत्पादों पर अधिक ध्यान केंद्रित करेंगे जिनमें निर्यात की अधिक संभावना है और हमारी उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना वैश्विक स्तर पर कारोबार वाले उत्पादों पर केंद्रित है।

बड़ी कंपनियों ने अप्रैल में 50,200 करोड़ का किया पूंजीगत व्यय

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूंजीगत व्यय में रेलवे, सड़क, तेल और गैस क्षेत्रों का रहा प्रमुख योगदान

सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष के पहले महीने यानी अप्रैल में अकेले 50,200 करोड़ रुपये से कुछ अधिक का पूंजीगत व्यय किया है। यह 2024-25 के 7.77 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय लक्ष्य का 6.46 प्रतिशत है। हालांकि, यह पिछले वित्त वर्ष के अप्रैल महीने में खर्च की गई 54,177 करोड़ रुपये की राशि से कम है। पिछले वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 7.42 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह अप्रैल में सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े उपक्रमों का पूंजीगत व्यय लक्ष्य का 7.3 प्रतिशत रहा था। एक अधिकारी ने कहा, अप्रैल के आंकड़े अभी अस्थायी हैं और संशोधित अंतिम आंकड़ों में यह बढ़ जाएगा।

वित्त वर्ष 2024-25 के पहले महीने के दौरान पूंजीगत व्यय में प्रमुख योगदान रेलवे, सड़क, तेल और गैस क्षेत्रों का रहा है। भारतीय रेलवे और क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों ने अप्रैल में 26,641 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 6,645 करोड़ रुपये खर्च किए। तेल और गैस क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों में, ओएनजीसी ने चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में 2,318 करोड़ रुपये, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने 2,423 करोड़ रुपये खर्च किए। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने अप्रैल में क्रमशः 1,155 करोड़ रुपये और 417 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया। बिजली क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम एनटीपीसी ने 2,083 करोड़ रुपये खर्च किये। वित्त मंत्रालय उन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के पूंजीगत व्यय पर नजर रखता है जिनका वार्षिक निवेश लक्ष्य 100 करोड़ रुपये से अधिक है।

बीपीसीएल, एचपीसीएल और आईओसी ने कमाया 81,000 करोड़ का रिकॉर्ड मुनाफा

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि.(एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) ने बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 81,000 करोड़ का बंपर मुनाफा दर्ज किया है। यह तेल-संकट के पूर्व के वर्षों की उनकी सालाना कमाई से कहीं अधिक है।

अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 के दौरान आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल का सामूहिक रूप से एकल शुद्ध लाभ तेल संकट से पहले के वर्षों में उनकी 39,356 करोड़ रुपये की वार्षिक कमाई से बेहतर रहा है। तीनों कंपनियों ने 2023-24 में एकल और एकीकृत आधार पर अपना सबसे ऊंचा मुनाफा कमाया है। आईओसी ने 2023-24 में 39,618.84 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया है। इसकी तुलना में 2022-23 में उसका एकल शुद्ध लाभ 8,241.82 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी यह दलील दे सकती है कि 2022-23 का उसका नतीजा तेल संकट से प्रभावित हुआ था। लेकिन संकट से पहले के वर्षों से तुलना की जाए, तो भी कंपनी का मुनाफा बेहतर रहा है। शेयर बाजारों को दी गई सूचना के अनुसार, एचपीसीएल का 2023-24 में शुद्ध मुनाफा 14,693.83 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष में कंपनी को 8,974.03 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

- तेल-संकट के पहले के वर्षों की सालाना कमाई से कहीं अधिक

सीएनजी कारों की बिक्री 30 % बढ़ाएगी मारुति

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में उसकी सीएनजी कारों की बिक्री 30% से अधिक बढ़कर छह लाख इकाई पर पहुंच जाएगी। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में तीन लाख इकाई निर्यात करने का लक्ष्य तय किया है।

मारुति सुजुकी इंडिया के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी निदेशक राहुल भारती ने कहा कि सीएनजी में इस साल हमने यात्री वाहनों की 4.5 लाख इकाइयां बनाईं। 2024-25 में ये आंकड़ा छह लाख वाहनों का होगा। हरियाणा स्थित मानेसर संयंत्र में सालाना एक लाख इकाई के क्षमता विस्तार से काफी हद तक अर्टिगा की आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 449 परियोजनाओं की लागत 5.01 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ या इससे अधिक के खर्च वाली 449 परियोजनाओं की लागत मार्च, 2024 में तय अनुमान से 5.01 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से परियोजनाओं की लागत बढ़ी है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मार्च, 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,873 परियोजनाओं में से 449 की लागत बढ़ गई है, जबकि 779 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन 1,873 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 26,87,535.69 करोड़ थी लेकिन अब इसके बढ़कर 31,88,859.02 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 18.65 प्रतिशत यानी 5,01,323.33 करोड़ रुपये बढ़ गई है। इन परियोजनाओं पर 17,11,648.99 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 53.68 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय ने कहा है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समय सीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रहीं परियोजनाओं की संख्या कम होकर 567 पर आ जाएगी।

- देर और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत में आया इजाफा : सांख्यिकी मंत्रालय

एक नजर

मेक्सिको-ग्वाटेमाला सीमा पर आया 6.4 तीव्रता का भूकंप

तापचूला। मेक्सिको और ग्वाटेमाला की सीमा पर रविवार तड़के भूकंप का जबरदस्त झटका महसूस किया गया, जिससे लोग अपने घरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गये। मेक्सिको के सीमावर्ती शहर सुचियाटे के निकट सुबह लगभग छह बजे भूकंप का झटका महसूस किये गये। समाचार लिखे जाने तक भूकंप से किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है, लेकिन सीमा के निकट पहाड़ी और दूरदराज के हिस्सों में भूस्खलन का खतरा है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 6.4 थी और केंद्र जमीन से 47 मील की (75 किलोमीटर) गहराई में स्थित था।

29वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर अपना रिकॉर्ड तोड़ा

काठमांडू। नेपाल के प्रसिद्ध पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने रविवार को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर 29वीं बार चढ़ाई की। इस तरह उन्होंने एवरेस्ट पर सबसे अधिक बार चढ़ने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रच दिया। पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में पर्यटन विभाग के निदेशक राकेश गुरुंग के अनुसार अनुभवी पर्वतारोही शेरपा (54) रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 25 मिनट पर 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे थे। नेपाल के सेवन समिट ट्रेक्स के एक वरिष्ठ अधिकारी थानी गुरगैन ने बताया कि सेवन समिट ट्रेक्स ने इस पर्वतारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया था और इसमें 20 पर्वतारोही शामिल हुए थे।

रूस में इमारत ढहने से सात की मौत, 12 से अधिक घायल

मॉस्को। रूस के बेलगोरोड शहर में रविवार को एक अपार्टमेंट की इमारत ढहने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी और 12 से अधिक लोग घायल हो गये। मैश टेलीग्राम चैनल ने यह जानकारी दी। हादसे में घायल लोगों में से कुछ की हालत गंभीर है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। स्पूतनिक समाचार एजेंसी ने आपातकालीन सेवाओं के एक प्रतिनिधि के हवाले से बताया कि आपातकालीन सेवा कर्मियों को राहत एवं बचाव के लिए हादसे वाली जगह पर भेजा गया है। रूस ने आरोप लगाया है कि यूक्रेन की गोलाबारी की वजह से यह इमारत ढह गयी, यूक्रेनी अधिकारियों ने हालांकि इस पर अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

16 मिनट का ट्रीटमेंट और सुनने लगी 18 माह की बच्ची

लंदन, एजेंसी

- दुनिया में पहली बार जीन थेरेपी ने बदला इतिहास, अब आसान होगा बेहरेपन का इलाज

ब्रिटेन की 18 महीने की बच्ची ओपाल सैंडी ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, जीन थेरेपी के जरिए बच्ची का बहरापन हमेशा-हमेशा के लिए दूर हो गया है। वो दुनिया की पहली बच्ची है, जो इस थेरेपी के जरिए एक बार फिर सुन सकती है। डॉक्टरों ने कहा कि इस ऐतिहासिक सफलता से बहरेपन का इलाज अब आसानी से हो जाएगा। ये थेरेपी एक मील का पत्थर साबित हुआ है।

ओपाल को न्यूरोपैथी समस्या थी, जिसके कारण बचपन से ही वह सुन नहीं सकती थी। यह समस्या तब होती है जब दिमाग तक जाने वाली कान की भीतरी हिस्से की नस काम नहीं करती है। ओपाल की मां जो सैंडी ने बताया कि इस ऑपरेशन में महज 16 मिनट ही लगे। इलाज के बाद हमें महसूस हुआ कि वह सुन सकती है, तो हमारी खुशी का ठिकाना नहीं था।

भारतीय मूल के डॉक्टर ने की सर्जरी

बच्चे का इलाज एक भारतीय मूल के ईयर सर्जन प्रोफेसर मनोहर बैंस ने की हैं। इस ट्रायल में ब्रिटेन, स्पेन और अमेरिका के कुछ बच्चों का जीन थेरेपी के जरिए कान का इलाज किया गया था। यह सफल ट्रायल कैंब्रिज यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल्स एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट ने किया।

सुअर की किडनी लगवाने वाले व्यक्ति की दो माह बाद मौत

बोस्टन। आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर की किडनी शरीर में लगवाने वाले पहले व्यक्ति की मौत हो गई है। ऑपरेशन के लगभग दो महीने बाद उसकी मौत हुई है। सर्जरी करने वाले अस्पताल का कहना है कि इस बात का संकेत नहीं मिला है कि सुअर की किडनी लगवाने से व्यक्ति की मौत हुई है।

62 साल के रिचर्ड रिक स्लेमैन ने अमेरिका के मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट करवाया था। सर्जनों ने कहा कि उनका मानना है कि सुअर की किडनी कम से कम दो साल तक चलेगी। ट्रांसप्लांट करने वाली टीम ने एक बयान में कहा कि स्लेमैन के निधन से वे बहुत दुखी हैं और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते है। रिचर्ड रिक स्लेमैन इस प्रक्रिया को अपनाने वाले पहले जीवित व्यक्ति थे।

केवाईसी अपडेशन के नाम पर बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी से रहें सावधान

भारतीय रिजर्व बैंक ने बार-बार लोगों को केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी के बारे में चेतावनी दी है। केवाईसी अपडेट की आड़ में ग्राहकों को धोखा देने की लगातार घटनाओं को देखते हुए, आरबीआई ने सतर्कता और सावधानी के महत्व पर जोर दिया है। हाल ही में, आरबीआई ने लोगों से आग्रह किया कि वे सावधानी बरतें और नुकसान से बचने और खुद को ऐसी धोखाधड़ी से बचाने के लिए आवश्यक सावधानी बरतें।

क्या है केवाईसी अपडेट धोखाधड़ी

आमतौर पर, इस तरह की धोखाधड़ी में लोगों को अनजान नंबरों से फोन कॉल, एसएमएस या ईमेल आते हैं जिनमें उनसे उनकी व्यक्तिगत जानकारी, खाते या लॉगिन की जानकारी देने के लिए कहा जाता है। कभी-कभी उन्हें लिंक देकर कोई ऐप डाउनलोड करने के लिए भी मजबूर किया जाता है। धोखेबाज अक्सर जल्दबाजी में फैसला करवाने की कोशिश करते हैं। वे यह कहते हैं कि अगर आप तुरंत जानकारी नहीं देते हैं तो आपका खाता बंद कर दिया जाएगा या रोक दिया जाएगा। अगर आप गलती से अपनी जानकारी दे देते हैं तो धोखेबाज आपके खाते तक पहुंच सकते हैं।

क्या करें:

- केवाईसी अपडेट के लिए किसी भी अनुरोध को प्राप्त करने पर, सीधे अपने बैंक या वित्तीय संस्थान से सत्यापन या सहायता के लिए संपर्क करें।
- बैंक या वित्तीय संस्थान का संपर्क नंबर या ग्राहक सेवा फोन नंबर केवल उसकी आधिकारिक वेबसाइट या स्रोतों से प्राप्त करें।
- किसी भी साइबर धोखाधड़ी की घटना में तुरंत अपने बैंक या वित्तीय संस्थान को सूचित करें।
- विवरण अपडेट करने के लिए उपलब्ध मोड या विकल्पों के बारे में अपनी बैंक शाखा से पूछें।

क्या न करें:

- खाता लॉगिन क्रेडेंशियल, कार्ड की जानकारी, पिन, पासवर्ड या ओटीपी किसी के साथ शेयर न करें।
- किसी अनजान व्यक्ति या संस्था को अपने केवाईसी दस्तावेजों की कॉपी देने से बचें।
- किसी भी असत्यापित या अनधिकृत वेबसाइट या ऐप पर अपनी कोई भी संवेदनशील डेटा या जानकारी न दें।
- मोबाइल संदेशों या ईमेल में प्राप्त संदिग्ध या असत्यापित लिंक पर क्लिक न करें।

निज्जर हत्या मामले में कनाडा में चौथा भारतीय नागरिक गिरफ्तार

खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

वाशिंगटन/ओटावा, एजेंसी

- अमनदीप सिंह (22) पर हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप
- अलगाववादी समूहों की मौजूदगी पर भारत जताता रहा है आपत्ति

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा के अधिकारियों ने एक और भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। दोनों देशों के संबंधों में तनाव की वजह बने इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिकों की संख्या चार हो गई है। कनाडा के सरे निवासी अमनदीप सिंह (22) पर हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप लगाए गए हैं। निज्जर (45) की 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरु नानक सिख गुरुद्वारे के बाहर हत्या कर दी गई थी।

कनाडाई पुलिस की इंटीग्रेटेड होमिसाइड इंवेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) ने बताया कि निज्जर की हत्या में सिंह की भूमिका के लिए उसे 11 मई को गिरफ्तार किया गया। वह एक अन्य मामले में पील क्षेत्रीय पुलिस की हिरासत में था। आईएचआईटी के प्रभारी अधिकारी मनदीप मूकर ने कहा कि यह गिरफ्तारी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भूमिका निभाने वालों को जिम्मेदार ठहराने के लिए जारी हमारी जांच की प्रकृति को दर्शाती है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि आईएचआईटी ने सबूत एकत्रित किए और अमनदीप सिंह पर हत्या और हत्या की साजिश के आरोपों के समर्थन में पर्याप्त सूचना प्राप्त की। जांचकर्ताओं ने कहा कि जांच जारी रहने और अदालती प्रक्रियाओं के कारण इस मामले में गिरफ्तारी की और कोई जानकारी नहीं दी जा सकती है।

निज्जर की हत्या में पहले ही तीन लोग हो चुके गिरफ्तार

आईएचआईटी के जांचकर्ताओं ने इस मामले में तीन भारतीय नागरिकों - करण बराड़ (22), कमलप्रीत सिंह (22) और करणप्रीत सिंह (28) को तीन मई को गिरफ्तार किया था। ये तीनों आरोपी एडमॉन्टन के रहने वाले हैं और उन पर हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पिछले साल सितंबर में निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोप लगाए थे जिसके बाद से भारत और कनाडा के बीच रिश्तों में तनाव है। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताकर खारिज किया है। कनाडा में सिख अलगाववादी समूहों की मौजूदगी पर भारत लंबे समय से आपत्ति जताता रहा है। उसने निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। जयशंकर ने बृहस्पतिवार को एक विशेष साक्षात्कार में कहा था कि भारत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान और पालन करता है, लेकिन इसका मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाने, अलगाववाद को समर्थन देने या हिंसा की वकालत करने वाले तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देने की स्वतंत्रता नहीं है।

गोली चलाने वाले दो लोगों में से एक अमनदीप

मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र के हवाले से ग्लोबल न्यूज ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि निज्जर पर गोली चलाने वाले दो हथियारबंद लोगों में से एक अमनदीप सिंह था। इसके बाद हमलावरों को एक कार से फरार होते हुए देखा गया। सूत्र ने बताया कि अपने सह-आरोपी की तरह सिंह अस्थायी वीजा पर कनाडा पहुंचा और वह हिंसक अपराध में कथित तौर पर शामिल रहा। उसने बताया कि चारों हमलावर का बिश्नोई गिरोह से संबंध होने का संदेह है। सिंह उन पांच लोगों में से एक है जिन पर तीन नवंबर, 2023 को पील पुलिस स्पेशलाइज्ड एन्फोर्समेंट ब्यूरो द्वारा ब्रैम्पटन में हथियारों और नशीली दवाओं के अपराध का आरोप लगाया गया था।

चीन के साथ शेष मुद्दों के समाधान की उम्मीद : जयशंकर

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख सैन्य गतिरोध के पांचवें वर्ष में प्रवेश करने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत, चीन के साथ शेष मुद्दों के समाधान की उम्मीद करता है। इस बात पर जोर दिया कि सामान्य द्विपक्षीय संबंधों की वापसी सीमा पर शांति पर निर्भर करती है। जयशंकर ने कहा कि बाकी मुद्दे मुख्य रूप से गश्ती अधिकार और गश्ती क्षमता से संबंधित हैं।

विशेष रूप से यह पूछे जाने पर कि न्यूजवीक पत्रिका को पिछले माह दिये साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में विवाद के समाधान की उम्मीद कब तक की जा सकती है, जयशंकर ने कहा कि उन्होंने (मोदी ने) इस मामले पर केवल एक व्यापक दृष्टिकोण साझा किया है। उन्होंने कहा हमें उम्मीद है कि बचे हुए मुद्दों का समाधान हो जाएगा। ये मुद्दे मुख्य रूप से वहां गश्त करने के अधिकार और गश्त करने की क्षमताओं से संबंधित हैं।

उन्होंने कहा मैं इसे प्रधानमंत्री के साक्षात्कार से नहीं जोड़ूंगा। मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री एक बड़ी तस्वीर वाला दृष्टिकोण पेश कर रहे थे और उनका यह दृष्टिकोण बहुत ही उचित था, क्योंकि आखिरकार हर देश अपने पड़ोसी के साथ अच्छे संबंध चाहता है।

पीओके में झड़प, डीएसपी की मौत, 100 लोग घायल

पीओके में प्रदर्शन करते लोग। ● एजेंसी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के कब्जे (पीओके) वाले कश्मीर में गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं।

डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, विवादित क्षेत्र में शनिवार को पुलिस एवं अधिकार आंदोलन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं और पूरे इलाके में चक्का जाम कर दिया गया और दुकानें बंद रखी गयी। मीरपुर के एसएसपी कामरान अली ने डॉन डॉट कॉम को बताया कि पुलिस उप निरीक्षक अदनान कुरैशी की इस्लामगढ़ शहर में सीने में गोली लगने से मौत हो गयी। कुरैशी वहां अन्य पुलिसकर्मियों के साथ कोटली और पुंछ जिला होते हुए मुजफ्फराबाद जा रही एक रैली को रोकने के लिए तैनात थे। उन्होंने बताया कि यह रैली जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के बैनर तले निकाली गयी थी।

हड़ताल के बीच पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि मुजफ्फराबाद एवं पुंछ संभाग पूरी तरह बंद रहा। स्थानीय सरकार ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिसकर्मियों को बुलाया है। एसएसपी यासीन बेग ने कहा कि कम से कम एक पुलिस अधिकारी और एक युवा लड़का घायल हो गए।

अमृतसर में मदर्स डे पर हिंदू देवी महा मरियम्मन (शीतला माता) के सम्मान में निकाले गए जुलूस के दौरान एक भक्त अपनी नंगी पीठ पर रस्सियों से बंधी कार खींचता हुआ। ● एजेंसी

छत्तीसगढ़ में पुलिसकर्मी ने खुद को मारी गोली, घायल

रायगढ़, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के जूटमिल थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी ने रविवार दोपहर खुद को गोली मार ली। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे रायपुर रेफर किया गया है। शहर के चांदमारी मोहल्ले में रविवार दोपहर करीब 12 बजे उस वक्त सनसनी फैल गई, जब जूटमिल थाने के आरक्षक सनी मालाकार के घर से गोली चलने की आवाज आई।

सनी के पिता त्रिलोचन मालाकार भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सेवारत हैं और वह बाजार गए थे। गोली मारने की सूचना मिलते ही पुलिस कप्तान दिव्यांग पटेल मातहत अफसरों के साथ मेट्रो हॉस्पिटल पहुंचे। पुलिस सूत्रों के अनुसार सनी के घर से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें उसने घरेलू कलह से आत्मघाती कदम उठाना लिखा है।

छत्तीसगढ़ में नाबालिग ने लाइव आत्महत्या की

सूरजपुर। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में रविवार को लाइव सुसाइड का एक वीडियो सामने आया है जिसमे एक नाबालिग लड़के ने फांसी लगाकर अपनी मौत को गले लगा लिया। इसका लाइव वीडियो मृतक ने खुद बनाया जो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। अभी तक आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है।

भारत के कई राज्यों में 16 तक हो सकती बारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

बारिश में जाता व्यक्ति। ● एजेंसी

- उत्तर प्रदेश और राजस्थान में चलेंगी तेज हवाएं

पूर्वी, मध्य, दक्षिण प्रायद्वीपीय और उत्तर पश्चिम भारत में अगले तीन से चार दिनों तक आंधी, तूफान और तेज हवाओं के साथ बारिश होने का अनुमान है। मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को कहा कि उत्तर पश्चिम भारत में 16 मई से पुनः लू चल सकती है। अगले तीन से चार दिनों तक उत्तर पश्चिम भारत में व्यापक रूप से छिटपुट हल्की बारिश होने का अनुमान है।

विभाग ने कहा कि जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गरज, बिजली और हवाओं के साथ व्यापक रूप से वर्षा होने का अनुमान है, और इसके बाद 13 और 14 मई को अलग-अलग गतिविधि के साथ इसमें कमी आएगी। 12 मई को हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश में और राजस्थान में 13 से 16 मई, के दौरान गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश और दक्षिण राजस्थान के मैदानी इलाकों में तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है।

बरी होने के बाद जुलूस निकालने पर 36 लोगों पर मामला दर्ज

ठाणे। जिले में निषेधाज्ञा के बीच एक मामले में अपनी रिहाई का जश्न मनाने के लिए जुलूस निकालने पर पुलिस ने एक व्यक्ति सहित 36 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। व्यक्ति के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामला दर्ज था।

एक विशेष अदालत ने 7 मई को पर्याप्त सबूतों के अभाव में उस व्यक्ति को बरी कर दिया। भिवंडी शहर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि 8 मई को इस व्यक्ति के जेल से बाहर आने के बाद उसके समर्थकों ने ठाणे जिले के भिवंडी इलाके में नवी वस्ती में एक जुलूस निकाला। जुलूस में भाग लेने वालों ने कथित तौर पर क्षेत्र में लागू निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने धमकी भरे नारों के साथ जुलूस के कुछ वीडियो भी सोशल मीडिया में जारी किए।

दिल्ली में पीयूसीसी उल्लंघन के एक लाख मामले दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- पिछले साल दर्ज किए गए मामलों की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक

दिल्ली यातायात पुलिस ने रविवार को कहा कि 2024 के पहले चार महीनों में प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) उल्लंघन के कुल 101,164 मामले दर्ज किए गए। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि यह पिछले साल दर्ज किए गए मामलों की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है।

पिछले साल एक जनवरी से 30 अप्रैल के बीच इसी अवधि के दौरान 78,169 चालान किए गए थे। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने मॉडल टाउन, करोल बाग, नजफगढ़, द्वारका, पंजाबी बाग और तिलक नगर समेत शीर्ष दस ट्रैफिक सर्किल का व्यापक विश्लेषण किया है, जहां 2024 में सबसे ज्यादा चालान जारी किए गए। अधिकारी ने कहा कि पीयूसीसी उल्लंघन में बढ़ोतरी से शहर में वाहनों से होने वाले प्रदूषण की लगातार चुनौती का पता चलता है। यह वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर की वजह मानी जाती है। अधिकारी ने कहा कि इस विस्तृत जांच में उन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है जहां इस तरह के यातायात उल्लंघन अधिक होते हैं। इन क्षेत्रों की पहचान करके, यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने के लिए लक्षित प्रवर्तन उपायों को लागू किया जा सकता है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि उनका उद्देश्य पीयूसीसी नियमों की कड़ाई से निगरानी और कार्यान्वयन करके वाहन चालकों के बीच उत्सर्जन मानकों के अनुपालन की संस्कृति विकसित करना है।

बॉलीवुड हलचल

संजय दत्त पर फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग पूरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त पर आधारित फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग पूरी हो गयी है। द वर्जिन ट्री की शूटिंग मुंबई और पुणे में हुई है। सिद्धांत कुमार सचदेव द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक हॉरर कॉमेडी है।फिल्म में काम करने के अनुभव के बारे में नवनीत मलिक ने कहा, संजय दत्त के जवानी के दिनों को पर्दे पर उतारना मेरे लिए अविश्वसनीय यात्रा रही है। रणबीर कपूर के बाद संजय दत्त की भूमिका को निभाना मेरे लिए बड़ा सम्मान है। नवनीत मलिक ने कहा कि संजय के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है। वह न सिर्फ एक अद्भुत अभिनेता हैं, बल्कि एक अद्भुत इंसान भी हैं। शूटिंग का अनुभव शानदार था।

प्रियंका चोपड़ा ने भंसाली की वेबसीरीज की तारीफ की

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने संजय लीला भंसाली की वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार की तारीफ की है। वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, फरदीन खान और शेखर सुमम जैसे कलाकार शामिल हैं।

विक्की कौशल ने छावा की शूटिंग पूरी की

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने अपनी आने वाली फिल्म छावा की शूटिंग पूरी कर ली है। छावा का रैपअप हो गया है, जिसकी जानकारी विक्की कौशल ने सोशल मीडिया पर दी है। विक्की ने इंस्टाग्राम पर एक क्लिप शेयर किया है, जिसमें झमाझम बारिश होती दिखाई दे रही है। बारिश वाले क्लिप के साथ विक्की कौशल ने एक इमोशनल पोस्ट भी लिखा है। वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा कि छावा की शूटिंग अविश्वसनीय रूप से भावुक और ड्रामाटिक जर्नी बिना कुछ ड्रामा के खत्म नहीं हो सकती थी।

यमन में हौती विद्रोहियों व सरकारी सेना के बीच संघर्ष में 10 की मौत

अदन। यमन के मध्य प्रांत मारिब में अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार से जुड़ी संयुक्त यमनी सेना और हौती लड़ाकों के बीच हुई भीषण झड़प में 10 लोग मारे गए। यह जानकारी शिन्हुआ ने एक सैन्य अधिकारी के हवाले से रविवार को दी।

सैन्य सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि तेल समृद्ध शाबवा प्रांत से सटे रणनीतिक शहर मारिब के दक्षिण में हरीब मोर्चे पर रविवार रात जायंट्स ब्रिगेड, संयुक्त सरकार समर्थक बल और हौती लड़ाकों के बीच भीषण टकराव हुआ। मारिब लंबे समय तक यमनी संघर्ष में प्राथमिक युद्ध मैदान रहा है क्योंकि हौती विद्रोहियों ने 2021 की शुरुआत में ऊर्जा संपन्न मारिब प्रांत पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त करने के उद्देश्य से बड़ा आक्रमण शुरू किया था। सरकार द्वारा नियंत्रित मारिब शहर महान राजनीतिक, सैन्य और आर्थिक महत्व रखता है।